22 दिसंबर, 2024
पौष, कृष्ण पक्ष, सप्तमी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
रविवार, वर्ष 10, अंक 64




### वित्त मंत्री ने पांच साल के लिए जीएसटी मुआवजा उपकर बढ़ाने की मांग की

# पांच साल में 3156 करोड़ रुपये घटी मुआवजा राशिः राधाकृष्ण

- झारखंड के वित्त मंत्री ने जीएसटी काउंसिल की बैठक में रखी बात
- कहा, 2019-20 में 12302.67 करोड़ मिले थे, वहीं 2023-24 में 9,145.26 करोड़ रुपये मिले


बैठक में वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर और झारखंड वाणिज्य कर आयुक्त अमित कुमार।

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जैसलमेर/रांची।** झारखंड के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने केंद्र सरकार से जीएसटी मुआवजा उपकर को पांच वर्षों के लिए बढ़ाये जाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि राज्य को वर्ष 2019-20 में 12302.67 करोड़ मिले थे। साल दर साल यह राशि घटती गयी। वर्ष 2023-24 में 3156 करोड़ रुपये घट कर केवल 9145.26 करोड़ रुपये मिले। उन्होंने कहा है कि वर्ष 2017 से 2022 तक झारखंड ने मुआवजा कर के रूप में 41 हजार करोड़ रुपये का योगदान दिया है। राज्य को केंद्र सरकार द्वारा करीब 14 हजार करोड़ रुपये मुआवजे के रूप में प्राप्त हुआ है। केंद्र को 2023-24 में 2.18 लाख करोड़ रुपये प्राप्त हुए, जिसमें झारखंड का योगदान 34.734 करोड़ रुपये है। इस प्रकार जीएसटी में झारखंड के योगदान के अनुरूप मुआवजा राशि नहीं मिलती है। अतः मैं मांग करता हूं कि जीएसटी से झारखंड को मिलने वाली राशि की अवधि अगले पांच वर्षों तक बढ़ायी जाये।

झारखंड के वित्त मंत्री शनिवार को राजस्थान के जैसलमेर में आयोजित जीएसटी काउंसिल की 55वीं बैठक में बोल रहे थे। इससे पहले शुक्रवार को राधाकृष्ण किशोर ने प्री-बजट बैठक में केंद्र सरकार पर झारखंड के 1.36 लाख करोड़ रुपये के बकाया भुगतान की मांग उठायी थी। वहीं, शनिवार को जीएसटी काउंसिल की बैठक में उन्होंने मुआवजा उपकर को अगले पांच साल तक बढ़ाने की मांग के अलावा अन्य बातों को रखा।

वित्त मंत्री ने बताया कि वर्ष 2019-20 में 12302.67 करोड़ रुपये, 2020-21 में 11993.41, 2021-22 में 10666.85, 2022-23 में 10893.54, 2023-24 में 9,145.26 और 2024-25 में नवंबर तक केवल 4,642.30 करोड़ रुपये मिले हैं। उन्होंने कहा कि विगत पांच वर्षों में केंद्रीय अनुदान की राशि में कमी आती गयी है, इसे पूर्व की तरह बढ़ाने की जरूरत है।

#### झारखंड के मंत्री ने कहा

- वरिष्ठ नागरिकों के अतिरिक्त पांच लाख रुपये तक के स्वास्थ्य बीमा के लिए भुगतान किये गये प्रीमियम पर जीएसटी से छूट देने का प्रस्ताव है। मेरा सुझाव है कि गैर वरिष्ठ नागरिकों के लिए भी स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम पर लगने वाले 18% जीएसटी को घटा कर 5% किया जाना चाहिए।
- झारखंड एक छोटा विनिर्माता राज्य है। माल और सेवा कर प्रणाली के क्रियान्वयन से इसके आंतरिक राजस्व संग्रहण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। झारखंड खनिज संपदाओं के खनन में अग्रणी है। राज्य में उत्पादित औद्योगिक उत्पादन एवं खनिजों का अधिकांशतः अंतर्राज्यीय आपूर्ति होता है। वैट अवधि में अंतर्राज्यीय आपूर्ति पर राज्य को सीएमटी के रूप में राजस्व संग्रहण की प्राप्ति होती है। परंतु जीएसटी के संरचनात्मक परिवर्तन के कारण अंतर्राज्यीय आपूर्ति पर राजस्व की प्राप्ति शून्य हो गयी है। वैट में चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर 16% था, जबकि जीएसटी में यह गिर कर 10% हो गया है।
- ज्ञात हो कि मुआवजा उपकर (कंपनसेशन शेष) जुलाई 2022 से समाप्त हो गया है। वर्तमान में इसकी अवधि 31 मार्च 2026 तक बढ़ायी गयी है। वित्तीय वर्ष 2022-2023 एवं 2023-2024 में प्रोजेक्टेड रेवन्यू के अनुसार केंद्र सरकार द्वारा मुआवजे का भुगतान होने से राज्य को क्रमशः लगभग 4339 करोड़ एवं 5808 करोड़ रुपये के अतिरिक्त राजस्व की प्राप्ति होती। अतः मेरा अग्रह होगा कि 31 मार्च 2026 के बाद भी खासकर विनिर्माता राज्यों के लिए मुआवजा उपकर को अगले पांच वर्षों के लिए बढ़ाने की कृपा करें।
- वित्तीय वर्ष 2022-2023 के जून 2022 तक केंद्र सरकार के पास लगभग 559.81 करोड़ रुपये की राशि बकाया थी, जिसमें वर्तमान वित्तीय वर्ष में मात्र 35.74 करोड़ रुपये मुआवजा मद से प्राप्त हुए हैं। अनुरोध है कि शेष 524.07 करोड़ बकाया राशि शीघ्र उपलब्ध कराने की कृपा की जाये।

# अब पुरानी कार खरीदने पर देना होगा 18% जीएसटी




**जैसलमेर।** जैसलमेर में शनिवार को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में जीएसटी काउंसिल की 55वीं बैठक हुई। इसमें इलेक्ट्रिक वाहन समेत पुराने वाहनों पर जीएसीटी दर को 12% से बढ़ाकर 18% करने पर सहमति बन गयी है। यानी अब पुरानी कार खरीदने पर 18% की दर से जीएसटी का भुगतान करना होगा। इससे पुरानी गाड़ी खरीदना महंगा हो जायेगा। इसके अलावा बैठक में स्वास्थ्य और आवधिक बीमा पर फिलहाल जीएसटी कम नहीं होगा। जीवन बीमा और स्वास्थ्य बीमा पर जीएसटी कम करने के प्रस्ताव को अगली बैठक के लिए टाल दिया गया है। बैठक में आवधिक बीमा, जीवन बीमा और स्वास्थ्य बीमा पर टैक्स कम करने का प्रस्ताव राज्यों के विरोध के चलते टल गया है।

#### न्यूज रील्स

### दिल्ली शराब घोटाला
### केजरीवाल के खिलाफ केस चलेगा

**नयी दिल्ली।** दिल्ली के उपराज्यपाल (एलजी) वीके सक्सेना ने शनिवार को प्रवर्तन निदेशालय (इडी) को शराब नीति मामले में अरविंद केजरीवाल के खिलाफ केस चलाने की इजाजत दे दी। इडी ने पांच दिसंबर को एलजी से केजरीवाल के खिलाफ ट्रायल चलाने की अनुमति मांगी थी। पूर्व मुख्यमंत्री के खिलाफ इडी ने इस साल मार्च में पीएमएलए के तहत केस दर्ज किया था। 21 मार्च को चार घंटे की पूछताछ के बाद केजरीवाल को गिरफ्तार किया गया था।

# पूर्वोत्तर में अब उग्रवाद खत्मः अमित शाह

- गृह मंत्री पूर्वोत्तर परिषद के 72वें आरंभिक सत्र में हुए शामिल

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**अगरतला।** गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि पूर्वोत्तर में अब उग्रवाद खत्म हो गया है। इसलिए लोगों को जल्दी न्याय दिलाने के लिए पुलिस का दृष्टिकोण बदलने का वक्त आ गया है। हमें एफआइआर दर्ज होने से तीन साल के अंदर न्याय दिलाने की जरूरत है। शाह त्रिपुरा की राजधानी अगरतला में पूर्वोत्तर परिषद (एनइसी) के 72वें आरंभिक सत्र में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री



नरेंद्र मोदी ने 10 साल में 20 शांति समझौतों पर हस्ताक्षर कर पूर्वोत्तर में शांति लायी है। इस दौरान नौ हजार उग्रवादियों ने हथियार डाले हैं। केंद्र ने पूर्वोत्तर में रेलवे पर 81 हजार करोड़ रुपये और सड़क नेटवर्क पर 41 हजार करोड़ रुपये खर्च किये हैं।

इस अवसर पर पूर्वोत्तर विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के साथ-साथ पूर्वोत्तर के सभी आठ राज्यों के राज्यपाल, मुख्यमंत्री और वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे। 2008 के बाद यह दूसरी बार है, जब अगरतला में यह आरंभिक सत्र हो रहा है। एनइसी पूर्वोत्तर के आर्थिक और सामाजिक विकास के लिए नोडल एजेंसी है। इसमें अरुणाचल प्रदेश, असम, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, सिक्किम और त्रिपुरा शामिल हैं।

# नाबालिग से छेड़खानी के आरोप में जेएलकेएम नेता गिरफ्तार

- तोरपा से लड़ा था विस चुनाव

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**खूंटी।** खूंटी जिले के जरियागढ़ थाना क्षेत्र में एक नाबालिग छात्रा से छेड़छाड़ करने का मामला सामने आया है। आरोपी की पहचान जेएलकेएम नेता लक्ष्मण पाहन के रूप में हुई है। आरोपी ने तोरपा सीट से झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 में जयराम महतो की पार्टी से चुनाव लड़ा था। पीड़िता ने परिजनों के




साथ थाने में शिकायत दर्ज करायी है। इसके बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पीड़िता ने बताया कि विरोध करने पर आरोपी उसे धमकाने का भी प्रयास करता था। पीड़िता ने बताया कि आरोपी लक्ष्मण पाहन उसे तीन साल से परेशान कर रहा था। जब वह 11 साल की थी, तभी से वह उसके साथ छेड़छाड़ करता आ रहा था। परिजनों को पता चलने के बाद उन्होंने पीड़िता को उसकी नानी घर भेज दिया। इसके बाद भी आरोपी वहां जा कर उसे परेशान करता था। परिजनों के सख्ती से समझाने के बाद कुछ दिन तक उसने परेशान करना बंद कर दिया था, लेकिन फिर दो साल बाद रांची आकर पीड़िता से छेड़छाड़ करने लगा। पीड़िता ने बताया कि आरोपी ने उसे प्रलोभन देते हुए कहा कि वह उसके साथ शादी करेगा और दोनों दिल्ली चले जायेंगे। पीड़िता ने इस बारे में अपने परिजनों को बताया। इसके बाद परिजनों ने इसकी शिकायत जरियागढ़ थाना में दर्ज करायी, जिसके बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थाना प्रभारी राजू कुमार ने बताया कि आरोपी ने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया है।

# हेमंत सोरेन ने तिरुपति बालाजी के दर्शन किये

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शनिवार को अपनी पत्नी सह विधायक कल्पना सोरेन के साथ विश्व प्रसिद्ध तिरुपति बालाजी का दर्शन किया। इसकी तस्वीर सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए उन्होंने लिखा है : तिरुपति की पावन धरती में विश्व प्रसिद्ध तिरुपति बालाजी और श्री पद्मावती अम्मावरी मंदिर में पूजा-अर्चना कर राज्यवासियों की सुख, शांति, समृद्धि और स्वस्थ जीवन की कामना की। ॐ नमो नारायणाय ॐ नमो वेंकटेशाय।



# कुवैत पहुंचे पीएम मोदी, कथकली नृत्य से स्वागत

- आग में जान गंवानेवाले मजदूरों के कैंप गये

**एजेंसी**

**कुवैत सिटी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को दो दिवसीय दौरे पर कुवैत पहुंचे। किसी भारतीय प्रधानमंत्री का 43 साल बाद ये कुवैत दौरा है। मोदी से पहले 1981 में प्रधानमंत्री रहते इंदिरा गांधी ने कुवैत का दौरा किया था। मोदी का एयरपोर्ट पर रेड कार्पेट स्वागत हुआ। भारतीय मूल के लोगों ने प्रधानमंत्री के लिए कथकली नृत्य किया। इसके बाद पीएम कुवैत सिटी पहुंचे, जहां अरबी भाषा में लिखी और प्रकाशित 'रामायण' और 'महाभारत' के प्रकाशक अब्दुल



लतीफ अलनेसेफ और अनुवादक अब्दुल्ला बैरन से मुलाकात की। उन्होंने पीएम मोदी को अरबी भाषा में लिखी 'रामायण' और 'महाभारत' भेंट की। इसके बाद प्रधानमंत्री ने भारतीय मजदूरों के कैंप का दौरा किया। दरअसल, इसी साल 12 जून को कुवैत में मजदूरों के एक कैंप में आग लग गयी थी, जिसमें 50 लोगों की जलकर मौत हो गयी थी। इनमें 45 भारतीय थे। प्रधानमंत्री ने 'हाला मोदी' कार्यक्रम में पांच हजार भारतीय मूल के लोगों को संबोधित किया। कुवैत में भारतीय समुदाय के करीब 10 लाख लोग रहते हैं। यह वहां रहने वाले विदेशी लोगों में सबसे ज्यादा हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने गल्फ कप फुटबॉल के उद्घाटन समारोह में भी बतौर मुख्य अतिथि हिस्सा लिया। प्रधानंत्री को रविवार को कुवैत के बायन पैलेस में गार्ड ऑफ ऑनर से सम्मानित किया जायेगा। इसके बाद वे कुवैत के अमीर शेख और क्राउन प्रिंस के साथ अलग-अलग बैठकें करेंगे। द्विपक्षीय बैठक में दोनों देशों के बीच स्थानीय मुद्रा में कारोबार पर भी चर्चा हो सकती है।









# रांची की सड़कों पर ट्रैफिक चालान का आतंक

## ■ यातायात नियंत्रण नहीं, जुर्माना वसूली रह गया है ट्रैफिक पुलिस का उद्देश्य

## ■ बिजली बिल और लगान वसूली पर ध्यान नहीं, केवल फाइन पर है फोकस

**झारखंड की राजधानी रांची की सड़कों पर इन दिनों एक अदृश्य आतंक फैला हुआ है। यह आतंक है ट्रैफिक चालान का। राजधानी के हर प्रमुख चौक-चौराहों पर लगे यातायात नियंत्रण कैमरे से यह चालान काटा जा रहा है। जो लोग वाहन चलाते समय यातायात नियमों का उल्लंघन करते हैं, उन्हें चालान काटे जाने की सूचना मोबाइल पर दी जाती है और जुर्माना अदा करने का नोटिस भेजा जाता है। यह अभियान इतनी तेजी से चल रहा है कि रांची की सड़कों पर वाहन चलानेवाला हर दूसरा व्यक्ति किसी न किसी नियम के उल्लंघन में पकड़ा जा चुका है और उसका चालान कट चुका है। सबसे दिलचस्प यह है कि यह चालान कैसे और कहां कट रहा है, इसकी जानकारी वाहन चालकों को नहीं हो रही है। उन्हें इसका पता तब चलता है, जब उनके मोबाइल पर इसका मैसेज आता है। इस पूरे प्रकरण में सबसे अहम बात यह है कि यह अभियान केवल रांची में चल रहा है, यानी ओरमांझी या कांके में ट्रैफिक चालान का कोई डर नहीं है। एक और दिलचस्प बात यह है कि आम लोगों को केवल ट्रैफिक के मामले में ही नियम पालन के लिए कहा जा रहा है, बिजली बिल या जमीन लगान की वसूली के लिए कहीं कोई सुगबुगाहट नहीं है। लोग अब कहने लगे हैं कि यह सिस्टम केवल लोगों को परेशान करने के लिए है। यातायात नियंत्रण की दिशा में पुलिस कभी सक्रिय नहीं होती है, लेकिन जुर्माना वसूलने के लिए हमेशा तैयार बैठी रहती है। रांची की सड़कों पर पसरे इस ट्रैफिक चालान के आतंक की पृष्ठभूमि में सिस्टम की मनमानी का क्या हो रहा है असर, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष



राकेश सिंह

**बात** शुरू करने से पहले दो कहानियां आपको सुनाते हैं। पहली कहानी ओरमांझी के रहनेवाले अशोक भगत की है, जो हर दिन अपने घर से सैनिक बाजार स्थित एक प्रतिष्ठान में काम करने अपनी बाइक से आते हैं। तीन दिन पहले उन्होंने अपने मोबाइल पर एक मैसेज देखा, जिसमें कहा गया था कि उन्होंने पिछले एक महीने में आठ बार ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन किया है और उन्हें कुल 17 हजार रुपये का जुर्माना भरना है। अशोक भगत आश्चर्य में पड़ गये। वेबसाइट पर जाकर देखा, तो अधिकांश चालान गति सीमा के उल्लंघन का था। दो चालान पीछे बैठनेवाली सवारी के हेलमेट नहीं पहनने के कारण काटा गया था।

दूसरी कहानी रांची के कोकर में रहनेवाले कपिलदेव सिंह की है। वह दिहाड़ी का काम करते हैं और किराये के मकान में रहते हैं। हर महीने नियमित रूप से किराया देते हैं, लेकिन पिछले चार महीने से उनके पास बिजली बिल नहीं आया है। वह बिजली ऑफिस का चक्कर लगा कर थक चुके हैं। अधिकारियों से कह चुके हैं कि एक साथ यदि चार महीने का बिल आयेगा, तो वह कहां से जमा करेंगे। वह बिल जमा करने के लिए तैयार हैं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

ये दो कहानियां यह बताने के लिए काफी हैं कि झारखंड का सिस्टम कैसे काम कर रहा है। अधिकारी राजस्व वसूली पर फोकस कर रहे हैं, लेकिन जहां से उन्हें मोटा राजस्व मिल सकता है, उधर उनका ध्यान नहीं है। अब ट्रैफिक पुलिस की ही बात कर लें। यदि आप रांची के किसी भी इलाके में वाहन लेकर जा रहे हैं, तो सावधान हो जायें। आप चाहे नजदीक में जा रहे हैं या दूर तक सफर कर रहे हैं, यातायात का एक भी नियम तोड़ा, तो चंद मिनट में आपका इ-चालान कट जायेगा। दूसरे शब्दों में कहा जाये, तो रांची की सड़कों पर इन दिनों ट्रैफिक चालान का आतंक पसरा हुआ है। इसके जाल में कब कहां और कौन फंसेगा, कहा नहीं जा सकता। पिछले एक महीने में रांची में करीब सवा लाख चालान कट चुके हैं और लोगों पर एक करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया जा चुका है। यह जुर्माना दोपहिया वाहन की पिछली सीट पर बैठी सवारी के हेलमेट नहीं पहनने, चारपहिया वाहनों की सामने की सीट पर बैठे यात्रियों द्वारा सीट बेल्ट नहीं लगाने, रेड लाइट जंप करने, गति सीमा के उल्लंघन और गलत दिशा से वाहन चलाने समेत अन्य अपराधों के लिए लगाये गये हैं। सीट बेल्ट और रेड लाइट जंप का चालान ऑफलाइन काटा जा रहा है। अधिकारी दावा करते हैं कि रांची के सभी इलाकों में स्वचालित यातायात नियंत्रण प्रणाली कार्यरत है। इसके जरिये हर प्रकार के वाहन पर नजर रखी जा रही है।



ट्रैफिक नियमों का पालन करना बेहद जरूरी है, लेकिन इन दिनों नियम पालन के नाम पर रांची की सड़कों पर जो कुछ हो रहा है, उससे लोग परेशान हो गये हैं। लोगों को समझ में नहीं आ रहा है कि वे किस नियम का पालन करें। रांची की किसी भी सड़क पर कहीं भी गति सीमा की जानकारी देनेवाला वोर्ड नहीं है। ट्रैफिक सिग्नल वाले चौक-चौराहों पर जेब्रा क्रॉसिंग और वाहनों के रुकने का संकेतक कई जगहों पर मिट चुका है। ये ट्रैफिक लाइट कब ठीक रहती हैं और कब खराब, इसका भी पता नहीं रहता। पार्किंग कहां करनी है, इसकी कोई जगह तय नहीं है। ऐसे में लोग नहीं चाहते हुए भी नियम का उल्लंघन कर जाते हैं और बाद में जुर्माना भरने के लिए परेशान होते रहते हैं।

### शुरू हो गयी सियासत

अब इस मसले पर राजनीति भी तेज हो गयी है। झारखंड बीजेपी का कहना है कि राजधानी के विशेष इलाकों में चालान काटा जा रहा है, वहीं तुष्टिकरण के तहत कुछ खास इलाकों में ट्रैफिक नियमों को तोड़ने वालों का न कोई चालान काटा जाता है और न ही फाइन किया जाता है। उधर कांग्रेस ने कहा है कि भाजपा के जो नेता चैंबर में बैठ कर राजनीति करते हैं, वही इस तरह के आरोप लगाते हैं। झामुमो ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट और हाइकोर्ट के दिये निर्णयों में और ट्रैफिक नियमों में यह प्रावधान है कि जो लोग यातायात नियमों का पालन नहीं करेंगे, उनको दंडित किया जाये। भाजपा के नेताओं की आदत नियम कानून नहीं मानने की है। इसलिए भाजपा के नेता अनर्गल प्रलाप कर रहे हैं।

### लोग हो रहे हैं परेशान

इस पूरे प्रकरण में सबसे खास बात यह है कि कोई भी सिस्टम आम लोगों की सुविधा-सहूलियत को ध्यान में रख कर बनाया जाता है। रांची की यातायात व्यवस्था को चाक-चौबंद बनाना बेहद जरूरी है, लेकिन यदि यह व्यवस्था आम लोगों के लिए परेशानी का कारण बन जाये, तो उससे फायदा नहीं, नुकसान होता है। रांची में बिना किसी जागरूकता और व्यवस्था के सीधे चालान काटने की व्यवस्था लागू कर देने से लोग परेशान हो रहे हैं। लोग सवाल उठा रहे हैं कि नियम-कानून केवल रांची के लिए क्यों है। दूसरे शहरों में तो ऐसी कोई व्यवस्था नहीं है। दूसरा सवाल यह उठता है कि ट्रैफिक पुलिस आम लोगों का तो चालान काटती है, लेकिन ट्रैफिक जाम लगने पर गायब हो जाती है। इसलिए पहले लोगों को जागरूक बनाया जाये, फिर इस तरह की व्यवस्था लागू हो, तो बात समझ में आती है। जहां तक राजस्व वसूली की बात है, तो प्रशासन को बिजली बिल, लगान, होल्डिंग टैक्स और अन्य टैक्स वसूलने के लिए अभियान चलाना चाहिए, लेकिन ऐसा नहीं हो रहा है। लोग बिजली बिल देने के लिए तैयार हैं, लेकिन उन्हें बिल ही नहीं मिल रहा है। कई लोग जमीन का लगान देने के लिए तैयार हैं, लेकिन वेबसाइट ही काम नहीं कर रही है। ऐसे में वे अलग परेशानी झेल रहे हैं।

इसलिए अब सरकरार को इस तरफ ध्यान देना चाहिए।

---

# व्यवसायी प्रिंस राज श्रीवास्तव पर जानलेवा हमला

## व्यवसाय जगत में मचा हड़कंप, पूरी घटना का वीडियो कैमरे में हुआ कैद

**राजधानी रांची में बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में थे अपराधी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** शुक्रवार देर रात हिनू निवासी रांची के बड़े व्यवसायी प्रिंस राज श्रीवास्तव पर अपराधियों ने जानलेवा हमला किया। घटना बीती रात 10:50 बजे की है, जिसमें प्रिंस राज श्रीवास्तव कडरू स्थित स्काइलाइन टावर से अपने हिनू आवास के लिए निकल रहे थे, जैसे ही प्रिंस अपनी गाड़ी में बैठे वैसे ही घात लगाये 4 अपराधियों ने प्रिंस की गाड़ी को घेर लिया। गाड़ी घेर कर इन अपराधियों ने दरवाजा खोलने का प्रयास किया।



ऐसे में प्रिंस राज श्रीवास्तव सतर्क हो गये, अपराधियों ने दो बार जबरदस्ती गाड़ी का दरवाजा खोलने का प्रयास किया, जिसमें से एक बार एक अपराधी ने प्रिंस के चेहरे पर हमला भी किया। उनके हाथों में धारदार हथियार और चाकू देख प्रिंस वापस अपनी गाड़ी में बैठ गये, जिसके बाद प्रिंस वहां से अपने आवास के लिए निकल गये। चार अपराधियों ने 2 वाहनों से प्रिंस राज श्रीवास्तव का पीछा किया और कडरू पुल में प्रिंस की गाड़ी को रुकवाने का प्रयास किया। किसी तरह प्रिंस अपनी जान बचा कर डोरंडा थाना पहुंचे। ये देख कर अपराधी वहां से फरार हो गये।

इससे पूर्व जब प्रिंस वहां से निकले तभी रास्ते में अपराधियों ने उनकी कार पर भारी पत्थर से हमला किया, जिससे उनकी कार क्षतिग्रस्त हो गयी।

इस घटना की सभी तस्वीरें कार में लगे कैमरे में कैद हुई हैं। मामले की जानकारी डोरंडा थाने में लिखित में दी गयी है लेकिन देर शाम तक एफआइआर दर्ज नहीं हुई है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार रांची पुलिस का डोरंडा थाना और अरगोड़ा थाना के क्षेत्र के मामले को लेकर केस फंसा हुआ है। प्रिंस राज श्रीवास्तव ने रांची पुलिस से अपील की है कि इन अपराधियों को जल्द से जल्द पकड़ कर कानूनी कार्रवाई की जाये।

# पैनम कोल माइंस के खिलाफ पीआइएल पर खनन विभाग ने नहीं किया जवाब दाखिल, हाइकोर्ट नाराज

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पैनम कोल माइंस द्वारा अवैध खनन किये जाने की सीबीआइ जांच और विस्थापितों के पुनर्वास की मांग को लेकर दाखिल जनहित याचिका पर झारखंड हाइकोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान हाइकोर्ट ने जवाब दाखिल नहीं करने से नाराज होकर 6 जनवरी को मामले की सुनवाई का निर्देश दिया है। अदालत ने कहा है कि उस दिन तक अगर जवाब दाखिल नहीं होता तो अदालत आदेश पारित कर देगा।




**पैनम माइंस पर लीज से ज्यादा खनन करने का आरोप :** दरअसल पैनम माइंस नाम की कंपनी को वर्ष 2015 में सरकार ने पाकुड़ और दुमका जिले में कोयला खनन का लीज दिया था। लेकिन उस पर यह आरोप है कि उसने लीज से ज्यादा खनन किया, जिससे सरकार को करोड़ों रुपये के राजस्व का नुकसान हुआ है। इस संबंध में हाइकोर्ट के अधिवक्ता राम सुभग सिंह ने हाइकोर्ट में जनहित याचिका दाखिल की है, जिस पर अदालत ने राज्य सरकार और खनन विभाग के आला अधिकारियों को कई बार जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। लेकिन सरकार और विभाग की ओर से अब तक कोई जवाब नहीं आया। हाइकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद और जस्टिस नवनीत कुमार की बेंच इस जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही है।

# फायर ब्रिगेड की गाड़ी गंगा में डूबी, ड्राइवर लापता



**साहिबगंज (आजाद सिपाही)। साहिबगंज जिले में एक दमकल की गाड़ी गंगा में पानी भरने के लिए गयी थी, इसी दौरान डूब गयी। गाड़ी का चालक भी लापता है। घटना राजमहल अनुमंडल स्थित गंगा तट पर शनिवार सुबह की है। मिली जानकारी के अनुसार राधा नगर में तैनात अग्निशमन वाहन के चालक अरुण कुमार बैक करके गंगा तट पर पहुंचे थे। इसी दौरान मिट्टी धंस गयी और दमकल वाहन गंगा में समा गया। वाहन के चालक अरुण कुमार बाहर नहीं निकल सके। घटना की सूचना मिलते ही राजमहल एसडीओ कपिल कुमार, एसडीपीओ विमलेश त्रिपाठी, सीओ यूसुफ शेख, अग्निशमन पदाधिकारी मनोज कुमार शुक्ला गंगा तट पर पहुंचे। तत्काल गोताखोर को बुलाया गया। गोताखोर गंगा में उतरे और नदी में समाये दमकल वाहन के लापता चालक की खोजबीन में जुट गये हैं।**

# सर्वस्पर्शी, सर्वव्यापी, सर्व समावेशी भाजपा बनाना संगठन पर्व का लक्ष्य : राकेश प्रसाद

## आज से सभी शक्ति केंद्र पर प्रदेश भाजपा करेगी संगठन पर्व का शुभारंभ

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रदेश भाजपा रविवार से विधिवत रूप से संगठन महापर्व का शुभारंभ करेगी। संगठन महापर्व का लक्ष्य सर्वस्पर्शी, सर्वव्यापी और सर्वसमावेशी भाजपा का निर्माण है। उक्त बातें शनिवार को भाजपा संगठन महापर्व के प्रदेश संयोजक राकेश प्रसाद ने कहीं।




राकेश प्रसाद ने कहा कि यह संगठन महापर्व सदस्यता अभियान के लिए आयोजित है। 22 दिसंबर के कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर पार्टी ने प्रदेश, जिला एवं मंडल स्तर की कार्यशालाओं का आयोजन किया। इसमें ऑनलाइन सदस्यता की तकनीकी जानकारी कार्यकर्ताओं को दी गयी। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन सदस्यता का नंबर 8800002024 है। जिस पर डायल करके भाजपा की सदस्यता ग्रहण की जा सकती है। उन्होंने कहा कि यह संगठन महापर्व छह वर्षों 2024 से 2030 तक के लिए आयोजित है। उन्होंने कहा कि झारखंड भाजपा की उर्वरा भूमि है। पार्टी का गांव-गांव तक मजबूत जनाधार है। भाजपा ने ही अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में अलग राज्य का सपना साकार किया है। भाजपा की सरकार ने राज्य के सर्वांगीण विकास में कोई कसर नहीं छोड़ी है। आज भाजपा की केंद्र सरकार पिछले 10 वर्षों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में झारखंड के सर्वांगीण विकास के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाओं को लागू कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा लोकतंत्र की मजबूती और गरीब कल्याण के लिए समर्पित है। सबका साथ सबका विकास पार्टी की नीति है लेकिन तुष्टिकरण की राजनीति का पार्टी लगातार विरोध करती रही है। उन्होंने कहा कि पार्टी के इस महा अभियान में युवा, महिला, एसटी, एससी, अल्पसंख्यक, किसान, पिछड़ा सभी मोर्चों के जरिये अपने-अपने क्षेत्र में सदस्यता अभियान की शुरूआत की जायेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा को लोकसभा चुनाव में 84 लाख से ज्यादा जबकि विधानसभा चुनाव में 59 लाख से ज्यादा मत प्राप्त हुए हैं। भाजपा के कार्यकर्ता गांव-गांव, घर-घर जाकर लाखों की संख्या में जनता को भाजपा की सदस्यता ग्रहण करायेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ता रविवार को प्रदेश में स्थित 5628 केंद्रों पर उपस्थित होकर लोगों को ऑनलाइन सदस्यता दिलायेंगे। उन्होंने बताया कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी गिरिडीह जिलांतर्गत तेलवाना पंचायत के खोरों गांव में सदस्यता अभियान का शुभारंभ करेंगे।

कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रविंद्र कुमार राय गिरिडीह जिला के पचंबा शक्ति केंद्र पर, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह रांची के हरमू स्थित शक्ति केंद्र पर केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी कोडरमा प्रखंड के चाराडीह शक्ति केंद्र पर, केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ चुटिया, रांची स्थित ऑक्सफोर्ड स्कूल पर, प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू ओरमांझी स्थित कूचू शक्ति केंद्र पर, प्रदेश महामंत्री एवं सांसद डॉ प्रदीप वर्मा टाटी पूर्वी शक्ति केंद्र पर, महामंत्री मनोज सिंह मेदिनीनगर स्थित सदर मंडल के बारालोटा उत्तरी शक्ति केंद्र पर संगठन महापर्व में शामिल होंगे।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
198000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 27.6 °c | 12.8 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.07 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.25 बजे |

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 22 दिसंबर, 2024
www.azadsipahi.in


# ड्राइविंग लाइसेंस निर्गत करने में आम जनों को परेशानी नहीं हो: दीपक बिरुआ

**लक्ष्य पूर्ण करने में असमर्थ पदाधिकारी के विरुद्ध होगी कार्रवाई : दीपक बिरुआ**

**सड़क सुरक्षा के नियमों का अनुपालन नहीं करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करें**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** लर्नर लाइसेंस एवं ड्राइविंग लाइसेंस निर्गत कराये जाने में आम जनों को अनावश्यक परेशानी नहीं हो। पदाधिकारी प्रत्येक दिन आम जनता से मुलाकात करें एवं उनकी परेशानियों को यथाशीघ्र निष्पादित करने की दिशा में कार्य करें। उपरोक्त बातें मंत्री दीपक बिरुआ ने कहीं। शनिवार को मंत्री ने परिवहन विभाग के राजस्व संग्रहण एवं कार्यों की समीक्षात्मक बैठक में पदाधिकारियों को निर्देश दिये।

मंत्री ने कहा कि राजस्व संग्रहण के वार्षिक लक्ष्य को चार महीने में पूर्ण किया जाना अनिवार्य है। पदाधिकारी अपनी जिम्मेवारी को समझें। लक्ष्य पूर्ण करने में असमर्थ पदाधिकारी के विरुद्ध समुचित कार्यवाही की जायेगी। समीक्षा के क्रम में मंत्री द्वारा टैक्स, परमिट तथा वाहनों के रजिस्ट्रेशन की काफी कमी पायी गयी, जिस हेतु निर्देश दिया गया कि गत माह में सभी प्रकार के अनिर्णय कार्यों को यथा शीघ्र निष्पादन किया जाये। सभी पदाधिकारी को वाहनों के भौतिक निरीक्षण करने हेतु निर्देशित किया गया। मंत्री के द्वारा चिरकुंडा, धनबाद में चल रहे चेक पोस्ट की भांति अन्य जिलों में चेकपोस्ट चालू किये जाने हेतु निर्देश दिया गया।

बढ़ती सड़क दुर्घटना पर रोक यातायात नियमों के पालन से ही संभव है। सड़क सुरक्षा के नियमों का अनुपालन नहीं करने वालों पर कार्रवाई किये जाने के लिए एसवीडी/ एएनपीआर/ सीसीटीवी कैमरा राज्य भर में अधिष्ठापित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। मंत्री ने निर्देश दिया कि नये वर्ष के आगमन तथा ठंड बढ़ने के कारण घने कोहरे में होने वाले सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाये जाने हेतु सघन जांच अभियान चलायें एवं हेलमेट तथा सीट बेल्ट पहनने से संबंधित जागरूकता अभियान चलायें।

मंत्री ने ग्राम गाड़ी योजना के तहत चलने वाले वाहनों का भौतिक निरीक्षण कर यात्रियों के आवाजाही हेतु सुविधा की जांच करने एवं गुड प्रैक्टिस को सामने लाने का निर्देश दिया। उन्होंने ग्राम गाड़ी में वाहनों के लक्ष्य की प्राप्ति शत प्रतिशत किये जाने से संबंधित कार्यवाही करने का आदेश दिया।

बैठक में सचिव परिवहन विभाग, कृपानंद झा, संयुक्त सचिव, संगीता लाल, संयुक्त परिवहन आयुक्त, प्रवीण कुमार, उपसचिव, मनोज कुमार, अवर सचिव, इरशाद आलम, अवर सचिव, राजकिशोर कुमार, सभी जिला परिवहन प्राधिकार-सह-सचिव एवं सभी जिला परिवहन पदाधिकारी उपस्थित थे।

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं के लिए 'आभार समागम' का आयोजन

## अमित शाह ने देश के संविधान निर्माता का अपमान किया

**अमित शाह के इस्तीफे की उठी मांग**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से शनिवार को आभार समागम बैठक का आयोजन हुआ। इसमें कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया गया। इस कार्यक्रम में प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर, प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, मंत्री दीपिका पांडेय सिंह, इरफान अंसारी, सुबोधकांत सहाय, अंबा प्रसाद सहित पार्टी के वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक में नेताओं ने कहा कि इंटरनेशनल एजेंसी ने अडानी को लेकर सनसनीखेज टिप्पणियां की हैं। राहुल गांधी ने सदन में इसे लेकर आवाज उठायी, तो उनका विरोध किया गया।



### राहुल गांधी को बदनाम करने की कोशिश

कांग्रेस नेताओं ने यह भी कहा कि जब अमित शाह अंबेडकर का अपमान करने पर जवाब नहीं दे पाये, तो बीजेपी ने राहुल गांधी को बदनाम करने की कोशिश की। उन्होंने यह आरोप भी लगाया कि बीजेपी के सबसे बड़े नेता लालकृष्ण आडवाणी के आइसीयू में भर्ती होने पर भी बीजेपी का कोई नेता उनके पास नहीं गया।

**संविधान के प्रति बीजेपी की नफरत उजागर :** नेताओं ने बीजेपी के गृहमंत्री अमित शाह पर भी गंभीर आरोप लगाये। उन्होंने कहा कि अमित शाह ने देश के संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर का अपमान किया, जो देश के संविधान के प्रति बीजेपी की नफरत को उजागर करता है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि ऐसे व्यक्ति को गृहमंत्री बनने का कोई अधिकार नहीं है, क्योंकि उन्हें संविधान पर भरोसा नहीं है। उन्होंने सवाल उठाया कि अगर गृहमंत्री संविधान का सम्मान नहीं करते, तो 140 करोड़ भारतीय उनसे इंसाफ की उम्मीद कैसे कर सकते हैं।

**संविधान बचाने और गृहमंत्री के इस्तीफे की मांग :** नेताओं ने यह स्पष्ट किया कि यह जंग संविधान बचाने और गृहमंत्री अमित शाह के इस्तीफे की है। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन इस मिशन को आगे भी जारी रखेगा और बीजेपी के असंवैधानिक कार्यों के खिलाफ संघर्ष करेगा।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** रोजी-रोजगार में लाभकारी वातावरण रहेगा, भागीदारों में व्याप्त मनमुटाव का निराकरण होगा।

**वृष** कारोबार में उन्नति होने की संभावना, नवीन कार्य की योजना सफल होगी।

**मिथुन** कहीं से शुभ फल प्राप्त होगा, आर्थिक पक्ष सुदृढ़ बनेगा, मित्रों से सहायता मिलेगी व किसी विशेष इच्छा पूरी होगी।

**कर्क** शत्रु प्रबल होकर हावी होंगे,खर्च पर नियंत्रण रखें अन्यथा कर्ज लेने की नौबत आ सकती है।

**सिंह** राजकीय कार्यों में सफलता मिलेगी, पद-प्रतिष्ठा की प्राप्ति होगी, यात्रा में धन लाभ का योग बन रहा है।

**कन्या** प्रयास व उत्साह से सभी कार्य पूरे होंगे, मेहमानों का आगमन होगा व आप उनकी आवभगत में व्यस्त रहेंगे।

**तुला** सम्पति सम्बन्धी मामलों का निपटारा आपके पक्ष में होगा,कहीं से शुभ समाचार मिलेगा।

**वृश्चिक** नये-नये लोगों से सम्पर्क बनेगा, यश, कीर्ति व मान-सम्मान में बढ़ोत्तरी होगी, वाणिज्य-व्यवसाय में लाभ होगी।

**धनु** आमदनी के स्रोत बढ़ेंगे,नौकर-चाकर, वाहन व भौतिक ऐश्वर्य के साधनों में वृद्धि होगी।

**मकर** अकस्मात धन लाभ होने की संभावना, आशानुसार कार्यों में सफलता मिलेगी।

**कुंभ** सरकारी नौकरी करने वालों के पद-प्रतिष्ठा की प्राप्ति होगी,गृह-भूमि-वाहन का सुख।

**मीन** लम्बित कार्य निपटाने में व्यस्तता रहेगी, नौकरी में पदोन्नति के अवसर भी मिल सकता है ।

# राज्य सरकार ने युवाओं के भविष्य के साथ किया खिलवाड़ : विजय चौरसिया

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता विजय चौरसिया ने सरकार पर प्रश्न उठाते हुए कहा कि यदि झारखंड सरकार को क्षेत्र के युवाओं की चिंता है तो वो बगैर देर किये सीजीएल का केस सीबीआइ को सौंप दें। उन्होंने शनिवार को एक बयान में कहा कि अब राज्य सरकार की एसआइटी भी कह रही है कि सीजीएल में घोर अनियमितता और मनमानी बरती गयी है। सुनियोजित तरीके से राज्य के युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया गया है। उन्होंने कहा कि अब इससे ज्यादा गड़बड़झाला क्या हो सकता है कि अभ्यर्थी ही परीक्षा प्रश्न पत्र का सेंटर हो। उन्होंने कहा कि आश्चर्य है कि राज्य के हजारों युवाओं द्वारा बार-बार सचेत करने के बाद भी यह सरकार सोती रही। युवाओं के भविष्य को लेकर कुछ न सोचा बल्कि अपने बेनकाब होते लोगों को बचाने में लगी रही। उन्होंने कहा कि सरकार को अविलंब यह केस सीबीआइ के हवाले कर देना चाहिए।

# 15 अगस्त 2025 तक निर्माण कार्य पूरा करें : अजय नाथ झा

## आदिवासी कल्याण आयुक्त ने छात्रावास निर्माण, डीएवी आवासीय विद्यालय का निरीक्षण किया

**आवासीय विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं की सुविधाओं का रखें विशेष ख्याल**



### समय पर निर्माण कार्य पूरा करें

आदिवासी कल्याण आयुक्त अजय नाथ झा ने निरीक्षण के दौरान रांची में बन रहे पिछड़ी जाति बालिका आवासीय विद्यालय के छात्रावास निर्माण कार्य हरहाल में 15 अगस्त 2025 तक पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जल्द से जल्द बालिकाओं को नये छात्रावास में शिफ़्ट किया जा सके। इस निमित्त निर्माण कार्य शीघ्र पूरा करें। उन्होंने कहा कि बालिका सुरक्षा के लिए छात्रवास निर्माण कार्य के दौरान महिला होम गार्ड की तैनाती करें। कार्य की गुणवत्ता में कोई कोताही न बरती जाये। उन्होंने कहा कि रांची प्रोजेक्ट डायरेक्टर के पास आवंटन उपलब्ध है।

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** आदिवासी कल्याण आयुक्त अजय नाथ झा ने शनिवार को रांची के पिछड़ी जाति बालिका आवासीय विद्यालय के छात्रावास निर्माण के कार्य, बुंडू में कल्याण गुरुकुल की महिला प्रशिक्षुओं को दी जा रही प्रशिक्षण एवं बुंडू में बिरसा मुंडा डीएवी आवासीय विद्यालय का निरीक्षण किया। आदिवासी कल्याण आयुक्त अजय नाथ झा ने अध्ययनरत छात्रों को दी जाने वाली भोजन की शुद्धता एवं गुणवत्ता का जायजा लिया। उन्होंने भंडार गृह का निरीक्षण करते हुए खाद्य सामग्री की गुणवत्ता की जांच की। उन्होंने उपस्थित शिक्षकों को निर्देश दिया कि बच्चों की पढ़ाई, विद्यालय परिसर की सफाई एवं बच्चों को मिलने वाली सुविधा में कोई कोताही न बरतें। एसटी, एससी बच्चे अपने घरों से निकलकर अच्छी शिक्षा प्राप्त करने आवासीय विद्यालयों में रहकर पढ़ाई कर रहे हैं इसलिए बच्चों को अच्छी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध करायें। साथ ही बच्चों को यहां पर किसी भी प्रकार की तकलीफ न हो इसका विशेष ध्यान रखें। ज्ञातव्य है कि अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के मंत्री चमरा लिंडा ने कल्याण के आदिवासी कल्याण आयुक्त सहित क्षेत्रीय अधिकारियों को शुक्रवार एवं शनिवार के दिन क्षेत्र में रहने और विभाग की योजनाएं, आवासीय विद्यालय और छात्रावासों का स्वयं निरीक्षण करनेक निर्देश दिया है।

आदिवासी कल्याण आयुक्त अजय नाथ झा ने कहा कि प्रेझा फाउंडेशन के बुंडू कल्याण गुरुकुल का प्रशिक्षण, अनुशासन और साफ-सफाई अनुकरणीय है। इस संस्थान में प्रशिक्षण लेने वाले महिला प्रशिक्षुओं में सीखने की ललक है। मौके पर आदिवासी कल्याण आयुक्त ने निर्देश दिया कि आगामी 5 जनवरी को विद्यालय खुलते ही बुंडू स्थित बिरसा मुंडा डीएवी आवासीय विद्यालय में भोजन, छात्रावास की साफ सफाई एवं विद्यालय संचालन के समय-सारणी में सुधार को लेकर आदेश का सख्ती से अनुपालन करें। मौके पर रांची आइटीडीए के प्रोजेक्ट डायरेक्टर संजय कुमार भगत उपस्थित थे।

# प्रभु यीशु के परोपकार को आत्मसात करें : प्रो गोपाल पाठक

**एसबीयू में क्रिसमस पर कार्यक्रम का आयोजन**




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सरला बिरला विश्वविद्यालय के नर्सिंग विभाग द्वारा क्रिसमस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एसबीयू के महानिदेशक प्रो गोपाल पाठक ने प्रभु यीशु के परोपकार के सिद्धांतों को जीवन में आत्मसात करने का आह्वान किया। दुनिया भर के कई राष्ट्रों के बीच चल रहे परस्पर संघर्षों की चर्चा करते हुए उन्होंने इस दिशा में ईसा मसीह के शांति के उपदेशों से सभी को सीख लेने की सलाह दी। 'धन' और 'धर्म' के बीच के फर्क को स्पष्ट करते हुए उन्होंने धर्म की महत्ता को श्रेष्ठ करार दिया। मानव जीवन में क्षमा की शक्ति को उन्होंने आवश्यक बताया। अपने संबोधन में नर्सिंग विभाग की प्राचार्या डॉ सुभानी बाड़ा ने क्रिसमस पर्व और प्रभु ईसा मसीह के जन्म के विषय में विस्तार से बताया। साथ ही प्रभु द्वारा मानव कल्याण के निमित्त किये गये कार्यों और उनके उपदेशों पर चर्चा की। संस्थान के प्रशासक आशुतोष द्विवेदी ने प्रभु ईसा को करुणा और दया का प्रतीक बताया। मानव जाति के समग्र उत्थान के लिए प्रभु के आशीर्वचनों और प्रयासों का उन्होंने जिक्र किया। डीन डॉ नीलिमा पाठक ने प्रभु यीशु के दया और करुणा के उपदेशों को सभी के लिए अनुकरणीय बताया। प्रभु के संदेशों पर उन्होंने विस्तार से रौशनी डाली। इस अवसर पर संस्थान के छात्रों द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक और रंगारंग कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये गये। कार्यक्रम का संचालन नर्सिंग विभाग की छात्रा सरीन खलखो और गरिमा पांडेय एवं धन्यवाद संबोधन विभाग की उपप्राचार्या मिनाल श्वेता ने किया। कार्यक्रम के अवसर पर विश्वविद्यालय के छात्र, शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित हुए। विश्वविद्यालय के प्रतिकुलाधिपति बिजय कुमार दलान और सांसद डॉ प्रदीप कुमार वर्मा ने क्रिसमस के अवसर पर अपनी शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

# राजधानी में क्रिसमस का बाजार सजा, लोग कर रहे हैं खरीदारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची में क्रिसमस को लेकर हर चौक-चौराहे पर दुकानें सज गयी हैं। क्रिसमस पर्व को लेकर मसीही समुदाय के लोग इसकी तैयारियों में जुट गये हैं। क्रिसमस की थीम पर सजी दुकानों में विभिन्न सजावटी सामग्रियां उपलब्ध हैं, जो त्योहार की खुशियों को दोगुनी कर रही हैं। खरीददार अपने घर और आंगन को सजाने संवारने के लिए बाजारों में खरीदारी करने पहुंच रहे हैं। नये परिधानों की भी खरीददारी हो रही है। क्रिसमस में सबसे अधिक मांग झालरों, सैंटा, स्टार, चरनी और क्रिसमस ट्री की हो रही है।

क्रिसमस बाजार मेन रोड, अपरबाजार, चर्च रोड, कोकर, लालपुर, कांटाटोली, धुर्वा, डोरंडा, बहुबाजार सहित अन्य क्षेत्रों में लगा है।

सर्जना चौक स्थित मेन रोड के दुकानदार विक्की ने शनिवार को बताया कि पिछले साल लगभग एक लाख से अधिक का माल लेकर आया था। मेरी दुकान काफी पुरानी है। लगभग तीन साल से मैं क्रिसमस का सामान बेच रहा हूं। पिछले साल काफी बिक्री हुई थी। इस साल भी कई चुनिंदा आइटम लेकर आया हूं। आशा करता हूं कि इस बर्ष भी अच्छी बिक्री होगी। क्रिसमस को लेकर बिक्री शुरू हो गयी है। जेवियर कॉलेज के समीप दुकानदार अजय तिर्की ने शनिवार को बताया कि क्रिसमस की बिक्री शुरू हो गयी है। लोग सामानों की खरीदारी कर रहे हैं। दुकान में विभिन्न डिजाइन के संता क्लॉज, चरनी सेट, स्टार, बच्चों के ड्रेस, इलेक्ट्रिकल डेकोरेशन आइटम, एक्समस ट्री जैसे सामान मौजूद हैं।

उल्लेखनीय है कि रांची और आसपास के इलाकों में इसाई समुदाय के लोग काफी संख्या में निवास करते हैं।



### क्रिसमस के समान और दाम

- क्रिसमस ट्री- 500-1500 रुपये।
- गिफ्ट आइटम -18 से 120 रुपये।
- बॉल-20-120 रुपये।
- चश्मा-500-800 रुपये।
- हेयर बैंड- 70-80 रुपये।
- पेपर स्टार 200- 250 रुपये।
- प्लास्टिक स्टार- 300 - 500 रुपये।
- झालर पैकेट- 300 रुपये।
- टोपी-20-200 रुपये।
- खिलौना -50 - 500 रुपये।
- चरनी -30 - 100 रुपये।
- चॉकलेट- 5 - 150 रुपये।
- क्रिसमस बेल - 20- 260 रुपये।
- मीत -500-800 रुपये।

# रांची सिविल कोर्ट का डीआइजी ने किया निरीक्षण




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** डीआइजी अनूप बिरथरे ने शनिवार को रांची सिविल कोर्ट का औचक निरीक्षण किया। डीआइजी दोपहर में अचानक सिविल कोर्ट पहुंचे और सुरक्षा इंतजामों का मुआयना करने लगे। जैसे ही कोर्ट सुरक्षा प्रभारी और दूसरे पुलिसकर्मियों को इसकी सूचना मिली, वैसे ही वे फौरन डीआइजी के पास पहुंचे। अपने निरीक्षण के दौरान डीआइजी ने कोर्ट रूम से लेकर सिविल कोर्ट के बाहरी सरंचना का भी जायजा लिया। सुरक्षा में तैनात पुलिस कर्मियों को बुलाकर उनसे हर चीज की जानकारी ली। सिविल कोर्ट में तैनात सुरक्षा कर्मियों को जो सुरक्षा उपकरण उपलब्ध करवाये गये हैं, उनकी जांच भी डीआइजी के द्वारा की गयी। इस दौरान सुरक्षा को लेकर कई खामियां डीआइजी ने पकड़ी है, जिसे दूर करने का निर्देश दिया गया है। गौरतलब है कि झारखंड के सभी जिलों में कोर्ट परिसर और जजों के आवासीय परिसर की सुरक्षा की समीक्षा डीजीपी अनुराग गुप्ता ने की थी। इस दौरान डीजीपी ने रेंज डीआइजी स्तर के अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी रेंज डीआइजी अपने-अपने क्षेत्राधिकार के जिलों में जितने भी व्यवहार न्यायालय, आवासीय परिसर व न्यायाधीश हैं, उन सभी की मॉनटरिंग करेंगे। साथ ही उन सभी की सुरक्षा से संबंधित समेकित प्रतिवेदन पुलिस मुख्यालय को उपलब्ध करायेंगे। इसी कड़ी में रांची रेंज के डीआइजी अनूप बिरथरे ने पहले चरण में रांची सिविल कोर्ट का मुआयना किया।

# कल्याण मंत्री हफीजुल ने हैदराबादी जायका नेक्स्ट का किया उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** कल्याण मंत्री हफीजुल हसन अंसारी ने शनिवार को बड़गाईं मोड़ बरियातू रोड में हैदराबादी जायका नेक्स्ट का उद्घाटन किया। उन्होंने हैदराबादी खाने का जायका भी उठाया। मंत्री ने कहा कि हैदराबादी खाने का जवाब ही नहीं है, बहुत उम्दा है। हैदराबादी जायका नेक्स्ट हैदराबाद के मसाले किसी भी व्यंजन के टेस्ट में चार-चांद लगा देते हैं। वेज हो या नॉनवेज हैदराबादी जायका नेक्स्ट जब कुछ खास डिश बनाते हैं तो लोग खूब पसंद करते हैं। संचालक साहिल शेख व जमील अख्तर ने कहा कि हमारे यहां होम डिलीवरी की भी सुविधा है। रांचीवासी स्विगी व जोमैटो से भी ऑर्डर कर खाना मंगा सकते हैं। मौके पर जेएमएम रांची जिला अध्यक्ष मुस्ताक आलम, जिला अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष फरीद खान, परवेज गुड्डू, पूर्व पार्षद हुस्ना आरा, शाकिर अंसारी, ओजिल अहमद, इस्माइल अंसारी, मुदस्सर नजर, वसीम अंसारी, शेख अली अख्तर, इमरान आदि शामिल थे।

## पेटीएम कस्टमर केयर अधिकारी बन कैश बैक का झांसा देते थे

# ठगी करने वाले छह साइबर अपराधी गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**देवघर।** देवघर एसपी अजीत पीटर डुंगडुंग के निर्देश पर जिले के साइबर थाना की पुलिस ने पेटीएम कस्टमर केयर अधिकारी बन कैश बैक का झांसा देकर ठगी करने वाले छह साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इन सभी साइबर अपराधियों को पथरड्डा ओपी क्षेत्र के सुरा गांव के पास गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार साइबर अपराधियों में 24 वर्षीय विकास दास, 25 वर्षीय जीतेंद्र कुमार दास, 25 वर्षीय मुकेश कुमार शर्मा, 25 वर्षीय प्रदीप दास, 32 वर्षीय शेखर कुमार दास और 19 वर्षीय सरोज कुमार दास का नाम शामिल है। पुलिस ने इन साइबर अपराध के अभियुक्तों के पास से 9 मोबाइल फोन, 11 सिम कार्ड और 5 प्रतिबिंब सिम बरामद किया है। इस संबंध में देवघर पुलिस के मीडिया सेल द्वारा मिली जानकारी के अनुसार इस मामले में गिरफ्तार सभी साइबर अपराधियों के द्वारा फोन गिफ्ट क्रिएट करवाकर उसे रिडीम कर ठगी की वारदात को अंजाम दिया जाता था।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
194000 Subscribers
YouTube Channel
Channel
Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 22 दिसंबर, 2024
www.azadsipahi.in


# संत गेब्रियल एंड मोनिका स्कूल में क्रिसमस गैदरिंग का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** संत गेब्रियल एंड मोनिका स्कूल, एडलहातू, मोरहाबादी, रांची में क्रिसमस गैदरिंग का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूर्व वित्त मंत्री और विधायक डॉ रामेश्वर उरांव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत प्रार्थना से हुई, जिसके बाद फादर दीपक किंडो ने चरनी की आशीष की। क्रिसमस का संदेश देते हुए फादर दीपक किंडो ने कहा कि क्रिसमस अपने साथ दूसरों के साथ खुशी बांटने का संदेश लेकर आता है। यह खुशी स्थायी होती है। यह समय परिवार कुटुंब के साथ मेल मिलाप करने का है। मिलकर खुशी मनाने का है। पूर्व मंत्री रामेश्वर उरांव ने अपने क्रिसमस संदेश में कहा कि परमेश्वर का आगमन होने वाला है। हमें इसकी तैयारी करनी चाहिए। यीशु का धरती पर आगमन पापों से छुटकारा दिलाने के लिए होगा। उन्होंने कहा कि यह पर्व हमें सिखाता है कि परिस्थिति कैसी भी हो सत्य और ईमानदारी सहित भाईचारे के साथ चलना चाहिए। इस अवसर पर, प्राइवेट स्कूल एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार दुबे ने कहा कि क्रिसमस का पर्व प्रभु ईसा मसीह का जीवन प्रेम करुणा और सेवा का संदेश देता है। स्कूल की प्रिंसिपल डॉ सुषमा केरकेट्टा ने अपने धन्यवाद ज्ञापन संबोधन में कहा कि यह आनंद का समय है। क्रिसमस आनंद लेकर आता है। इस आनंद को अपनों के बीच बांटना चाहिए। कार्यक्रम में बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये और क्रिसमस के संदेश को साझा किया। नर्सरी के बच्चों ने सामूहिक रूप से मेरी क्रिसमस और जिंगल बेल्स के गीतों पर नृत्य किया।

वहीं सीनियर बच्चों ने चरनी उपरे का तारा टिमटिम चमकेला..... साल में एक बार... ठंडी हवा चली रे .. चल प्यारे यीशु के साथ.. सोनए कमल..,नये साल के आगमन, ... आवा आवा भाई मने आवा ...तू ही ज्योति है..तू ही मार्ग है..जैसे यीशु जन्म के गीत गये। साथ ही बच्चों ने यीशु के जन्म पर एक ड्रामा भी पेश किया। इस मौके पर स्कूल की शिक्षक शिक्षिकाएं और बच्चों के पेरेंट्स भी मौजूद थे। कार्यक्रम के दौरान कैरोल की गूंज रही। स्कूल के बच्चों ने जमकर मस्ती किये फैंसी ड्रेस में बच्चे स्कूल पहुंचे थे। वहीं कुछ बच्चे संता क्लॉज के ड्रेस पहनकर आये और क्रिसमस गीत पर जमकर झूमे।

# दो दिवसीय संग्रहालय प्रतिभा परख में प्रतिभागी सम्मानित किये गये



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** दो दिवसीय संग्रहालय प्रतिभा परख कार्यक्रम शनिवार को राज्य संग्रहालय, होटवार,रांची के प्रांगण में बड़े धूमधाम से संपन्न हो गया। इसमें डांस, पेंटिंग आदि प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें प्रतिभागी बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इसमें वाइबीएन विश्वविद्यालय, रांची के इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट के छात्राओं को रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम और पंचम स्थान मिला वहीं बीएड कॉलेज को द्वितीय और चतुर्थ स्थान प्राप्त हुआ। निबंध प्रतियोगिता में टीसीएन को चतुर्थ स्थान और फोक डांस में टीसीएन को द्वितीय स्थान के साथ ही बीएड कॉलेज को सांस्कृतिक कार्यक्रम में तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। वहीं पेंटिंग प्रतियोगिता में बीएड कॉलेज के विद्यार्थी को पांचवां स्थान प्राप्त हुआ। इस कार्यक्रम में मोहम्मद आशिफ इकराम, निर्देशक कला एवं संस्कृति विभाग, झारखंड सरकार के हाथों विद्यार्थियों के बीच पुरस्कार वितरण हुआ। इसके साथ ही एनएसएस के नोडल ऑफिसर इंजीनियर कौशल किशोर एवं अन्य गणमान्य लोग इस कार्यक्रम में उपस्थित थे।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में वार्षिक क्रीड़ा महोत्सव 2024 का समापन समारोह



रांची (आजाद सिपाही)। सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, धुर्वा, रांची में वार्षिक क्रीड़ा महोत्सव 2024 का समापन समारोह भव्य रूप से संपन्न हुआ। इस अवसर पर प्रो. (डॉ.) क्षितिज भूषण दास, कुलपति, झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय, रांची ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की, जबकि संजय सहाय, अध्यक्ष, जेएससीए, रांची विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस दो दिवसीय महोत्सव में 62 इवेंट्स का आयोजन किया गया, जिसमें 1000 से अधिक छात्रों ने भाग लिया। विजेताओं को मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि और अन्य गणमान्य अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। समारोह में खेलों के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये गये। प्रो. दास ने अपने संबोधन में कहा कि सरस्वती शिशु विद्या मंदिर का वातावरण उत्तम है और छात्रों ने अच्छी तैयारी कर सुंदर कार्यक्रम प्रस्तुत किया है। उन्होंने विद्या भारती के विद्यालयों के लक्ष्य को रेखांकित किया, जो छात्रों के संपूर्ण व्यक्तित्व का विकास करना है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रतियोगिता में जीत या हार से अधिक महत्वपूर्ण है प्रतियोगिता में भाग लेना। उन्होंने आगे कहा कि खेल-कूद हमें टीम भावना, नेतृत्व क्षमता एवं अनुशासन के विकास में सहायक होता है। अपने राज्य झारखंड में खेल की असीम संभावना है। झारखंड भूमि की अति लोकप्रिय नृत्य नागपुरी का भाव विभोर कर देने वाली प्रस्तुति माध्यमिक खंड के छात्रों द्वारा हुई, जिसमें झारखंड की मिट्टी की सुगंध, वनों की हरियाली एवं प्रकृति की छटा की मनोहारी झलक दर्शकों को मिली। इस अवसर पर, बिरसा सदन को ओवरऑल चैंपियनशिप का पुरस्कार प्रदान किया गया, जबकि माधव सदन और कल्पना चावला सदन को क्रमशः द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। समापन समारोह के अवसर पर आभार ज्ञापन एस वेंकट रमन, कोषाध्यक्ष, शिशु विकास मंदिर समिति ने किया। अंत में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के साथ समापन समारोह का यह कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर ब्रह्मा जी राव, अखिल भारतीय मंत्री, विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान, राष्ट्रीय सेवा भारती के न्यासी गुरु चरण प्रसाद, विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष शक्तिनाथ लाल दास, मंत्री अखिलेश्वर सहित अन्य मौजूद थे।

## आर्च बिशप से मिल कर सुबोधकांत सहाय ने दी क्रिसमस की शुभकामनाएं



रांची (आजाद सिपाही)। पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय ने आर्च बिशप विंसेंट आइंद सहित कई बिशप से भेंट कर उन्हें क्रिसमस की शुभकामनाएं दीं। सुबोध कांत सहाय आर्च बिशप हाउस पहुंचे। जहां आर्च बिशप विंसेंट आइंद से मिले और उन्हें फूलों का गुलदस्ता व केक देकर क्रिसमस एवं नये वर्ष की शुभकामनाएं दी। बिशप आइंद ने उपस्थित सभी को केक खिलाकर क्रिसमस की खुशियां साझा की। उन्होंने राज्य और यहां के लोगों की खुशहाली के लिए ईश्वर से प्रार्थना भी की। श्री सहाय कांटाटोली स्थित एजी चर्च के पास्टर जॉन और सीएनआइ चर्च के बिशप बी बास्के से भी मिलकर उन्हें फूलों का गुलदस्ता और केक भेंट कर क्रिसमस तथा नववर्ष की शुभकामनाएं दी। बिशपो ने भी शुभकामना देते हुए कहा कि क्रिसमस के अवसर पर ईश्वर से प्रार्थना कर झारखंड और यहां के लोगों के खुशहाली और विकास की कामना करते हैं। ईश्वर से प्रार्थना है कि आने वाला वर्ष सभी के लिए खुशियां लेकर आये। कांग्रेस नेता डॉ राजेश गुप्ता ने कहा कि क्रिसमस हमें भाईचारा और समाज में एकजुटता का संदेश देता है। श्री सहाय के साथ सुंदरी तिर्की, युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष कुलदीप कुमार रवि, दीपक लाल, रवि चंद्र कपूर और दीपक प्रसाद सहित अन्य शामिल थे।

## एनएसयूआइ ने सदस्यता अभियान चलाया



रांची (आजाद सिपाही)। कांग्रेस छात्र संगठन एनएसयूआइ के रांची पूर्व जिला महा सचिव अब्दुल रबनावाज के नेतृत्व में डोरंडा कॉलेज में एनएसयूआइ की सदस्यता अभियान चलाया गया। जिससे सैकड़ों कॉलेज छात्र-छात्राओं ने एनएसयूआइ की सदस्यता ली। छात्र नेता अब्दुल रब नवाज ने कहा छात्र -छात्राओं ने बहुत ही खुशी से सदस्यता लिया और एनएसयूआइ छात्र संगठन हमेशा छात्रों का बीच रहा है और छात्र हित में हमेशा अपना योगदान देता छात्रों की आवाज को बुलंद करने के लिए हमेशा एनएसयूआइ खड़े रहते हैं काफी छात्र एनएसयूआइ के सदस्यता लेने के लिए उत्तेजित है। मौके पर डोरंडा कॉलेज नेता विश्वजीत, अमन राज, अफताब आलम, बीरेंद्र रंजन, डेनियल ,प्रीति कुमारी, इकबाल खुशी प्रिया, रोबिन, आर्यन कुमार, आरिफ निश्चल कुमार, वसीफ गुलशाद, हर्ष, शंकर मौजूद थे।

# डिजिटल लिटरेसी के कोर्स के माध्यम से विद्यार्थी होंगे सशक्त : प्रो डॉ तपन शांडिल्य

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** शनिवार को सूचना एवं तकनीकी मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संचालित एनआइइएलआइटी रांची झारखंड एवं बिहार के एक्सक्यूटिव डायरेक्टर प्रो डॉ नितिन पुरी ने रांची के डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के कुलपति से शिष्टाचार मुलाकात की साथ ही विश्वविद्यालय के साथ एनआइइएलआइटी का साझा कार्यक्रम एवं कोर्स हेतु स्टडी सेंटर के लिए प्रस्ताव एवं प्रेजेंटेशन दिया। डॉ पूरी ने बताया कि हम विद्यार्थियों को डिजिटली शार्प करेंगे साथ ही उनके कोर्स पूरा होने के बाद भी संपर्क में रहेंगे। उन्होंने कुलपति प्रो डॉ तपन कुमार शांडिल्य को एनआइइएलआइटी की ओर से स्मृति चिह्न, साल से सम्मानित किया एवं इंस्टीट्यूट का न्यूज लेटर प्रदान किया। कुलपति डॉ तपन शांडिल्य ने बताया कि एनआइइएलआइटी के साथ जुड़ कर श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय डिजिटल लिटरेसी की ओर सार्थक कदम उठायेगा जिससे विद्यार्थी सशक्त होंगे। विश्वविद्यालय के फिजिक्स के विभागाध्यक्ष डॉ जय प्रकाश शर्मा, परीक्षा नियंत्रक डॉ आशीष गुप्ता ने विश्वविद्यालय में कंप्यूटर से संबंधित चल रहे कोर्स के बारे में बताया। एनआइइएलआइटी के अधिकारियों ने वर्तमान समय में साइंस आर्ट्स कॉमर्स के भी विद्यार्थियों के लिए बेसिक कंप्यूटर कोर्स ट्रिपल सी 01 कोर्स के बारे में बताया। उन्होंने यह भी बताया कि विद्यार्थियों के लेबल के अनुसार कोर्स के साथ हमारे रिसोर्स पर्सन पढ़ायेंगे। जिसमें साइबर क्राइम, एआइ जैसे समसामयिक कोर्सेज हैं। भारत सरकार के सूचना एवं तकनीकी मंत्रालय के द्वारा एससीएसटी विद्यार्थियों के लिए सभी कोर्स निःशुल्क हैं। मौके पर एनआइइएलआइटी के पीयूष त्रिपाठी, सचिन कुमार, गवर्नमेंट टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज के डॉ ओम प्रकाश उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय ने लगाया एक दिनी प्रशिक्षण शिविर

# आंकड़ों का देश के विकास में है महत्वपूर्ण योगदान : विनीत

**नये साल से होगा असमाविष्ट सेक्टर के उद्यमों का होगा सर्वेक्षण**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** शहरों और गांवों में रोजी-रोजगार के लिए लाखों तरह के छोटे-छोटे कारोबारों चल रहे हैं, जिनका कहीं कोई लेखा-जोखा या निबंधन नहीं है, जबकि सबसे अधिक रोजगार इसी सेक्टर से आता है, जो देश की जीडीपी में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है। ऐसे ही अनइनकापरिटेड (असमाविष्ट) सेक्टर के उद्योगों का सर्वेक्षण भारत सरकार के सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के अधीन राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय की ओर से किया जा रहा है। वार्षिक सर्वेक्षण (आसूस) एक जनवरी 2025 से पूरे साल चलेगा। इसको लेकर सप्तऋषि सेवा सदन, तुपूदाना में शनिवार को प्रशिक्षण शिविर लगाया गया। दिन के दस बजे इसका उद्घाटन राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के झारखंड राज्य प्रमुख उप महानिदेशक विनीत कुमार ने किया। मौके पर बड़ी संख्या में अधिकारी और संविदा कर्मी उपस्थित थे। कार्यालय प्रभारी सी सत्यम ने अहम भूमिका निभाते हुए सभी का मार्गदर्शन किया। प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए उप महानिदेशक विनीत कुमार ने सर्वेक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला। कहा कि राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय की ओर से एकत्रित किये जाने वाले आंकड़ों का देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान है, क्योंकि किसी भी तरह की योजना जो सरकार के द्वारा चलायी जाती है, उसके लिए सटीक आंकड़ों का होना जरूरी है, ताकि समाज के किसी वर्ग तक और किसी स्थान पर किस प्रकार की योजना लागू की जानी चाहिए, इसका सटीक आकलन हो सके। सटीक आकलन का कार्य राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के द्वारा किया जाता है। इसके लिए यहां के अधिकारियों और कर्मचारियों के योगदान की सराहना की जानी चाहिए। उन्होंने बताया कि यह कार्य सूचना प्रणाली सॉफ्टवेयर के माध्यम से किया जायेगा। आंकड़े सीधे टेबलेट पर एकत्रित किए जायेंगे। सर्वेक्षण अंडमान और निकोबार के दुर्गम इलाकों को छोड़कर संपूर्ण भारत में किया जायेगा। झारखंड राज्य में इसके नमूनों का आकार लगभग 808 प्रतिदर्शों का होगा। यह सर्वेक्षण देश के सतत विकास के लक्ष्य को पूर्ण करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण योगदान होगा। विनीत ने राज्य के लोगों से इसमें सहयोग की अपील की है।

# एस्कॉट इंटरनेशनल स्कूल में चार दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** हरमू रोड स्थित एस्कॉट इंटरनेशनल स्कूल में शनिवार को चार दिवसीय इंटर हॉउस खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। इस प्रतियोगिता में दामोदर हाउस, कोयल हाउस, शंख हाउस एवं स्वर्णरेखा हाउस के जूनियर और सीनियर दोनों ग्रुप के बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि समाजसेवी संदीप मिश्रा ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि शारीरिक और मानसिक विकास के लिए खेलकूद अत्यंत आवश्यक हैं और इस तरह की प्रतियोगिताओं का आयोजन समय-समय पर होना चाहिए।

विद्यालय के सचिव अनुज हेंब्रम, निदेशक कुणाल कश्यप, प्राचार्य शादान आलम और हिमांशु दुबे ने बैलून उड़ाकर प्रतियोगिता की शुरूआत की। प्रतियोगिता के आरंभ में बच्चों ने मार्च पास्ट, योगा एवं नृत्य प्रस्तुत किया। समापन समारोह 24 दिसंबर को होगा, जिसमें विजेताओं को पुरस्कृत किया जायेगा।

## स्कूली छात्राओं से छेड़खानी करनेवाले को पनाह देनेवाला गिरफ्तार



रांची (आजाद सिपाही)। रांची के कोतवाली पुलिस ने मो जसीम, पे०-मो० मुस्लिम पता- नाला रोड, हिंदपीढ़ी, रांची को हिंदपीढ़ी के आते-जाते छात्राओं से छेड़खानी करने वाले आरोपी मो फिरोज अली को पनाह देने में सहयोग करने के आरोप में गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। मो फिरोज अली को पनाह देने वाले लोअर बाजार के पार्षद एवं अन्य लोग को चिह्नित कर लिया गया है। उनके विरुद्ध भी कार्रवाई की जायेगी।

## महत्वपूर्ण खबरें

### अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद् की बैठक



रांची (आजाद सिपाही)। अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद् के कार्यालय में शनिवार को सत्यनारायण लकड़ा की अध्यक्षता में बैठक हुई। इस बैठक में मुख्य रूप से छोटानागपुर कास्तकारी अधिनियम का उल्लंघन, अवैध रूप से आदिवासियों का जमीन हस्तारंतरण, रांची नगर निगम द्वारा शहरी विस्तारिकरण, जमीन अधिग्रहण एवं राज्य में 5वीं अनुसूची के बारे में चर्चा की गयी। साथ ही साथ इस बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि इस संबंध में परिषद् के द्वारा रांची उपायुक्त एवं राज्यपाल से मिल कर एक ज्ञापन सौंपा जायेगा। परिषद् के अध्यक्ष सत्यनारायण लकड़ा ने कहा कि आज पूरे देश में संविधान बचाओ एवं संविधान विरोधी समर्थक पर बढ़-चढ़ कर हंगामा हो रहा है, लेकिन अफसोस है कि अनुसूचित क्षेत्र विशेषकर 5 वीं अनुसूची में आदिवासियों के अधिकार पर जिस तरह से लगातार प्रहार कर संविधान का उल्लंघन हो रहा है। अतः इस पर परिषद् की यह मांग है कि राज्य सरकार, केंद्र सरकार एवं समस्त मानवाधिकार संगठन इस विषय में अतिशीघ्र सकारात्मक पहल करे। इस बैठक में सत्यनारायण लकड़ा, कार्यकारी अध्यक्ष बाना मुंडा, विमल कच्छप, जादौ उरांव, बंधु कच्छप, दीपक जायसवाल आदि उपस्थित थे।

### लायंस क्लब ऑफ समर्पण ने पतरा गोंदा गांव में कंबल बांटे



रांची (आजाद सिपाही)। शनिवार को सामाजिक संस्था लायंस क्लब ऑफ समर्पण की ओर से कांके डैम स्थित पतरा गोंदा गांव में सैंकड़ों ग्रामीणों के बीच कंबल का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एमजेएफ लायन सीमा सिंह, चटकपुर पंचायत की उप मुखिया नमिता देवी, समाजसेवी आशुतोष द्विवेदी, चटकपुर पंचायत के समाजसेवी शुभम चौधरी मुख्य रूप से उपस्थित थे। वहीं इस कंबल वितरण कार्यक्रम की स्पॉन्सर लायन सीमा सिंह, लायन सुनीता बेदी, लायन हेमा बंका, लायन अंजली साहू थीं। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में लायंस क्लब की सदस्या लायन सिंधु बाला, लायंस संगीता जुल्का, लायन सुप्रिया समेत गांव के ग्रामीण बिहांस देवी, गांव के मनु पाहन, अजय वर्मा, सुनील मुंडा, मदरू लोहारा, जय श्रीवास्तव आदि कई लोग शामिल थे।

### प्रशिक्षु-शिक्षकों ने क्रिसमस गैदरिंग का आयोजन किया




रांची (आजाद सिपाही)। शनिवार को वाइबीएन कॉलेज फॉर टीचर एजुकेशन में प्रशिक्षु-शिक्षकों ने क्रिसमस गैदरिंग का आयोजन किया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राम जी यादव ने दीप प्रज्ज्वलित कर एवं क्रिसमस केक काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। राम जी यादव ने प्रशिक्षु-शिक्षकों को क्रिसमस के महत्व को बताया। उन्होंने सभी शिक्षक प्रशिक्षुओं को सभी धर्म को प्रेम पूर्वक मनाने का संदेश दिया। शिक्षक प्रशिक्षु कई रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये। सभी कार्यक्रमों में ईसा मसीह के जन्म की खुशी को दर्शाया गया। इस कार्यक्रम में वाइबीएन कॉलेज फॉर टीचर एजुकेशन के उप प्राचार्य डॉ कैलाश नाथ सिंह ने सभी को क्रिसमस की बधाई दी। विभागाध्यक्ष डॉ संगीता गोप ने बताया कि क्रिसमस हमें यह सिखाता है कि सच्ची खुशी तब मिलती है जब हम दूसरों की मदद करते हैं। कार्यकम में डॉ मांडवी राय एवं डॉ संदीप आनंद उपस्थित रहे।




आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 22 दिसंबर, 2024
www.azadsipahi.in



# सुखदेवनगर थाना प्रभारी पर घर में घुसकर मारपीट और गाली-गलौज करने का आरोप



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** रांची के सुखदेवनगर थाना प्रभारी पर एक सिख परिवार के घर में घुसकर गाली-गलौज करने और महिलाओं के साथ अभद्रता करने का आरोप लगा है। बजरा स्थित सर्वेशवरी नगर की रहने वाली परविंदर कौर नामक महिला ने थाना प्रभारी पर आरोप लगाया है।

महिला ने एसएसपी से इसकी शिकायत की है। साथ ही डीजीपी को भी इसकी कॉपी दी है। महिला ने बताया है कि बीते 19 दिसंबर की रात उसके घर के गेट पर जोर-जो से पीटने की आवाज आ रही थी। जब वह बाहर निकलीं, तो देखा कि सुखदेवनगर थाना प्रभारी मनोज कुमार, उनके सहकर्मियों और विनीत खत्री (मेट्रों गली निवासी) उसके घर में घुस आये। महिला का आरोप है कि सभी ने उनके साथ, उनके पति, देवर और छोटी बहन के साथ अभद्र व्यवहार किया। महिला ने यह भी कहा कि विनीत खत्री ने उनके साथ छेड़खानी की इसके अलावा थाना प्रभारी और उनके साथियों ने उनके पति और देवर की पगड़ी भी खींचकर फेंक दी। महिला ने अपनी शिकायत के साथ इस घटना का वीडियो फुटेज भी उपलब्ध कराया है।

## छेड़खानी का लगाया गया था आरोप

महिला ने बताया है कि विनित खत्री की बहन अरतीका खत्री ने 29 अप्रैल को सुखदेवनगर थाना में मेरे पति शक्ति सिंह लोहिया और मेरे ससुर गजेंद्र सिंह लोहिया के खिलाफ एक एफआइआर दर्ज करायी थी। अरतीका ने आरोप लगाया था कि मेरे पति ने उसकी बेटी को छेड़ा और ससुर ने अभद्र व्यवहार किया। उसके बाद मेरे पति और ससुर को 29 मई को जमानत मिल गयी थी। जमानत के कागजात उसने उसी समय थाना में दे दिया था। परविंदर कौर ने बताया कि हमें अचानक 19 दिसंबर को सुखदेवनगर थाना से फोन आया और कहा गया कि थाने आकर अपना आधार कार्ड जमा कीजिये, आपका चार्जशीट जमा करना है। मेरे पति शक्ति सिंह लोहिया सुखदेवनगर थाना गये और दोनों का आधार कार्ड जमा करके आ गये। इसी दिन रात में करीब 11 बजे सुखदेवनगर थाना प्रभारी अपने सहकर्मियों और अरतीका खत्री के भाई विनित खत्री नशे में धुत होकर जबरन मेरे घर में घुसे और मार-पीट की। घर का सामान तोड़ा और मेरे पति और देवर को घसीटकर घर से बाहर निकाला और पगड़ी को भी खींचकर फेंक दिया।

# श्रीश्याम मंदिर में 138वां श्रीश्याम भंडारा का आयोजन



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** श्रीश्याम मित्र मंडल के द्वारा शनिवार को हरमू रोड रांची के श्रीश्याम मंदिर में 138वां श्रीश्याम भंडारा का आयोजन भक्तिमय वातावरण में किया गया। इस अवसर पर स्मृतिशेष सुनीता लाल के पति किशोर कुमार लाल, पुत्री सौम्या लाल, शान्या लाल व पुत्र हर्षित लाल ने मंदिर में विराजमान खाटूनरेश, लड्डूगोपालजी, शालीग्रामजी, श्रीश्यामेश्वर महादेव, वीरबजरंगबली, श्री रामदरबार व गुरुजनों को भोग अर्पित कर खाटूनरेश के दरबार में मत्था टेका।

मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी के नेतृत्व में शनिवार को यजमान किशोर कुमार लाल के परिजनों ने ठाकुरजी के प्रिय भोग भजन आवो -आवो भोग लगावो बाबा श्याम जी... रुच रुच भोग लगावो बाबा श्याम जी.. का ताली बजाकर सामूहिक गायन कर श्रद्धासुमन अर्पित किये। मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी की अगुवाई में भोग लगे प्रसाद को वृहद भंडारे में मिश्रित करके महाभोग बनाकर सर्वप्रथम रांची गौशाला के लिए गायमाताओं के लिए महाभोग का प्रसाद अलग से पूजा करके यजमान परिवार ने मंडल के वरिष्ठ सदस्य रतन शर्मा के साथ गाय माताओं को महाभोग का प्रसाद खिलाया। इसके उपरांत मंदिर के आचार्यों को भंडारे का महाभोग खिलाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद सुरेश सरावगी-किशोर कुमार लाल ने श्रीगणेश जी महाराज की जय-जयकारों के बीच श्रीश्याम भंडारे का महाभोग वितरण शुरू किया। इस अवसर पर नमक अजवायन की पूड़ी, आलू लौकी की झोलदार सब्जी, केशरिया जलेबी का प्रसाद वितरित किया गया। टाफी अलग से वितरित की जा रही थी। श्रीश्याम मंदिर में भक्तों का जनसमूह का सैलाब उमड़ पड़ा। खाटूनरेश की जय-जयकारो से पुरा क्षेत्र गूंज रहा था। लगभग 3100 भक्तजनों ने भंडारे का महाभोग प्रप्त किया। भंडारे का महाभोग वितरण में सुरेश सरावगी, किशोर कुमार लाल, हर्षित लाल, श्रवण ढाढ़ंनिया, प्रदीप राजगढ़िया, अनिल नारनोली, श्यामसुंदर शर्मा, अजय मारू, अमित सरावगी, अनुज मोदी, आशीष डालमिया, रतन शर्मा, राजीव मित्तल, गौरव अग्रवाल मोनू, पंकज गाड़ोदिया, संजय सराफ, स्नेह, राजेश चौधरी, रमा सरावगी, अन्नपूर्णा सरावगी, कविता मित्तल, राहुल मारू, वेदभूषण जैन, अरुण बुधिया, रजनी बुधिया, अंकित सिंह, हर्ष कुमार, कृष्ण अग्रवाल, झूलन भुंडा, मनीष वर्मा, उपेंद्र पांडेय, मनोज खेतावत, संजय शर्मा सहित 75 से ज्यादा कार्यकर्ताओं ने श्रीश्याम भंडारे महाभोग वितरण में सहयोग किया।

## मंगलवार को श्रीसुंदरकांड पाठ का आयोजन होगा

श्रीश्याम मित्र मंडल द्वारा हरमू रोड के श्रीश्याम मंदिर में मंगलवार को सायं 4.30 से 6.30 बजे तक 133 वां श्रीसुंदरकांड -श्रीहनुमान चालीसा का सामूहिक संगीतमय पाठ होगा। मंडल के प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने भक्तजनों को आमंत्रित किया है। पुष्पा देवी केशरिया पेड़ा, राजेश जायसवाल फल प्रसाद, श्रवण ढाढ़ंनिया चना एवं मुकेश मित्तल गिरीगोला देंगे। मनीष सारस्वत, ओम शर्मा व अन्य पाठ करेंगे।

# प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में 11 और 12 जनवरी को सजेगा विशेष दीवान



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** पटना साहिब में प्रकाश पर्व में शामिल होने के लिए गुरु नानक सत्संग सभा के 240 श्रद्धालुओं का जत्था 3 और 4 जनवरी को हटिया रेलवे स्टेशन से हटिया-पटना सुपरफास्ट एक्सप्रेस से पटना साहिब के लिए रवाना होगा। वहां प्रकाश पर्व के सभी आयोजनों में शामिल होने के बाद श्रद्धालुओं का जत्था 8 जनवरी को वापस रांची पहुंचेगा।

श्रद्धालुओं के जत्थे के रांची वापस पहुंचने के बाद 11 एवं 12 जनवरी को सत्संग सभा के जरिये श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में दो दिवसीय भव्य विशेष दीवान सजाया जायेगा।

11 जनवरी की सुबह 8 से 10 बजे तक तथा रात 8 बजे से 11 बजे तक और 12 जनवरी को सुबह 10 बजे से दोपहर 2:30 बजे तक विशेष दीवान सजाया जायेगा। इन सभी दीवानों में सिख पंथ के महान कीर्तनी जत्था भाई गुरमन प्रीत सिंह जी दिल्ली वाले शबद गायन कर रांची की साध संगत को निहाल करेंगे। दीवानों की समाप्ति के बाद गुरु का अटूट लंगर चलाया जायेगा।

## कृष्णा नगर कॉलोनी गुरुद्वारा से 24 से शुरू होगी प्रभातफेरी

गुरुद्वारा श्री गुरुनानक सत्संग सभा की ओर से 24 दिसंबर से प्रभात फेरी की शुरूआत होगी। रोजाना सुबह 5:45 बजे प्रभातफेरी निकाली जायेगी, जो गुरुद्वारा से शुरू होकर कृष्णा नगर कॉलोनी की विभिन्न गलियों का भ्रमण कर वापस गुरुद्वारा पहुंच कर समाप्त होगी। प्रभातफेरी का समापन 31 दिसंबर को होगा।

सत्संग सभा के मीडिया प्रभारी नरेश पपनेजा ने शनिवार को बताया कि नव वर्ष के आगमन की खुशी में एक जनवरी को सुबह 8 से 10 बजे तक विशेष दीवान सजाया जायेगा। श्री गुरु गोबिंद सिंह महाराज का प्रकाश पर्व छह जनवरी को मनाया जायेगा।

# पिछड़ा वर्ग संघर्ष मोर्चा ने झारखंड सरकार से धान खरीद मूल्य में वृद्धि की मांग की

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** पिछड़ा वर्ग संघर्ष मोर्चा के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ दिलीप सोनी एवं प्रधान महासचिव किसान नेता अरुण कश्यप ने झारखंड सरकार से किसानों के लिए धान की खरीद मूल्य में वृद्धि की मांग की है। उन्होंने कहा कि झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने चुनाव के घोषणा पत्र में कहा था कि उनकी सरकार बनेगी तो किसानों से 3200 रुपये प्रति क्विंटल धान की खरीद करेंगे, लेकिन सरकार बनने के बाद मुख्यमंत्री के आदेशानुसार झारखंड सरकार द्वारा 2400 रुपये प्रति क्विंटल धान खरीदा जा रहा है। उन्होंने आगे कहा कि झारखंड सरकार के खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री इरफान अंसारी ने घोषणा की थी कि 100 रुपये प्रति क्विंटल अतिरिक्त बोनस के रूप में दी जायेगी, लेकिन अभी तक हर प्रखंड के लैंप्स के माध्यम से मात्र 2400 रुपये प्रति क्विंटल ही भुगतान किया जा रहा है, जबकि 2500 रुपये करना चाहिए था। पिछड़ा वर्ग संघर्ष मोर्चा के नेताओं ने झारखंड सरकार से मांग की है कि इस पर तत्काल कार्रवाई करते हुए एवं किसानों की समस्या को देखते हुए अविलंब 3200 रुपये प्रति क्विंटल भुगतान किसानों को किया जाये, जैसा कि घोषणा पत्र में कहा गया था। उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर सरकार उनकी मांग पर ध्यान नहीं देती है, तो वे सड़क पर उतरने के लिए मजबूर हो जायेंगे।

## किसानों से 3200 रुपये प्रति क्विंटल धान की खरीद करें

# व्यापारियों से रंगदारी मांगनेवाला गिरफ्तार



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** होटवार जेल में बंद सजायाफ्ता कैदी सोनू सिंह के नाम पर शहर के व्यापारियों से रंगदारी मांगने के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया। शनिवार को पुलिस ने परसुडीह निवासी बंटी गुहा को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। एसएसपी किशोर कौशल ने बताया कि बीते 19 दिसंबर को कदमा के एक आभूषण व्यापारी से रंगदारी मांगने की शिकायत कदमा पुलिस को मिली थी। शिकायत के बाद छापेमारी टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर कदमा राम जनम नगर के पास एक आरोपी बंटी गुहा को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के क्रम में बंटी के पास से एक देसी कट्टा,दो गोली और घटना में शामिल मोबाइल और सिम कार्ड बरामद कर लिया। एसएसपी ने बताया आरोपी हाल में जेल से छूटा था। आरोपी के नाम पर दर्जनों मामला दर्ज हैं। पूछताछ के क्रम में बताया वह जेल में बंद सोनू सिंह के नाम पर सूची बनाकर कारोबारियों से रंगदारी मांगता था। कई कारोबारियों से रंगदारी भी ले चुका है। उसकी पुलिस जांच कर रही है। फिलहाल पुलिस आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

# झारखंड में लोकगीत के क्षेत्र में आजीविका बनाने वालों के लिए सुनहरा भविष्य है : रंजना रॉय



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड राज्य खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड और झारखंड राज्य लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित राष्ट्रीय खादी एवं सरस महोत्सव 2024-25 के दूसरे दिन शनिवार को लोकगीत गायिका रंजना रॉय ने अपने मधुर गीतों से लोगों को खूब झुमाया। रंजना राय ने बताया कि देशभर में कई जगह अपनी प्रस्तुतियां दी हैं। झारखंड की राजधानी रांची में आयोजित खादी मेला में वो चौथीबार शामिल हो रही हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड में भोजपुरी और खोरठा दोनों लोकगीत के बराबर चाहने वाले हैं। उन्होंने कहा कि अयोध्या में रामलला मंदिर के उद्घाटन समारोह में शामिल होना उनका सौभाग्य रहा है। उन्होंने कहा कि झारखंड में लोकगीत के क्षेत्र में आजीविका बनाने वालों के लिए सुनहरा भविष्य है।

## साई अपार्टमेंट् में 13 वर्षीय बच्चे की गिरने से मौत

आदित्यपुर। सरायकेला खरसावां जिले के आदित्यपुर थाना अंतर्गत अशोक पथ में साईं अपार्टमेंट्स से 13 वर्षीय लड़के की गिरने से मौत हो गयी। आयुष बिल्डिंग की टेररिस्ट पर कुछ अन्य बच्चों के साथ खेल रहा था और खेलते समय बिल्डिंग के हाल से नीचे गिर गया। परिजन इलाज के लिए टीएमएच पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# `राशन कार्ड इ-केवाइसी की समस्या का मंत्री ने लिया संज्ञान

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बरवाडीह।** बरवाडीह में राशन कार्ड इ- केवाइसी और आधार अपडेट की समस्या का खाद्य आपूर्ति मंत्री इरफान अंसारी ने संज्ञान लेते हुए जिले के उपायुक्त को निर्देश दिया है। कुचिला पंचायत के बारीदोहर की 12 वर्षीय सुबंती कुमारी का राशन कार्ड इ केवाईसी नहीं हो पा रहा है, जिसके कारण उसका आधार अपडेट नहीं है। डीलर ने सुबंती कुमारी को आधार अपडेट कराने के लिए कहा था। शुक्रवार को सुबंती आधार अपडेट कराने प्रखंड कार्यालय आयी थी, लेकिन उनका आधार अपडेट नहीं हो पाया। सुबंती की समस्या के संबध में खाद्य आपूर्ति मंत्री इरफान अंसारी व सूबे के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को सोसल एक्टीविस्ट धीरज कुमार के द्वारा ट्वीट किया गया था, जिसके बाद खाद्य आपूर्ति मंत्री ने मामले का संज्ञान लिया।

## महत्वपूर्ण खबरें

### रांची एसएसपी ने चार पुलिस अधिकारियों का किया तबादला, आदिकांत महतो बने कोतवाली थानेदार

रांची (आजाद सिपाही)। रांची एसएसपी ने चार पुलिस अधिकारियों का तबादला किया है। आदिकांत महतो को कोतवाली थानेदार बनाया गया है। रेणुका टुडू को महिला थाना प्रभारी बनाया गया है। विश्वजीत कुमार को विधानसभा थाना प्रभारी बनाया गया है। प्रदीप कुमार राय को कोतवाली थाना में जेएसआइ के रूप में पदस्थापित किया गया है।

### सेक्रेड चाइल्ड स्कूल कोकर में क्रिसमस गैदरिंग




रांची (आजाद सिपाही)। शनिवार को सेक्रेड चाइल्ड स्कूल कोकर में क्रिसमस गैदरिंग का आयोजन किया गया। बच्चों ने इसमें बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। सारे बच्चे सांता क्लॉज के ड्रेस में आये थे। बच्चों ने जिंगल बेल गाना गाया और खूब मस्ती की। सांता क्लॉज बन कर बच्चों में गिफ्ट्स बांटी गयी। क्रिशमस, शांति और भाइजारे का पर्व है। इस मौके बच्चों को प्रभु यीशु मसीह के जन्म से जुड़ी कहानियां सुनाई गयीं। इन कहानियों के माध्यम से बच्चे ने क्रिसमस के महत्व को भी समझा।

### नकली फेसबुक आइडी बना कर फ्रॉड करने वालों से रहें सावधान : डॉ अजय

जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। पूर्व सांसद सह कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉ अजय कुमार ने शनिवार को प्रेस बयान जारी उनके नाम से नकली फेसबुक आइडी बनाकर कॉल करने वाले व्यक्ति से सावधान रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि एक व्यक्ति मेरा फोटो लगाकर फेसबुक पर नकली आइडी बनाकर कई लोगों को लगातार कॉल कर उनसे पुराने फर्नीचर बेचने की बात कर रहे हैं, जिसकी शिकायत मुझे लोगों से मिली है। इस संबंध में साइबर थाना में शिकायत दर्ज करायी है। साइबर थाना प्रभारी ने आश्वस्त किया जल्द ही उक्त व्यक्ति को पकड़ लिया जायेगा। डा. अजय कुमार ने इस तरह के फ्रॉड कॉल करने वाले लोगों से सावधान रहने और कॉल आने पर तत्काल नजदीकी थाने ने सूचना देने की अपील की।


### गुमला चैंबर का चुनाव 10 जनवरी को : दामोदर कसेरा

गुमला(आजाद सिपाही)। गुमला चैंबर ऑफ कॉमर्स की आम सभा बस स्टैंड स्थित सिद्धिविनायक होटल में चैंबर अध्यक्ष दामोदर कसेरा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में कोषाध्यक्ष मुनीलाल साहू के द्वारा पूरे सत्र के आय - व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया, जिससे आम सभा में मौजूद पदाधिकारी और व्यापारियों ने ध्वनि मत से पारित किया गया। चैंबर हित में कई प्रस्ताव लिये गये और चैंबर के संविधान में संशोधन किया गया, जिनमें मुख्य रूप से, गुमला चेंबर ऑफ कॉमर्स के नाम से बनी हुई फिक्स्ड डिपाजिट सभी को एक खाता में करना। बैठक में पूर्व कमेटी को भंग करते हुए नये सत्र 2025 - 26 के चुनाव हेतु सर्वसम्मति से 10 जनवरी की तारीख तय की गयी।

## ग्राहक बनकर जेवर दुकान पहुंचे दंपति

# गायब कर दी सोने की चेन

**रामगढ़ शहर के डीपी संस एंड ज्वेलर्स दुकान में हुई वारदात**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रामगढ़।** शहर में चोरों का एक गिरोह बड़े ही शातिर तरीके से चोरी कर रहा है। कहीं गाड़ी का शीशा तोड़कर लाखों रुपये उड़ा लिया जा रहा है, तो कहीं ग्राहक बनकर लोग जेवर गायब कर दे रहे हैं। रामगढ़ शहर के मेन रोड स्थित डीपी संस एंड ज्वेलर्स दुकान में भी ग्राहक बनकर आये एक दंपति ने लाखों रुपये का सोने का चेन गायब कर दिया। उन्होंने इस वारदात को इतने शातिर तरीके से अंजाम दिया कि ना तो दुकान के संचालक और ना ही सेल्समैन को इसकी भनक लगी। दंपति जब दुकान से निकल गया और सोने की चेन रखने के लिए सेल्समैन अपना हिसाब मिलने लगा, तो पता चला कि एक चेन गायब है।

**दुकान के मालिक ने रामगढ़ थाने में दर्ज करायी सूचना:** इस मामले में दुकान के मालिक दीप चंद्र प्रसाद ने रामगढ़ थाने में शनिवार को सूचना दर्ज करायी है। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को एक दंपति उनकी दुकान में सोने की चेन खरीदने के लिए ग्राहक बनकर आया था। उन लोगों ने सेल्समैन का ध्यान भटकाया और चुपके से एक चेन उस व्यक्ति ने अपने साथ आयी महिला को थमा दिया। उस महिला ने भी बड़ी सफाई से उस चेन को छुपा लिया। यह सारी घटना सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हुई है। पुलिस को उस दंपति का वीडियो और फोटो भी उपलब्ध कराया गया है। रामगढ़ पुलिस अब उस दंपति की तलाश कर रही है।

## पधारे सुयश सागरजी, स्वागत को उमड़ा जैन समाज

# दुर्लभ है गुरु का समागम : मुनिश्री



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** हजारीबाग से इन्दौर विहार के क्रम में मुनिश्री 108 सुयश सागर जी शनिवार को पधारे। सुबह सात बजे बूटी मोड़ के नजदीक महावीर भवन से विहार कर साढ़े नौ बजे मुनिश्री जैन मंदिर, जेजे रोड आये। इस बीच जगह-जगह धर्मावलंबियों ने उनका भव्य स्वागत किया। पाद प्रक्षालन कर आरती उतारी। मंदिर पहुंचने के बाद धर्म सभा हुई। मुनिश्री अनुयायियों को आशीर्वचन प्रदान करते हुए ज्ञान-ध्यान की बाते बतायी। साथ ही भक्तो के उत्साह की सराहना करते हुए कहा कि जिस तरह कच्चा आम पकने के बाद यह नहीं बताता की आम पक गया है। उसके रूप रंग को देखकर समझ जाते हैं कि आम पक गया है। अपने आप उस कच्चे आम की कीमत बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि देव शास्त्र की भक्ति प्राप्त होना सहज है, परंतु देव शास्त्र के साथ-साथ गुरु का समागम मिलना दुर्लभ है। गुरु के समागम के बिना देव शास्त्र की बातें समझ ही नहीं आती, इसलिए गुरु का स्थान अग्रणी है। सभा का संचालन मंत्री पंकज पांड्या ने और स्वागत अध्यक्ष नरेंद्र गंगवाल ने किया। पूर्व अध्यक्ष पूरणमल सेठी, छीतरमल गंगवाल, पदम छाबड़ा, नरेंद्र पांड्या, स्मिता पांड्या, वर्तमान कार्यकरिणी के सदस्यों और बाहर से आए अतिथियों ने श्रीफल भेंट कर मुनिश्री से आशीर्वाद लिया. उपाध्यक्ष प्रदीप बाकलीवाल और मीडिया प्रभारी राकेश काशलीवाल ने सभी का आभार जताया।

# मर्यादा के खिलाफ

पिछले महीने की 15 तारीख से शुरू हुआ संसद का शीतकालीन सत्र समाप्त होते-होते ऐसे विवाद, मुद्दे और टकराव के बिंदु छोड़ गया, जिसकी छाप आगे भी संसदीय कार्यवाही पर दिखते रहने के आसार हैं। सच है कि इस सत्र के दौरान दोनों सदनों में गंभीर बहस के कुछ अच्छे पल भी आये, लेकिन ज्यादातर समय सत्ता पक्ष और विपक्ष का टकराव ही हावी रहा। संविधान पर दोनों सदनों में चली लंबी बहस तीखी जरूर रही, लेकिन यह ज्यादातर शांतिपूर्ण रही और इसमें आरोप-प्रत्यारोप के साथ ही कई गंभीर मुद्दे भी उठे। जहां नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने देश के संविधान में निहित भारतीय परंपरा के शाश्वत तत्वों और आजादी की लड़ाई से मिली सीखों को रेखांकित किया, वहीं सत्ता पक्ष ने इमर्जेंसी काल की याद दिलाते हुए बताया कि संवैधानिक मूल्यों के उल्लंघन को देश ने कभी स्वीकार नहीं किया। इस बहस में दोनों पक्षों ने संवैधानिक पवित्रता के प्रति निष्ठा की वकालत की। संसद के इस सत्र के नाम एक यह रिकॉर्ड भी आया कि इतिहास में पहली बार राज्यसभा के सभापति के खिलाफ प्रस्ताव पेश किया गया। हालांकि यह प्रस्ताव उपसभापति ने तकनीकी और प्रक्रियागत वजहों से खारिज कर दिया, लेकिन इससे सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच की बढ़ती हुई दूरी जरूर रेखांकित हुई। यह प्रकरण भी इस बात के एक उदाहरण के ही रूप में दर्ज हुआ कि सत्ता पक्ष और विपक्ष के नजरिए में जो अंतर है, उसे पाटने की कोई खास कोशिश किसी तरफ से नहीं हो रही। विपक्ष के विरोधी रुख से अच्छी तरह वाकिफ होते हुए भी सरकार यह बिल लेकर आयी, हालांकि इसे पास कराने के लिए जरूरी दो तिहाई बहुमत फिलहाल उसके पास नहीं है। जाहिर है, इसे संयुक्त संसदीय समिति के पास भेज कर भी सरकार ने देशवासियों को यह संदेश देना जरूरी समझा कि इस मुद्दे पर वह कोई समझौता नहीं करने वाली। इस पूरे सत्र के दौरान दोनों सदनों में अदाणी और जॉर्ज सोरोस के सहारे सत्तापक्ष और विपक्ष एक-दूसरे पर हमले करने और संसद का कामकाज ठप करने को लेकर जैसे एक-दूसरे से होड़ करते रहे। फिर भी, आखिर के दो दिन संसद भवन में जिस तरह के दृश्य दिखे, उनकी शायद ही किसी ने कल्पना की होगी। बाबा साहेब आंबेडकर को लेकर की गयी गृहमंत्री की एक टिप्पणी पर विपक्ष ने तो संसद के अंदर और बाहर तूफान खड़ा करने में कोई कसर नहीं ही छोड़ी, सत्तापक्ष ने भी इसका जवाब देने में नये कीर्तिमान स्थापित किये। नतीजे धक्का-मुक्की, आइसीयू में भर्ती और एफआइआर के रूप में सामने आये, जो संसदीय लोकतंत्र के लिए दुर्भाग्यपूर्ण हैं।

**इस पूरे सत्र के दौरान दोनों सदनों में अदाणी और जॉर्ज सोरोस के सहारे सत्तापक्ष और विपक्ष एक-दूसरे पर हमले करने और संसद का कामकाज ठप करने को लेकर जैसे एक-दूसरे से होड़ करते रहे।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**आधुनिक वैश्वीकरण के युग में जिसमें, सूचना तंत्र और टेक्नोलॉजी ने, दुनिया हो या हमारा मन मस्तिष्क, सब के बंद झरोखों और दरवाजों को खोल दिया है। कुछ मुट्ठी भर लोग जिनके हाथ सत्ता लग जाती है, ऐसे राजनीतिज्ञ, आर्थिक रूप से संपन्न या अपनी दबंगई से भय का वातावरण बना सकने में माहिर अपनी मर्जी से हमारे विशाल देश पर निरंकुश राज करना चाहते हैं।**

# जीवन खुल कर जीने का नाम है

पूरन चंद सरीन



अक्सर सरकार यानी राजा और समाज अर्थात कुटुंब की तरफ से ऐसे फरमान आते रहते हैं, जिनका उद्देश्य यह तय करना ही नहीं, बल्कि उन्हें जोर-जबरदस्ती लागू करना भी होता है, जिसे आसान शब्दों में व्यक्तिगत स्वतंत्रता का हनन कहते हैं।

आधुनिक वैश्वीकरण के युग में जिसमें, सूचना तंत्र और टेक्नोलॉजी ने, दुनिया हो या हमारा मन मस्तिष्क, सब के बंद झरोखों और दरवाजों को खोल दिया है। कुछ मुट्ठी भर लोग जिनके हाथ सत्ता लग जाती है, ऐसे राजनीतिज्ञ, आर्थिक रूप से संपन्न या अपनी दबंगई से भय का वातावरण बना सकने में माहिर अपनी मर्जी से हमारे विशाल देश पर निरंकुश राज करना चाहते हैं।

**जड़ और वृक्ष :** देश की प्रजा एक पेड़ की जड़ के समान होती है, जिस के सहारे तना, टहनियां, पत्ते और फल फूल पलते और बढ़ते हैं। यह तब हो पाता है, जब जड़ को खाद पानी और दूसरे पौष्टिक तत्वों से मजबूत बनाये रखा जाता है।

वृक्ष राजा या प्रजातंत्र में सरकार की तरह होता है। जब वह अपने घमंड में चूर होकर जड़ को ही खोद-खोद कर उसे यानी प्रजा को ही नष्ट करना चाहे तो यही होगा न कि जिस डाल पर बैठे, उसी को सत्ता की तलवार से काट रहे हैं।

**देश की प्रजा एक पेड़ की जड़ के समान होती है, जिसके सहारे तना, टहनियां, पत्ते और फल फूल पलते और बढ़ते हैं।**

यह प्रश्न इसलिए विचार और चिंतन मनन करने योग्य है, क्योंकि हमारे नेता जिनमें प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री सभी आते हैं, वे लोगों के व्यक्तिगत जीवन पर अपना कब्जा चाहते हैं। उनकी तरफ से जब ऐसी नसीहतें और उन्हें मानने के हुक्म आते हैं और मजा यह कि वे कानून तक बना देते हैं कि कोई क्या खायेगा, क्या पियेगा, क्या पहनेगा, कैसे उठेगा, चलेगा और बोलेगा या बतियायेगा।

**सामाजिक चेतना, भाईचारा, समानता और सुरक्षा का संबंध हमारे संविधान में भी बहुत गहराई से समझाया गया है। किसी को किसी के निजी जीवन में ताक-झांक करने का अधिकार नहीं है। व्यक्ति को उसकी शारीरिक और मानसिक क्षमता और स्वयं के विवेक पर आधारित निर्णय लेने की आजादी है।**

समाज के कट्टरपंथियों की, तो ऐसे में पौ बारह हो जाती है, क्योंकि उन्हें सत्ता का संरक्षण मिला होता है। इसका परिणाम यह होता है कि युवा वर्ग अपने ही दकियानूसी परिवार के नियंत्रण की बेड़ियां तोड़ कर कहीं और चले जाना बेहतर समझता है। वे विरोध सह कर भी पढ़ाई और नौकरी के लिए दूर चले जाते हैं और परिवार से नाम मात्र का संबंध भी नहीं रखना चाहते, क्योंकि वहां बंदिशों के सिवाय कुछ नहीं और यहां जीने और उड़ान भरने के लिए मुक्त आकाश है।

**सामाजिक वर्जनाएं :** जब लड़का और लड़की साथ पढ़ते हैं, नौकरी या व्यवसाय करने लगते हैं, तो उनमें नजदीकियां होना स्वाभाविक है। वे लिव इन अपना लेते हैं और विवाह बंधन में बंधने की बजाय जब तक निभे साथ रहो, जब मुश्किल हो जाये, तो अलग हो जाओ या किसी नए साथी, जिसके साथ मन मिल जाये, साथ रहने लगो। इसका परिणाम यह हो रहा है कि वे संतान नहीं चाहते। यह समस्या भारत के लिए नयी है लेकिन ब्रिटेन, अमेरिका और यूरोपियन देशों में काफी समय से है। वहां अब लोगों का अपने अतिरिक्त किसी दूसरे पर ध्यान ही नहीं जाता कि उसने क्या पहना, क्या खाया पिया और कैसे जिया।

हमारे एक वरिष्ठ केंद्रीय मंत्री बयान देते हैं कि युवा वर्ग भटक गया है उसे कंट्रोल में रखना होगा। विवाह किये बिना साथ रहना उनकी कल्पना में ही नहीं। हकीकत यह है कि आज का युवा अपने ही परिवार में मां के साथ पिता का दुर्व्यवहार और मारपीट देख कर और उनके कभी अलग न हो सकने की भयावहता के कारण, डरने लगा है कि शादी कर ली तो तलाक लेने में ही जिंदगी गर्क हो जायेगी। हालांकि एलजीबीटी कानून है, लेकिन वह उन्हें हजम नहीं हो रहा। अगर इस वर्ग के लोग एक परिवार की तरह रहना चाहते हैं तो इन थोड़े से लोगों को साथ रहने दो न, क्यों उन्हें खतरा समझते हो। खानपान, पहनावे को लेकर ही नहीं, कौन सी फिल्म देखें, कैसा संगीत सुनें या कोई कलाकार, पेंटर या शिल्पकार कैसी कलाकृति बनाये, यह सब अगर शासन निर्धारित करेगा तो यह अधिनायकवाद यानी डिक्टेटरशिप के अलावा और क्या होगा?

**जात-पात और धर्म :** एक और मुद्दा है, जो शांतिप्रिय लोगों को अक्सर विचलित करता रहता है। वह है जात बिरादरी और धर्म तथा परंपरागत रीति-रिवाजों और मान्यताओं का। हमारे देश में आज से नहीं प्राचीन और पौराणिक काल से अंतजार्तीय विवाह होते रहे हैं और अंतधार्मिक विवाहों की भी संख्या कम नहीं है। आज ऐसे हजारों दंपति होंगे, जो दूसरी जात के लड़के या लड़की से शादी करने के बाद अपने ही माता-पिता और अन्य परिवारजनों के कोप का भाजन बन रहे होंगे। यह युवा तरस जाते हैं, अपने माई-बाप या भाई-बहन का चेहरा देखने तक को, लेकिन खानदान की नकली इज्जत की बेड़ियों में जकड़े ये लोग पत्थर की तरह उम्र भर नहीं पसीजते। कौन बनेगा करोड़पति में ऐसे अनेक पति पत्नी की दास्तान देखने को मिलती रही है कि कैसे दूसरी जाति या धर्म के व्यक्ति से लगन करने पर वे निरपराध होते हुए भी अपराधी जैसा जीवन जी रहे हैं।

सामाजिक चेतना, भाईचारा, समानता और सुरक्षा का संबंध हमारे संविधान में भी बहुत गहराई से समझाया गया है। किसी को किसी के निजी जीवन में ताक-झांक करने का अधिकार नहीं है। व्यक्ति को उसकी शारीरिक और मानसिक क्षमता और स्वयं के विवेक पर आधारित निर्णय लेने की आजादी है। वह अपनी मर्जी और जिस तरह रहने से उसे खुशी मिलती है, तो वह ऐसा कर सकता है। यह बात बहुत स्पष्ट शब्दों में न केवल संविधान में कही गयी है, बल्कि स्कूल-कॉलेज के सिलेबस में ही यही है। अब या तो यह सब गलत है, जो हमें सिखाया पढ़ाया गया है या फिर कुछेक लोगों का ढकोसला, जो चाहते हैं कि युवा शिक्षित जनता उनकी कठपुतली बन कर रहे। यह न तो हो सकता है और न ही कभी संभव हो पायेगा कि कोई देश अपने युवाओं को मानसिक रूप से गुलाम बना कर रखे और वे कुछ भी न कहें, चुपचाप सुनते और मानते रहें। आश्चर्य नहीं होगा कि यदि सरकार और कुछ कट्टरपंथी नहीं सुधरे, तो युवा अपनी एकता और आधुनिक वैज्ञानिक सोच के बलबूते इन्हें पूर्ण रूप से धराशायी करने के लिए संघर्ष करने न निकल पड़ें?

## देश-विदेश की खबरें

# रूस के कजान में 9/11 जैसा अटैक, यूक्रेन ने आठ ड्रोन दागे

- 6 रिहायशी इमारतों को निशाना बनाया
- कजान एयरपोर्ट पर सभी उड़ानें रोकी गयी

आजाद सिपाही संवाददाता



**मॉस्को।** रूस के कजान शहर में शनिवार सुबह अमेरिका के 9/11 जैसा हमला हुआ। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक, यूक्रेन ने कजान पर 8 ड्रोन अटैक किये। इनमें से 6 अटैक रिहायशी इमारतों पर हुए। कजान शहर रूस की राजधानी मॉस्को से 720 किलोमीटर दूर है। अभी तक हमले में किसी के मारे जाने की खबर नहीं है।


सोशल मीडिया पर हमले के कई वीडियो वायरल हो रहे हैं, जिनमें कई ड्रोन इमारतों से टकराते नजर आ रहे हैं। इन हमलों के बाद कजान समेत रूस के दो एयरपोर्ट्स को बंद कर दिया गया है। अमेरिका में 2001 में आतंकियों ने वर्ल्ड ट्रेड सेंटर पर इसी तरह से 4 प्लेन हाइजैक कर हमला किया था। इनमें से 3 प्लेन एक-एक कर अमेरिका की 3 अहम इमारतों में क्रैश कराये गये। पहला क्रैश 8 बज कर 45 मिनट पर हुआ। बोइंग 767 तेज रफ्तार से वर्ल्ड ट्रेड सेंटर के नॉर्थ टॉवर से जा टकराया। 18 मिनट बाद एक दूसरा बोइंग 767 बिल्डिंग के साउथ टॉवर से जा टकराया था। इनमें 3000 लोग मारे गये थे।

# उत्तराखंड में लैंडस्लाइड नेशनल हाइवे हुआ बंद

## श्रीनगर में तापमान -8.5 डिग्री

- 133 साल में तीसरी बार इतना नीचे पहुंचा पारा

आजाद सिपाही संवाददाता




**नयी दिल्ली/श्रीनगर।** उत्तराखंड के पिथौरागढ़ के धारचूला में शनिवार दोपहर को लैंडस्लाइड हुई। इससे नेशनल हाईवे बंद हो गया। कई वाहन जाम में फंस गए। हाईवे से मलबा हटाने का काम जारी है। पुलिस ने कहा कि किसी के घायल होने की सूचना अभी तक नहीं मिली है।

उधर, जम्मू-कश्मीर में आज से चिल्लई कलां की शुरूआत हुई है। चिल्लई फारसी शब्द है, हिंदी में इसका मतलब 'बहुत अधिक ठंड' होता है। अब अगले 40 दिन यहां बहुत ज्यादा बर्फबारी होगी। श्रीनगर में तापमान -8.5 डिग्री तक पहुंच चुका है। यहां 133 साल में तीसरी बार पारा इतने नीचे पहुंचा है। मौसम विभाग ने बताया कि मध्य प्रदेश में बर्फिली हवाओं का असर खत्म हो गया है। इसलिए फिलहाल यहां सर्दी से राहत रहेगी, लेकिन 4 दिन बाद तापमान में फिर गिरवाट शुरू होगी।

राजस्थान में शनिवार सुबह घना कोहरा छाया रहा। सीकर में विजिबिलिटी 50 मीटर दर्ज की गयी। उत्तर प्रदेश में भी कई जिलों में शीतलहर का अलर्ट जारी किया गया है। राज्य में सबसे ज्यादा सर्दी कानपुर में पड़ रही है। यहां तापमान 5.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

# महंगी होगी बिजली, ग्रिडको ने ओइआरसी को दिया बिजली शुल्क बढ़ाने का प्रस्ताव

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** ओड़िशा में बिजली का बिल और महंगा हो जायेगा। शनिवार को आयी रिपोर्ट में कहा गया है कि उपभोक्ताओं को बिजली के लिए अधिक पैसे खर्च करने होंगे। 2025-26 में बिजली के थोक मूल्य में 54 पैसे प्रति यूनिट की बढ़ोतरी होने की उम्मीद है, जो 3.82 रुपये होगी। ग्रिडको द्वारा ओड़िशा राज्य विद्युत नियामक आयोग (ओइआरसी) को सौंपे गये वार्षिक राजस्व आवश्यकता आवेदन में बिजली शुल्क बढ़ाने का प्रस्ताव दिया गया है। 2023-24 में बिजली का थोक मूल्य 3.29 रुपये प्रति यूनिट था। नवंबर में प्रस्तुत आवेदन में ग्रिडको ने आयोग को सूचित किया है कि उसकी 2025-26 में सालाना 38,814 यूनिट बिजली बेचने की योजना है। बिजली की पूरी खरीद-बिक्री और उसकी सभी जरूरतों को ध्यान में रखते हुए लगभग 15,347 करोड़ रुपये की जरूरत है। यानी उपभोक्ता को प्रति यूनिट 3.95 रुपये चुकाने होंगे। अगर इक्विटी पर रिटर्न को छोड़ दिया जाये तो 14,820 करोड़ रुपये की जरूरत होगी। यानी अगर प्रति यूनिट कीमत 3.82 रुपये से कम हुई, तो ग्रिडको को घाटा होगा।

अगर ओडिशा विद्युत नियामक आयोग 2025-26 में ग्रिडको के प्रस्ताव को स्वीकार करता है, तो थोक मूल्य में 54 पैसे प्रति यूनिट की वृद्धि होगी। यहां यह उल्लेखनीय है कि, सेंट्रल इलेक्ट्रिसिटी सप्लाई यूटिलिटी ऑफ ओड़िशा (सीइएसयू), वेस्टर्न इलेक्ट्रिसिटी सप्लाई कंपनी ऑफ ओड़िशा (डब्ल्यूइएससीओ), वेस्टर्न इलेक्ट्रिसिटी सप्लाई कंपनी ऑफ ओडिशा (एनईएससीओ) और साउथ कंपनी की टाटा को बिक्री के समय देय राशि का भुगतान अभी तक नहीं किया गया है।

रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि चूंकि यह साल चुनावी साल था, इसलिए बिजली की कीमतों में कोई बढ़ोतरी नहीं की गयी, लेकिन, बिजली बिल में बढ़ोतरी से उपभोक्ताओं पर असर पड़ना तय है और मध्यम वर्ग की जेब पर इसका असर पड़ेगा।

# एमपी कांस्टेबल के यहां मिला 'कुबेर का खजाना' 300 किलो सोना-चांदी मिल चुका, कैश का अंबार

- ऑफिस में टाइल्स के नीचे से भी चांदी का भंडार निकला

आजाद सिपाही संवाददाता

**भोपाल।** मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में लोकायुक्त पुलिस को भी शायद उम्मीद नहीं रही होगी कि परिवहन विभाग के जिस पूर्व कांस्टेबल सौरभ शर्मा के ठिकानों पर वह छापेमारी करने जा रही है, वहां 'कुबेर का खजाना' निकलने वाला है। सोना और चांदी किलो नहीं क्विंटल के हिसाब से मिल रहा है। अभी तक करीब 300 किलो सोना-चांदी और करोड़ों की नकदी बरामद हो चुकी है। तीन दिन से तलाश जारी है और टीम जहां हाथ डालती है, वहीं से सोना, चांदी और नकदी निकल रही है। बताया जा रहा है कि सौरभ शर्मा के ऑफिस में टाइल्स के नीचे से भी चांदी का भंडार निकला है।

लोकायुक्त के छापे में अभी तक 234 किलो चांदी और 52 किलो सोना बरामद किया गया है। इससे पहले पूर्व कांस्टेबल के घर से पौने तीन करोड़ रुपये कैश मिल चुका है। भोपाल के ही एक जंगल में लावारिश मिली कार से 52 किलो सोना और करीब 10 करोड़ रुपये कैश मिला था। जिस इनोवा कार में कैश और सोने का ढेर मिला वह चंदन गौर के नाम रजिस्टर्ड है। चंदन सौरभ शर्मा का करीबी दोस्त बताया जा रहा है। सौरभ के घर से करोड़ों रुपये की अचल संपत्ति के कागजात भी मिले हैं। लोकायुक्त पूर्व कांस्टेबल सौरभ शर्मा और उसके सहयोगियों के ठिकानों से मिले संपत्तियों का आंकलन करने में जुटी हुई है।

सौरभ शर्मा के खिलाफ रेड में एक सीक्रेट लॉकर निकला। उसने दफ्तर में टाइल्स के नीचे चांदी की सिल्लियों को छिपाया हुआ था। उसके ठिकाने से हीरे की अंगुठियां, महंगी घड़ियां भी मिली हैं। एक लेडीज पर्स भी बरामद किया गया है, जिसकी कीमत करीब 15 लाख रुपये बतायी जा रही है। एक साल पहले तक करीब 40 हजार रुपये महीने की नौकरी करने वाले सौरभ के पास मिले खजाने को देखकर जांच दल में शामिल अफसर भी हैरान हैं।

सौरभ और चंदन दोनों अभी तक फरार हैं। पुलिस दोनों की तलाश में जुटी हुई है। सौरभ के विदेश भागने की आशंका भी जतायी जा रही है।

# पाकिस्तानी सैन्य पोस्ट पर आतंकी हमला, 16 सैनिकों की मौत

- मशीन गन लूट ली, आतंकी बोले : अपने साथियों की शहादत का लिया बदला

एजेंसी



**कराची।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में शनिवार तड़के आतंकवादियों ने सेना की पोस्ट पर हमला किया। इसमें 16 पाकिस्तानी सैनिकों की मौत हो गई जबकि 5 घायल हैं। घटना अफगानिस्तान बॉर्डर से 40 किमी दूर माकिन में हुई है। न्यूज एजेंसी एएफपी ने सेना के अधिकारी के हवाले से बताया कि 30 से ज्यादा आतंकवादियों ने सेना के पोस्ट पर करीब 2 घंटे तक हमला किया। इस दौरान आतंकवादियों ने चौकी पर मौजूद वायरलेस उपकरण, दस्तावेज समेत कई चीजों में आग लगा दी। इसके बाद सभी मौके से फरार हो गये। मले के बाद से इलाके की घेराबंदी शुरू कर दी गई है। घटनास्थल के पास आतंकवादियों की तलाश जारी है। इस घटना की जिम्मेदारी तहरीक ए तालिबान पाकिस्तान यानी टीटीपी के आतंकियों ने ली है।

**हथियार लूट कर आतंकी फरार :** आतंकवादियों ने सैन्य चौकी पर किए हमले को अपने सीनियर कमांडरों की शहादत का बदला बताया। रिपोर्ट के मुताबिक हमले के दौरान आतंकवादियों ने मशीन गन, नाइट विजन तकनीक सहित कई जरूरी सैन्य उपकरण लूट लिये। हाल ही में 18 दिसंबर को पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में पाकिस्तानी सेना ने तीन अलग-अलग कार्रवाई की थी जिसमें 11 आतंकवादियों को मारने का दावा किया था। उससे पहले 25 अक्टूबर को डेरा इस्माइल खान इलाके में टीटीपी आतंकियों ने हमला किया था। इसमें 10 पाकिस्तानी सैनिकों की मौत हो गयी थी और 8 घायल हो गये थे। यह इलाका अफगानिस्तान बॉर्डर से करीब 70 किमी दूर है। इसी साल सितंबर में पाकिस्तान के प्रतिनिधि मुनीर अकरम ने यूनाइटेड नेशन में कहा था कि टीटीपी दुनिया भर में आतंकी समूहों को तेजी से बढ़ा रहा है। वह अल कायदा के साथ मिलकर वैश्विक आतंकवाद को बढ़ावा दे सकता है।

# मेराल में स्कूल बस पलटी, एक छात्र की मौत, आधा दर्जन घायल



सोगरा बेगम वर्ग 2



कृतिका रानी क्लास 7



राधा कुमारी क्लास वन



आकाश यादव क्लास 6



नीरज पाल वर्ग 2



**घायलों की स्थिति चिंता से बाहर है, बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा गया है : डॉ वीरेंद्र कुमार**

**आक्रोशित लोगों ने किया सड़क जाम, मुआवजा तथा नियमानुकूल कार्रवाई के आश्वासन के बाद हटा जाम**

बलराम शर्मा

**मेराल (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के संगवरिया गांव में शनिवार को बच्चों से भरा स्कूल बस पलट गयी, जिसमें एक छात्र की मौत हो गयी जबकि आधा दर्जन बच्चे घायल हो गये। मृतक वर्ग आठ का छात्र राजू कुमार पाल 13 वर्ष पिता रामप्रवेश पाल ग्राम पतहरिया बताया गया। घायल सभी बच्चों का इलाज मेराल सीएचसी में किया गया, बाद में बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल गढ़वा भेज दिया गया। इलाज कर रहे डॉ अनूप कुमार मड़की, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ वीरेंद्र कुमार, ड्रेसर संजय राम ने कहा कि घायल बच्चों का प्राथमिक उपचार किया गया। सभी खतरे से बाहर हैं, उन्हें सीटी स्कैन तथा बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल गढ़वा के लिए रेफर किया गया है। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास गांव के बड़ी संख्या में ग्रामीण तथा बीडीओ सतीश भगत, स्थानीय चिकित्सक डॉ अनिल साह, थाना प्रभारी विष्णुकांत दलबल के साथ पहुंचकर घायलों को अस्पताल भिजवाया तथा आक्रोशित लोगों को समझा बूझकर यातायात बहाल कराया।

**मेराल के पाराडाईज स्कूल के थे बच्चे :** बता दें कि मेराल प्रखंड मुख्यालय के लखेया मोड के समीप पाराडाईज पब्लिक स्कूल में छुट्टी के बाद बच्चों से भरा स्कूल बस संगवरिया होते हुए बंका, पतहरिया गांव के बच्चों को घर छोड़ने जा रही थी। इसी बीच संगवरिया में एक तीखे मोड़ के पास विपरीत दिशा से आ रहे बाईक सवार को बचाने में बस पलट गयी। स्थानीय चिकित्सक व समाजसेवी डॉ अनिल साह ने कहा कि दुर्घटना के तुरंत बाद मौके पर पहुंचकर घायल बच्चों को बस से बाहर निकलवाने में मदद की तथा अपने अस्पताल में एक घायल बच्चा के कान के पास हो रहे ब्लीडिंग को स्टिच लगाकर बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।

**2 घंटे तक रहा सड़क जाम :** घटना से आक्रोशित लोगों ने मेराल बंका मुख्य पथ को करीब 2 घंटे तक जाम कर दिया। गुस्साए लोगों का कहना था कि पुरानी बस में सीट से अधिक बच्चों को बैठाया जाता था। युवा चालक लापरवाही से बस चलता था पूर्व में भी तीन-चार बकरी को रौंद दिया था। बच्चों तथा परिजनों द्वारा शिकायत करने के बाद भी विद्यालय प्रबंधन द्वारा चालक को नहीं बदला गया जिसके फल स्वरुप यह दुर्घटना हुई। ग्रामीण जिलाधिकारी के घटनास्थल पर आने की मांग कर रहे थे। बाद में बीडीओ सतीश भगत द्वारा पीड़ित परिवार के प्रति संवेदना प्रकट करते हुए प्रशासनिक स्तर से हर संभव मदद एवं मुआवजा दिलाने तथा दोषियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करने के आश्वासन के बाद लोग शांत हुए तब थाना पुलिस शव का पंचनामा कर अंत्य परीक्षण के लिए गढ़वा सदर अस्पताल भेज दिया। घटनास्थल पर संगवरिया मुखिया संजय राम, पढ़ुआ मुखिया आशीष बीआर, दिलजान अंसारी, रमेश राम, अजय यादव, राजू साह आदि ने सहयोग किया जबकि मेराल सीएससी में 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष शंभू प्रसाद, संजय भगत, दशरथ प्रसाद, व्यवसायी संघ के कार्यकारी अध्यक्ष नवीन कुमार, विजय प्रसाद सहित अन्य लोग पहुंचकर घायलों का हाल जाना तथा हर संभव सहयोग करने की बात कही।

### बस दुर्घटना में यह बच्चे हुए घायल

बस दुर्घटना में वर्ग 7 की छात्रा कृतिका रानी, राधा कुमारी वर्ग एक, आकाश यादव वर्ग 6, नीरज पाल वर्ग 2, सोगरा बेगम वर्ग 2 तथा अंकुश यादव का नाम शामिल है। जबकि बस में सवार तीन दर्जन से अधिक बच्चों तथा स्कूल के प्रिंसिपल और एक शिक्षक को भी चोट लगी, सभी के घर वालों आकर घर ले गये तथा स्थानीय स्तर पर इलाज कराया।

# बाबू दिनेश सिंह विवि परिसर में राष्ट्रीय गणित दिवस का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** शनिवार को बाबू दिनेश सिंहपीविश्वविद्यालय के परिसर में स्थित दिनेश कॉलेज आफ एजुकेशन के सेमिनार कक्ष में 'राष्ट्रीय गणित दिवस' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ सुनीता गुप्ता ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित और दीप प्रज्वलित कर किया। सभी प्रशिक्षुओं ने अपने-अपने संबोधन में श्रीनिवास रामानुजन के बारे में भाषण को प्रस्तुत किया, जिसमें अंजली, शाहिद, मिथिलेश, पूजा, मेघा, संदीप, सोनी, प्रियंका, मनीषा, मौसम, श्वेता, अमीषा आदि प्रशिक्षुओ ने भाग लिया। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ सुनीता गुप्ता ने कहा कि श्रीनिवास रामानुजन अपने समय के बहुत अच्छे गणित के ज्ञाता थे, जिन्होंने आध्यात्मिकता के साथ रहते हुए गणित तथा गणित के नये सूत्रों की खोज में रुचि दिखायी। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापकों में अरविंद तिवारी शशिकांत सिंह यादव, जनार्दन शुक्ला, आनंद कुमार चौबे आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन आनंद कुमार चौबे के द्वारा किया गया।

# सदर अनुमंडल पदाधिकारी ने मझिआंव अंचल कार्यालय का किया औचक भ्रमण

आजाद सिपाही संवाददाता

**भूमि विवादों को लेकर लंबित जांचों को शीघ्रता से निस्तारित करने का निर्देश**

**बीडीओ तथा सीओ से संक्षिप्त बैठक कर जाना मझिआंव क्षेत्र का हाल**

**अबुआ आवास को लेकर मिली एक शिकायत के संदर्भ में किया स्थल निरीक्षण**

**गढ़वा।** सदर अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने शनिवार को मझिआंव प्रखंड और अंचल कार्यालय का औचक भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने अंचलाधिकारी प्रमोद कुमार तथा प्रखंड विकास पदाधिकारी कनक के साथ संक्षिप्त बैठक कर इस प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत चल रही विभिन्न योजनाओं की वस्तु स्थिति संबंधित प्राथमिक जानकारी ली। उन्होंने कहा कि मझिआंव अंचल में भूमि विवादों की जांच से संबंधित काफी मामले लंबित है, उन्हें समयबद्ध तरीके से शीघ्र निस्तारित करने हेतु अंचल अधिकारी तथा उनकी टीम को निर्देश दिया गया। अंचल भ्रमण के दौरान एसडीओ ने न केवल वहां मौजूद कई आम नागरिकों से उनकी समस्याओं को जाना बल्कि बीडीओ तथा सीओ से भी दैनंदिन के कार्यों में आ रही व्यावहारिक समस्याओं के बारे में जाना। भ्रमण के क्रम में उन्हें जानकारी मिली कि प्रखंड परिसर में पानी की बड़ी किल्लत है इसको लेकर उन्होंने यहां डीप बोरिंग करवाने की दिशा में नियमानुसार कार्रवाई करने हेतु नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी शैलेश कुमार को निर्देश दिया। प्रखंड भ्रमण के बाद उन्होंने सोनपुरवा पंचायत से संबंधित एक जन शिकायत को लेकर बीवी से संबंधित इस शिकायत की स्थल जांच के दौरान उनके साथ प्रखंड विकास पदाधिकारी, पंचायत सचिव, संबंधित लाभुक के अलावा स्थानीय ग्रामीण मौजूद थे।

# स्वयंसेवकों का विगत 4 वर्षों से प्रोत्साहन राशि का भुगतान नहीं

आजाद सिपाही संवाददाता



**डंडई।** प्रखंड कार्यालय कक्ष में शुक्रवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी देवलाल करमाली को प्रखंड के स्वयंसेवको ने लिखित आवेदन देकर प्रोत्साहन राशि के साथ आवास योजना में कार्य कराने की मांग किया है। आवेदन में स्वयंसेवकों ने लिखा है हमलोगों को पिछले 4 वर्षों से प्रोत्साहन राशि नहीं मिल रहा है। जिससे घर परिवार चलना मुश्किल हो गया है। वही हमलोगों से आवास योजना में कार्य भी नहीं कराया जा रहा है। अपनी मांगों को लेकर हम सभी स्वयंसेवक हड़ताल पर गये थे। समझौता के बाद हड़ताल से हमलोग वापस आये और तत्कालीन बीडीओ जागो महतो को लिखित आवेदन देकर आवास योजना में कार्य कराने की मांग किया था। लेकिन हम लोगों से कार्य नहीं कराया गया। बता दें कि प्रखंड के नौ पंचायतों में प्रधानमंत्री आवास योजना के क्रियान्वयन में पंचायत स्वयंसेवक को रखा गया था। इस बीच प्रधानमंत्री आवास योजना का आवंटन समाप्त होने के बाद आवास योजना का कार्य लगभग बंद हो गया। इसके बाद से स्वयंसेवकों को प्रोत्साहन राशि भी मिलना बंद हो गया। स्वयंसेवक संघ के प्रखंड अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता ने बीडीओ देवलाल करमाली से स्वयंसेवको को प्रोत्साहन राशि भुक्तान के साथ आवास योजना में कार्य कराने की मांग किया। वहीं कहा कि प्रोत्साहन राशि नहीं मिलने से घर परिवार का भरण पोषण में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अगर हमलोगों को प्रोत्साहन राशि मिल जाता तो परिवार के भरण पोषण में सहूलियत होता। इस मौके पर अनुज प्रजापति, नंदलाल कुमार, पंकज कुमार सिंह, राम रक्षा राम, अनुज कुमार साह, नसरुद्दीन अंसारी, जितेंद्र कुमार, पीयूष पटेल, पुष्पा कुमारी सहित अन्य लोग शामिल थे।

# आरके पब्लिक स्कूल हूर में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

**अलखनाथ पांडेय ने कहा कि खेलकूद में भी बेहतर कैरियर की संभावना है, अभिभावक खेल के प्रति बच्चों को प्रेरित करें**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** शनिवार को आरके पब्लिक स्कूल हूर गढ़वा में दूसरी बार एनुअल स्पोर्ट्स डे मनाया गया। वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के शुभारंभ के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में आरके ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशंस गढ़वा के चेयरमैन अलख नाथ पांडेय, विद्यालय के प्रशासक प्रमोद झा और विजय चौबे के द्वारा दीप प्रज्वलित और मशाल जलाकर किया गया, तथा सपथ ग्रहण किया गया।

इस दिनभर के आयोजन में विभिन्न प्रकार के खेल कूद ऐवं कला आयोजित किया गया, जिनमें स्वागत नृत्य, अरेबिक डांस, जुंबा डांस से शुरूवात किया गया और खेल प्रतियोगिता की शुरूवात नर्सरी कक्षा के बच्चों द्वारा ( कलेक्टिंग बॉल, बैलेंस बकेट रेस, बिस्कुट रेस ) के बच्चों द्वारा ( बनाना रेस, क्रोलिंग चेयर, फ्रॉग रेस) यूकेजी के बच्चों द्वारा ( बर्स्टिंग बैलून, बैलेंसिंग बैलून, स्कूल बैग रेस) कक्षा 1 और 2 के बच्चों द्वारा ( 100 मीटर ,बैक रेस, 1 लेग रेस) 3 और 4 के द्वारा ( 200 मीटर रेस, 3 लेग रेस, स्पून मार्बल रेस ) 5 और 6 के द्वारा ( 300 मीटर रेस, सैक रेस, स्किपिंग रेस) किया गया।

विद्यालय के निदेशक अलखनाथ पांडेय ने छात्रों को खेल के प्रति जूनून विकसित करने के लिए प्रोत्साहित कर कहा कि खेलकूद में भी बेहतर कैरियर की संभावना है। अभिभावक खेल के प्रति बच्चों को प्रेरित करें। उन्हें मोबाइल गेम से दूर रखें और स्वयं आउटडोर गेम्स में साथ लेकर जाएं ताकि उनका शारीरिक व मानसिक विकास अच्छे से हो सके। इस अवसर पर स्कूल की प्राचार्या महोदय नरसिन हक, समन्व्यक शैला खान, मीडिया प्रभारी रौशन धर दूबे, शिक्षिका छाया चौबे, सुनीता दास, प्रेमांजली कुमारी, पूर्णिमा कुमारी, निधि तिवारी, अंजलि तिवारी, शिक्षक अजय शर्मा, राकेश तिवारी, इंद्रजीत कुमार, मनीष कुमार के साथ - साथ सभी छात्र - छात्राओं और सभी अभिभावकगण उपस्थित हुए।

## राम साहू ने हरिजन स्कूल को सूरत पांडेय ने ज्ञान निकेतन को हराया



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** जिला पब्लिक स्कूल समन्वय समिति के तत्वाधान में गोविंद हाई स्कूल के मैदान में खेले जा रहे हैं। 23वीं गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के छठे दिन राम साहू उच्च विद्यालय ने हरिजन मध्य विद्यालय को आठ विकेट से हराया, वहीं दूसरे मैच में ज्सूरत पांडये पब्लिक स्कूल ने ज्ञान निकेतन को रोमांचक मुकाबले में एक विकेट से हराकर अगले चक्र में प्रवेश किया। ज्ञान निकेतन कान्वेंट स्कूल ने पहले बल्लेबाजी करते हुए कार्तिक के 12 रनों के सहयोग से 57 रन ही बना पायी। सूरत पांडे पब्लिक स्कूल की ओर से विक्की ने चार विकेट लिए। जवाबी पारी खेलने उतरी सूरत पांडे पब्लिक स्कूल की टीम ने उदित के नाबाद 17 रनों के सहयोग से एक ओवर शेष रहते 9 विकेट खोकर विजय लक्ष्य को पा लिया। ज्ञान निकेतन की ओर से दो-दो विकेट प्राप्त किया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार विक्की को दिया गया। दूसरे मैच में मध्य विद्यालय में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 43 रनों पर ही सिमट गयी। जवाबी पारी खेलने उतरी राम साहू की टीम ने दो विकेट खोकर यगीज 18 और कार्तिक के 10 रनों की बदौलत दो विकेट खोकर 44 रन बना लिया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार रामा साहू के यगीज को दिया गया। इस मौके पर उपाध्यक्ष मुजीबुदिन खान, सचिव आनंद सिन्हा, सह सचिव प्रिंस सोनी, कोषाध्यक्ष कमलेश कुमार दुबे, अभिषेक द्विवेदी आदि अन्य उपस्थित थे।

# किसी भी परिस्थिति में अवैध खनन न हो : डीसी

**अवैध खनन, परिवहन और भंडारण की रोकथाम को लेकर उपयुक्त ने की बैठक**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** जिला में अवैध खनन, परिवहन और भंडारण की रोकथाम हेतु शनिवार को समाहरणालय गढ़वा स्थित सभागार में उपायुक्त शेखर जमुआर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय टास्क फोर्स की समीक्षात्मक बैठक आयोजित हुई। यह बैठक ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनों माध्यमों से आयोजित की गयी। बैठक में उप विकास आयुक्त पशुपतिनाथ मिश्रा, अपर समाहर्ता राज महेश्वरम समेत अनुमंडल पदाधिकारी गढ़वा, नगर उंटारी और रंका समेत कई वरीय पदाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों ने भाग लिया। जबकि वर्चुअल रूप से वीसी के जरिये पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय, जिले के सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी एवं सभी थाना प्रभारियों ने भी भाग लिया। जिले में अवैध खनन, परिवहन एवं भण्डारण की रोकथाम को लेकर बैठक में कई प्रमुख बिंदुओं पर चर्चा कर उपायुक्त ने अंचल अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को दिशा निर्देश दिए। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि जिले में अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण से संबंधित शिकायत प्राप्ति पर त्वरित मामले की गहन जांच कर संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई करें। उन्होंने सभी संबंधित पदाधिकारियों को सक्रिय भूमिका निभाने को कहा। उपायुक्त ने सभी संबंधित पदाधिकारी एवं थाना प्रभारी को सतत निगरानी रखते हुए कार्रवाई का निर्देश दिया। उपायुक्त ने अवैध रूप से बालू ढुलाई की सूचना पर त्वरित कार्रवाई का निर्देश दिया। बैठक में उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी थाना प्रभारी को लीगल बालू ढुलाई को ना रोकने का निर्देश दिया गया एवं निर्गत रसीद देखने को कहा गया। उपायुक्त ने कहा कि किसी भी परिस्थिति में अवैध खनन न हो यह संबंधित क्षेत्र के पदाधिकारी एवं थाना प्रभारी सुनिश्चित करें, जिससे जिले में अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण पर पूर्णतः प्रतिबंधित किया जा सके। इस बैठक में उपरोक्त पदाधिकारियों के अतिरिक्त वन प्रमंडल पदाधिकारी गढ़वा उत्तरी, भूमि सुधार उप समाहर्ता गढ़वा एवं रंका, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, जिला खनन पदाधिकारी सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा, जिला आपूर्ति पदाधिकारी आदि समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी और कर्मी उपस्थित थें।

## टेलर और कार में टक्कर, एक की मौत, दो घायल



**रंका (आजाद सिपाही)।** रंका थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग 343 पर भदुआ घाटी के पास टेलर और कार में टक्कर हो गयी, जिसमें कार पर सवार बाबा बस के स्टाफ कुणाल पांडेय की मौत हो गयी और दो लोग घायल हो गये। घायलों को ईलाज हेतु सदर अस्पताल गढ़वा भेज दिया गया है।

## छात्र-छात्राओं को पढ़ाई के साथ-साथ शैक्षणिक भ्रमण आवश्यक : उर्मिला कुमारी



**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के सिंदुरिया पंचायत के पीएम उत्क्रमित मध्य विद्यालय घाघरा के सभी छात्र-छात्राओं को शनिवार को प्रधानाध्यापिका उर्मिला कुमारी के नेतृत्व में एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण पर उत्तर प्रदेश के सोनभद्र ले जाया गया। सिंदुरिया पंचायत के मुखिया नंदलाल पाठक, उप मुखिया वैश खा, बीडीसी संजू देवी, बीपीओ रविंद्र मेहता ने हरी झंडी दिखाकर भ्रमण दल को रवाना किया। विद्यार्थियों ने रिहंद बांध, बिडला मंदिर, वन मंदिर, राधा कृष्ण मंदिर, डाला मंदिर सहित कई जगहों का भ्रमण किया। प्रधानाध्यापिका उर्मिला कुमारी ने कहा कि छात्र-छात्राओं के विद्यालय के पढ़ाई के साथ-साथ शैक्षणिक भ्रमण भी अति आवश्यक है। बच्चों का मानसिक विकास और तेजी से होता है। शैक्षणिक भ्रमण में बीपीओ रविंद्र मेहता, सीआरपी उपेंद्र सिंह, शिक्षक राकेश चौबे, उदय गुप्ता शामिल थे।

## नितेश सिंह ने मुखिया को दी श्रद्धांजलि



**रंका (आजाद सिपाही)।** गढ़वा बीस सूत्री जिला उपाध्यक्ष नितेश सिंह ने रंकाकला पंचायत के दिवंगत मुखिया सविता गुप्ता के ब्रम्हभोज में शामिल हुए और मुखिया के तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने ने मुखिया पति राजेश कुमार मद्धेशिया को दुख सहन करने हेतु ढांढस बंधाया। इस मौके पर झामुमो अनुमंडल अध्यक्ष जैनुल्लाह अंसारी, जिपस प्रतिनिधि राहुल तिवारी, खरडीहा मुखिया प्रतिनिधि सह झामुमो, युवा अनुमंडल अध्यक्ष पप्पू यादव, युवा प्रखंड उपाध्यक्ष संतोष कुमार रवि, शिव रवि सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## विदाई समारोह का किया गया आयोजन



**कांडी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के खुटहेरिया पंचायत अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय खुटहेरिया की सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापिका प्रतिमा कुमारी की विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पंचायत के बीडीसी अभिनंदन शर्मा थे। शिक्षिका प्रतिमा कुमारी 30 नवंबर को सेवा कार्य से सेवानिवृत्त हुई हैं। वे इस विद्यालय में 2001 में योगदान की थीं। इस अवसर पर मुख्य अतिथि बीडीसी अभिनंदन शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि सरकारी सेवा से सेवानिवृत्त होना यह एक नियमित प्रक्रिया है। मौके पर शिक्षक छठी लाल प्रसाद, वुनियादी विद्यालय कुशहा की प्रधानाध्यापिका रेणु बाला सिंह, उदय कुमार गुप्ता, अंगद प्रसाद गुप्ता सहित कई लोग उपस्थित थे।

## बलात्कार का आरोपी अफजल गिरफ्तार




**मझिआंव (आजाद सिपाही)।** मझिआंव के पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सुनील कुमार तिवारी द्वारा बलात्कार के आरोपी बरडीहा थाना क्षेत्र के सेमरी गांव निवासी अख्तर अंसारी के शादीशुदा 30 वर्षीय पुत्र अफजल अंसारी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। इधर इस संबंध में प्रभारी थाना प्रभारी सह पुलिस इंस्पेक्टर सुनील कुमार तिवारी ने बताया कि नाबालिक किशोरी के पिता के द्वारा लिखित आवेदन दिया गया है, जिसमें उनकी लड़की अपहरण किया इसके बाद सुनसान जगह पर एक स्कॉर्पियो में बलात्कार करने का आरोप लगाया गया है उन्होंने कहा कि किशोरी की मेडिकल जांच भी करायी गयी है।

## मुखिया संघ ने डीडीसी को सौंपा मांग पत्र



**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** भवनाथपुर मुखिया संघ के अध्यक्ष बेबी देवी ने डीडीसी को मांग पत्र सौंप कर मनरेगा योजना के तहत प्रत्येक पंचायत में मिट्टी मोरम पथ तथा पशु शेड निर्माण हेतु इसकी स्वीकृति दिलाते हुए उक्त दोनों योजनाओं को पुनः चालू कराने की मांग की। इस मौके पर मुखिया गायत्री देवी, इशरत जहां, लाईची देवी, अनिता देवी सरिता देवी, नंदलाल पाठक, सुकनी देवी आदि मौजूद थे।

## सत्संग सह भंडारा का हुआ आयोजन



**बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** विश्व ध्यान दिवस पर श्री श्री ठाकुर अनुकूल चंद्र के अनुयायियों द्वारा सत्संग उपासना केंद्र उर्जित्पा, जंगीपुर, नगर उंटारी में सत्संग सह भंडारा का आयोजन किया गया। तत्पश्चात संध्या कालीन प्रार्थना, समवेत नाम जप ध्यान, सत्यानुशरण ग्रन्थ पाठ नारीनीति ग्रन्थ पाठ, शाश्वती ग्रंथ पाठ किया गया। इष्ट चर्चा करते हुए सत्संगी माया मां ने कहा कि श्री श्री ठाकुर जी का दीक्षा ग्रहण कर सत्य के पथ पर चलते हुए अच्छे कर्म कर अपना जीवन को सार्थक करना है। क्योंकि कर्म ही पाने की जननी है। सत्संगी अखिलेश दा ने कहा कि प्रत्येक मनुष्य को प्रति दिन ईश्वर का नाम जप एवं ध्यान, सत्संग करना चाहिए। ऋत्विक विजय नंदन सिन्हा ने कहा कि सर्वप्रथम अपने आप पर ध्यान देना चाहिए। सत्संग कार्यक्रम के पूर्व दीक्षा कार्यक्रम, घड़ा फोड़ प्रतियोगिता, सूई धागा प्रतियोगिता, टॉफी रेस प्रतियोगिता, किया गया। घड़ा फोड़ प्रतियोगिता में प्रथम चंद्रावती मां, द्वितीय माला मां, तृतीय विमला मां को स्थान मिला। टॉफी रेस प्रतियोगिता के प्रथम ग्रुप में सुजय कुमार को प्रथम, प्रेरणा कुमारी को द्वितीय,तथा अंजली कुमारी को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ,तथा इसी प्रतियोगिता के द्वितीय ग्रुप में आंचल कुमारी को प्रथम, आशु कुमारी को द्वितीय,तथा अंजनी कुमारी को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। सत्संग में राज कुमार दा, संजय, राहुल, शक्ति दास सिन्हा, धृतिदीप, राकेश, पप्पू जायसवाल सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

## किसानों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**रंका (आजाद सिपाही)।** रंका अनुमंडल प्रखंड मुख्यालय स्थित रंकाकला पंचायत सचिवालय में शनिवार को झारखंड नवीकरणीय उर्जा विकास एजेंसी के द्वारा कृषि क्षेत्र में उर्जा संरक्षण पर किसानों और संबंधित हित धारकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित किसानों को जरेडा के उर्जा प्रबंधक चिरंजीवी सिंह के द्वारा सोलर फोटो वाल्केट का उपयोग, घरों में वर्षा जल संरक्षण और जल संरक्षण आदि के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। इस मौके पर बीटीएम त्रिभुवन सिंह, राकेश सिंह,पवन कुमार, प्रभारी मुखिया रणजीत सोनी, पंचायत सचिव सोनी कुमारी, किसान मित्र शैलेंद्र तिवारी सहित काफी संख्या में किसान उपस्थित थे।

## पांच दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन

पिपरवार (आजाद सिपाही)। कोयलांचल क्षेत्र के राय अंबेडकर फुटबॉल मैदान में शनिवार से पांच दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि खलारी प्रखंड के पूर्व जिला परिषद सदस्य सह मजदुर नेता अब्दुल्लाह अंसारी और विशिष्ट अतिथि में राय पंचायत की मुखिया शीला देवी, पूर्व प्रमुख एतवारा महतो, पूर्व मुखिया प्रदीप उरांव, जेएलकेएम के रांची जिला उपाध्यक्ष दीपक, दिनेश, तुलसी भुईयां मौजुद थे। अतिथियों के द्वारा सामूहिक रूप से फीता काटकर और खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ किया। टूर्नामेंट का उद्घाटन मैच पतरातू रसदा बनाम नेहरू क्लब खलारी के बीच खेला गया, जिसमें पेनाल्टी शूटआउट में नेहरू क्लब खलारी की टीम ने जीत दर्ज की। अब्दुल्लाह अंसारी ने कहा कि ग्रामीण इलाकों के खिलाड़ियों में काफी प्रतिभा होती है, ऐसे खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाने की जरूरत है।

### संत जोसेफ इंटर कॉलेज में क्रिसमस गैदरिंग का आयोजन

# प्रेम, शांति और भाईचारे का त्योहार है क्रिसमस : सुदीप

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** तोरपा स्थित संत जोसेफ इंटर कॉलेज में शनिवार को क्रिसमस गैदरिंग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत फादर फ्रांसिस केरकेट्टा की अगुवाई में पवित्र मिस्सा अनुष्ठान के साथ हुई। मिस्सा के बाद कॉलेज परिसर में कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि विधायक सुदीप गुड़िया, एसडीपीओ क्रिस्टोफर केरकेट्टा, प्रभारी प्राचार्य फादर तेजकुमार लिंडा आदि ने दीप जलाकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। उद्घाटन के पश्चात कॉलेज के विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। छात्र-छात्राओं ने प्रभु येशु के जन्म की झांकी भी प्रस्तुत की। मौके पर विधायक सुदीप गुड़िया ने सभी को क्रिसमस की बधाई देते हुए कहा कि यह त्योहार प्रेम, शांति व आपसी भाईचारे का है। उन्होंने कहा कि संत जोसेफ इंटर कॉलेज क्षेत्र में शिक्षा का दीप जला रहा है। यहां शिक्षा के साथ साथ संस्कार भी मिलता है। यह कॉलेज अपने अनुशासन के लिए भी जाना जाता है। उन्होंने कहा कि जीवन में सफलता के लिए शिक्षा के साथ-साथ संस्कार व अनुशासन का होना जरूरी है।

कार्यक्रम में स्वागत भाषण प्रो. थॉमस आईंद और संचालन रीना कुमारी, फूलो भेंगरा तथा आभा धान ने किया धन्यवाद ज्ञापन फादर तेजकुमार लिंडा ने किया. मौके पर फादर बलधीर बारला, जेम्स धाम, थॉमस आईंद, अजित कोनगाडी, अनिल कुमार सिन्हा, ममता वर्मा आदि उपस्थित थे।



### पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करें विद्यार्थी : एसडीपीओ

मौके पर एसडीपीओ क्रिस्टोफर केरकेट्टा ने कहा कि विद्यार्थी मन लगाकर ईमानदारी से पढ़ाई करें, सफलता जरूर मिलेगी। उन्होंने विद्यार्थियों को बाइक चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करने तथा गति पर नियंत्रण रखकर वाहन चलाने को कहा।

# सरकारी आदेशों को ठेंगा दिखाते हुए संचालित हो रहे अवैध ईंट भट्ठे

**मिली जानकारी के अनुसार यह धंधा बे-रोक टोक जारी है, ये लोग सरकारी नियम कानून की धज्जियां उड़ा रहे हैं**

आजाद सिपाही संवाददाता

**अड़की।** खूंटी जिला के अड़की प्रखंड को अफीम के सौदागरों ने अपने आगोश में ले रखा है। वहीं अड़की में सरकारी आदेशों को ठेंगा दिखाते हुए अवैध ईंट भट्ठे खूंटी-तमाड़ सड़क के किनारे सिंदरी में संचालित किये जा रहे हैं। माइनिंग विभाग खूंटी, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आदेश को भी नहीं मानते हैं। खूंटी उपायुक्त और एसडीओ के आदेश अखबारों के पन्नों और टोकरियों में दफन हो जा रहें हैं, इसमें अड़की पुलिस की भूमिका संदिग्ध है। मिली जानकारी के अनुसार यह धंधा बे-रोक टोक जारी है, ये लोग सरकारी नियम कानून की धज्जियां उड़ा रहे हैं। हर समय इस सड़क पर उपायुक्त और एसपी वगैरह वरिष्ठ पदाधिकारियों का आना जाना लगा रहता हैं, लेकिन किसी की नजर इस पर नहीं पड़ती है। पुलिस हिसाब-किताब में लगी रहती है। ईंट भट्ठे वाले ईंटा के दाम भी बढ़ा दिये हैं, उनका कहना है कि उपर अवैध रुपये देने पड़ते हैं। अभी फिर नये भट्ठे लगाने के लिए तैयारी की जा रही है। ये भट्ठे वाले प्रखंड सह अंचल थाना और सफेद पोश को खुश करते हैं और चोरी छुपे यह धंधा चला रहे हैं। हालांकि पुलिस प्रशासन ने नक्सलियों पर कुछ हद तक दबिश कर पायी है, लेकिन फिर भी अफीम और अवैध खनन के धंधे सर चढ़कर बोल रहे हैं। इस पर भी नक्सली नजर गड़ाये बैठे हैं फिर पुलिस प्रशासन करती क्या हैं? क्या इन्हें रोक पाने में सक्षम नहीं है या किसी के दबाव में रहती है। इन पर आम आदमी और गरीब गुरुवा की दबिश रहती है। दबंग सेटिंग कर चलते हैं, जिससे आम लोगों का विश्वास घटता जा रहा है।



## तोरपा के विद्या विहार पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनायी गयी क्रिसमस गैदरिंग



खूंटी (आजाद सिपाही)। तोरपा के एनएचपीसी परिसर स्थित विद्या विहार पब्लिक स्कूल तोरपा में शनिवार को क्रिसमस गैदरिंग का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि आरसी चर्च तोरपा पल्ली पुरोहित फादर हीरालाल हुनी पूर्ति ने प्रार्थना कर तथा चरनी के पास दीप जलाकर कार्यक्रम की शुरूआत की। इस अवसर पर उन्होंने क्रिसमस का संदेश देते हुए कहा कि यह त्योहार हमें आपस में प्रेम करना सिखाता है। इस दौरान बच्चों ने प्रभु येशु से सबंधित नाटक प्रस्तुत किये तथा मसीही भजन गाये। मौके पर उषा हंस ओझा, समर प्रसाद, सेबेस्टीयन धान, विद्यालय प्रबंध समिति के बीरेंद्र कुमार यादव, बिलकन तोपनो, हेमंत गुप्ता आदि उपस्थित थे। **सामुएल इन्फेन्ट स्कूल मे क्रिसमस गैदरिंग :** तोरपा के समुएल इन्फेन्ट हार्ट एकेडमी में भी शनिवार को क्रिसमस गैदरिंग के मौके पर प्रार्थना सभा हुई, तथा बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। मौके विद्यालय के सचिव आईडी मार्शल मुंडू, प्राचार्य प्रेमिका भेंगरा, उप प्राचार्य अनीमा केरकेट्टा आदि उपस्थित थे।

## तोरपा की सड़कों पर वाहनों से रात को गिराया जाता है रसायनयुक्त कचरा, लोगों की परेशानी बढ़ी



खूंटी (आजाद सिपाही)। ओडिशा के राउरकेला से जमशेदपुर तक आयरन ओर का कचरा ढोन वाले कुछ ट्रकों द्वारा सड़क पर रसायनयुक्त गिला कचरा गिरा दिये जाने से क्षेत्र के लोगों का जीना मुहाल हो गया है। गिला कचरा तो परेशानी का सबब बन ही रहा है, जब कचरा सूख जाता है, तो उसकी रसायनयुक्त धूल से लोगों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कचरे में रसायन मिला होने के कारण लोगों खासकर बच्चों के स्वास्थ्य पर इसका काफी बुरा असर पड़ रहा है। कचरा ढोने का यह सिलसिला पिछले कई महीनों से जारी है। ट्रकों का कचरा गिरने से और धूल के कारण सड़क किनारे की दुकानों में धूल की मोटी परत जम जाती रही है। इस संबंध में तोरपा के थाना प्रभारी ने कहा कि किसी नागरिक द्वारा कोई लिखित शिकायत नहीं की गयी है। थाना प्रभारी ने कहा कि आखिर वाहन पर किस धारा के तहत मामाला दर्ज किया जाये। उन्होंने ने कहा कि इसके ट्रांस्पोर्टर को बुलाया गया है। उसको चेतावनी दी जायेगी कि वह कचरे को सुरक्षित ढंग से उसके गंतव्य तक पहुंचाएं।

## लक्ष्य निर्धारित कर मेहनत करें विद्यार्थी सफलता जरूर मिलेगी : उपायुक्त



खूंटी (आजाद सिपाही)। टीसीआई डीएवी पब्लिक स्कूल गोविंदपुर रोड जम्हार में शनिवार को वार्षिक उत्सव और विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि उपायुक्त लोकेश मिश्रा और विशिष्ट अतिथी जरियागढ के ठाकुर जयेंद्र नाथ शाहदेव ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। मौके पर उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने कहा कि पढ़ाई में ध्यान केंदित करें और लक्ष्य निधारित कर मेहनत करें, सफलता जरूर मिलेगी। उन्होंने कहा कि डीएवी पब्लिक स्कूल स्कूल शिक्षा के क्षेत्र में अच्छा काम कर रहा हैं। टीसीआई डीएवी पब्लिक स्कूल गोविंदपुर रोड जम्हार सफलता पूर्वक उंचाइयो को छू रहा है। 2005 में डीएवी ग्रुप से मिलकर टीसीआई ने डीएवी पब्लिक स्कूल गोविंदपुर रोड जम्हार का उद्घाटन तत्कालीन मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा और पूर्व सांसद कडिया मुंडा के हाथों हुआ था। यहां का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा, जो विद्यालय के शिक्षकों और बच्चों के अथक प्रयास परिणाम हैं। स्कूल के चेयरमैन धर्मपाल अग्रवाल ने कहा कि मैं बच्चों के इस उपलब्धि से बहुत खुश हूं। मौके पर कर्रा की बीडीओ स्मिता नागेशिया, सीओ वंदना भारती आदि उपस्थित थे।

## आइआरबी-3 कैंप में क्रिसमस गैदरिंग का आयोजन



पिपरवार (आजाद सिपाही)। सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र स्थित बचरा आईआरबी-3 कैंप परिसर में क्रिसमस गैदरिंग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि आईआरबी 3 के डीएसपी अजय कुमार केसरी उपस्थित थे। क्रिसमस गैदरिंग का शुभारंभ डीएसपी अजय कुमार केशरी ने केक काटकर किया। क्रिसमस गैदरिंग के दौरान कैरोल गीत संगीत गाये गये। इस कार्यक्रम को मुख्य अतिथि डीएसपी अजय कुमार केसरी ने संबोधित करते हुए कहा कि क्रिसमस का त्योहार आपसी प्रेम को दर्शाता है। वहीं कार्यक्रम में मौजूद मंडेर चर्च के फादर सुनील बाड़ा द्वारा प्रार्थना किया गया और संदेश दिया। इस अवसर पर पुलिस मेंस एसोसिएशन अध्यक्ष राजेंद्र उरांव, उपाध्यक्ष अरुण कुमार चंद्रवंशी, सचिव आनंदी यादव, कोषाध्यक्ष राजीव रंजन, सब इंस्पेक्टर रंजीत सिंह, सब इंस्पेक्टर मंटू कुमार, परेश मराडी, जागेश्वर उरांव, फुलेश्वर महतो, राजेश, किशोर लकड़ा समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

# सनातनियों ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ निकाली आक्रोश रैली

**आक्रोश मार्च के बाद राष्ट्रपति के नाम प्रेषित ज्ञापन बुंडू एसडीएम किष्टो कुमार बेसरा को सौंपा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**बुंडू।** बुंडू में सनातनियों ने शनिवार को बुंडू नगर में एक आक्रोश मार्च निकालकर राष्ट्रपति के नाम प्रेषित ज्ञापन बुंडू एसडीएम किष्टो कुमार बेसरा को सौंपा। यह रैली धुर्वा मोड़ मौसीबाड़ी से प्रारंभ होकर थाना रोड, नेताजी सुभाष चौक, पहुंचकर यहां नेताजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया, पुनः रैली आगे बढ़ते हुए कालीमंदिर, चौकबाजार होते हुए बुंडू अनुमंडल कार्यालय पहुंची। इस बीच आक्रोश रैली में शामिल लोग हाथों में तख्तियां लिये थे, जिसमें लिखा था बंग्लादेश होश में आओ, बांग्लादेश में हिंदुओं पर हिंसा बंद करो, बांग्लादेश के महिलाओं का बलात्कार बंद करो, बांग्लादेश के मंदिरों पर आक्रमण बंद करो, बांग्लादेश में इस्कॉन के निर्दोष संतो को झूठे मुकदमों में जेल भेजना बंद करो, इस्कॉन का केस लड़नेवाले वकीलों पर जानलेवा हमला करना बंद करो, बंग्लादेश में नाबालिग लड़कियों का धर्मांतरण बंद करो, चिन्मय कृष्ण दास को रिहा करो, बांग्लादेश में हिंदुओं पर आक्रमण मानवता पर आक्रमण है, इत्यादि नारे लिखे थे। इस अवसर पर संस्कृति विहार, विश्व हिंदू परिषद, हिंदु सेना, जय हो सेवा संस्था के सदस्य जुलूस में सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल रहे।



## होम्योपैथिक चांदसी दवाखाना के डॉ योगेश चंद्र हलधर का निधन



डॉ योगेश चंद्र हलधर।

बुंडू (आजाद सिपाही)। पांच परगना के होम्योपैथिक चांदसी दवाखाना के डॉक्टर योगेश चंद्र हलधर का शनिवार की सुबह निधन हो गया, उनकी उम्र 98 वर्ष था। उनके निधन से पांच परगना के लोगों में उदासी छायी है, वह अपने पीछे चार पुत्र और भरा पूरा परिवार छोड़ गये हैं।

## 6 एकड़ भूमि पर लगे अफीम के पौधों को किया गया नष्ट

बुंडू (आजाद सिपाही)। वरीय पुलिस अधीक्षक रांची के निर्देशन में बुंडू थाना क्षेत्र के शनिवार को हुमटा ग्राम के जंगली क्षेत्र के आसपास में लगभग 6 एकड़ भूमि पर लगे अफीम के छोटे-छोटे पौधों को नष्ट किया गया, और बुंडू थाना अंतर्गत पढ़ने वाले आयनिक क्षेत्र के जंगली भू-भाग के आसपास में अफीम पुस्तक की खेती का गुप्तचर द्वारा पता लगाया जा रहा है। सूचना प्राप्त होते ही अग्रिम कार्रवाई की जायेगी।

# मैकलुस्कीगंज-पिपरवार रेल लाइन पर रैयतों की बंदी दूसरे दिन भी रही जारी

**रैयतों का कहना है कि जब तक नौकरी मुआवजा नहीं मिलेगा, तबतक रैयत अब आंदोलन से हटने वाले नहीं है और रेल लाइन से कोयला ढुलायी बंद रहेगा, और इस बार आरपार की लड़ाई होगी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मैकलुस्कीगंज।** रैयतों का नौकरी मुआवजा को लेकर मैकलुस्कीगंज-पिपरवार रेल लाइन फेज वन की बंदी दूसरे दिन भी जारी रहा। शनिवार को भी रैयत विस्थापित मोर्चा के नेतृत्व में रैयतो ने रेलवे ट्रैक पर धरना दिया। इस आंदोलन के कारण पिपरवार राजधर साईडिंग से कोयला ढुलाई ठप हो गया है। रैयतों का कहना है कि जब तक नौकरी मुआवजा नहीं मिलेगा, तबतक रैयत अब आंदोलन से हटने वाले नहीं है और रेल लाइन से कोयला ढुलायी बंद रहेगा, और इस बार आरपार की लड़ाई होगी। इधर रैयत विस्थापित मोर्चा के केंद्रीय सचिव रामचंद्र उरांव, केंद्रीय उपाध्यक्ष इकबाल हुसैन और एरिया उपाध्यक्ष अमृत भोगता भी आंदोलन स्थल पर पहुचे और आंदोलन कर रहे रैयतों के साथ रेल ट्रैक पर बैठे रहे।

वहीं पिपरवार एरिया सिक्युरिटी ऑफिसर हेमचंद महतो भी सीसीएल सुरक्षा जवानों के साथ आये और रैयतो से उनकी मांगों को लेकर जानकारी ली। रैयत विस्थापित मोर्चा के शिवनारायण लोहरा ने बताया कि कई वर्षों से रैयत नौकरी मुआवजा के लिए संघर्ष कर रहे हैं, लेकिन आजतक केवल आश्वासन के सिवा कुछ नहीं मिला है और रैयत कार्यालय के चक्कर लगाकर तक चुके हैं इसलिए अब नौकरी मुआवजा मिलेगा तभी आंदोलन वापस होगा अन्यथा बंदी जारी रहेगा।

इस मौके पर इकबाल हुसैन, अमृत भोगता, शिवनारायण लोहरा, हेमलाल गंझू, सुकर गंझु, कृष्णा भोगता, रमेश साव, ताहिर अंसारी, विनय टोप्पो, बिनोद मुंडा, रुपनाथ गंझु, ठाकुर साव सहित कई ग्रामीण शामिल थे।



### बचरा में सिस्टा पिपरवार ने गृह मंत्री का किया पुतला दहन

# बाबा साहेब के अपमान को देश बर्दाश्त नहीं करेगा : कामेश्वर

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा चार नंबर चौक में शनिवार की शाम कोल इंडिया एससी/ एसटी इंपलाईज एसोसिएशन सिस्टा पिपरवार क्षेत्र के द्वारा भारत सरकार के केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का पुतला दहन किया। इस दौरान सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित होकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ जमकर नारेबाजी की, साथ ही गृह मंत्री अमित शाह को माफी मांगने और अपने पद से इस्तीफा देने की मांग की गयी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि गृह मंत्री अमित शाह ने संसद में संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर को अपमानित करने का काम किया है। गृह मंत्री ने बाबा साहब को लेकर जिन शब्दों के साथ अपमान किया है उसके विरोध में पूरे देश में विरोध और पुतला दहन का किया जा रहा है। वक्ताओं ने कहा कि जिस संविधान की शपथ लेकर गृह मंत्री अमित शाह संसद में पहुंचे हैं, उसी संविधान निर्माता को अपमानित करने का काम किया है। बाबा साहेब के अपमान को देश किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगा। वक्ताओं ने कहा कि यदि जल्द ही अमित शाह अपने पद से इस्तीफा देकर माफी नहीं मांगते हैं तो सड़क से लेकर सदन तक जोरदार आंदोलन किया जायेगा। पुतला दहन के दौरान उपस्थित लोगों ने जमकर विरोध प्रदर्शन करते हुए गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ नारेबाजी की। इस मौके पर सिस्टा के पिपरवार क्षेत्रिय अध्यक्ष आनन्द मुंडा, क्षेत्रिय सचिव कामेश्वर राम, बाबूलाल राम,शत्रुघ्न विश्वकर्मा, नरेश सेठ, बागेश्वर राम, चमन महतो, नागेश्वर राम, प्रदीप राम, जेम्स उरांव, डीएन महतो, कृष्णा यादव, शत्रुघ्न विश्वकर्मा, लखेश्वर लाल, अनिल कुमार, सुनील मुंडा, धीरज कुमार पासवान, राजेश मुंडा, गंगा राम, जमुना रजवार, मनीष बोदरा, अगनु देशवाल, रविंद्र महतो, मेघनाथ कुमार, सूरज कुमार, देवनाथ राम, रामजीत राम सहित सैकड़ों की संख्या में लोग मौजुद थे।



गृह मंत्री अमित शाह का पुतला जलाते

## महिलाओं का फुटबॉल खेल का आयोजन





सोनाहातू (आजाद सिपाही)। सोनाहातू थाना मैदान में महिलाओं का फुटबाल खेल हुआ। जेंडर कैंपन नयी चेतना 3 के तहत महिला फूटबाल खेल का आयोजन किया गया, जिसमें चार टीमों ने भाग लिया, जिसमें प्रथम पुरस्कार सोनाहातू सीएलएफ और द्वितीय पुरस्कार जमुदाग सीएल एफ हुआ। विजेता टीम को मुख्य अतिथि समाजसेवी श्याम कुमार महतो के द्वारा दिया गया और उपविजेता टीम को बीपीएम सुनील कुमार राणा के हाथों दिया गया। मैन ऑफ द सीरीज संजोती देवी को दिया गया और मैन ऑफ द मैच संगीता कुमारी को दिया गया। खेल का संचालन धनु कुमार नाग ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में ललित कुमार, लखिंद्र मुंडा, दीपक कुमार, अजय केशरी, समया लाकड़ा, वीणा पानी देवी, महेश्वरी देवी, शंपा देवी, विंदु देवी, जयंती देवी, सबिता पुराण ने योगदान किया।

## अविलंब 3200 रुपये प्रति क्विंटल भुगतान किसानों को किया जाये : डॉ दिलीप सोनी

तमाड़ (आजाद सिपाही)। पिछड़ा वर्ग संघर्ष मोर्चा के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ दिलीप सोनी और प्रधान महासचिव अरुण कश्यप ने कहा कि झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने चुनाव घोषणा पत्र में कहा था कि मेरी सरकार बनेगी, तो किसानों से 3200/-रूपया प्रति किविंटल धान की खरीद करेंगे, लेकिन सरकार बनने के बाद मुख्यमंत्री के आदेशानुसार झारखंड सरकार द्वारा 2400/-रूपया प्रति क्विंटल धान खरीदा जा रहा है साथ ही झारखंड सरकार के खाद्य और आपूर्ति मंत्री इरफान अंसारी ने घोषणा की थी कि 100/-रुपये प्रति क्विंटल अतिरिक्त बोनस के रूप में दी जायेगी, लेकिन अभी तक हर प्रखंड के लैंपस के माध्यम से मात्र 2400/-रूपया प्रति क्विंटल ही भुगतान किया जा रहा है जबकि 2500/-रूपया करना चाहिए था। पिछड़ा वर्ग संघर्ष मोर्चा के नेता डॉ सोनी और कश्यप ने झारखंड सरकार से मांग की है कि इस पर तत्काल करवाई करते हुए और किसानों की समस्या को देखते हुए अविलंब 3200/-रूपया प्रति क्विंटल भुगतान किसानों को किया जाय, जैसा की घोषणा पत्र में कहा गया था, नहीं तो पिछड़ा वर्ग संघर्ष मोर्चा सड़क पर उतरने के लिए बाध्य हो जायेंगे।

## जेनेट एकेडमी में क्रिसमस गैदरिंग का आयोजन




मैकलुस्कीगंज (आजाद सिपाही)। जेनेट एकेडमी हेसालौंग में शनिवार को क्रिसमस गैदरिंग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के रंजीत सिंह ने केक काटकर किया एवं छात्र-छात्राओं को क्रिसमस की बधाई दी। प्रचार्य ने छात्रों को प्रभु यीशु के जीवनी से परिचित कराते हुए कहा कि क्रिसमस पर्व मानवता की भलाई व जरूरतमंदों को यथाशक्ति दान देने के लिए प्रेरित करता है। मौके पर शिक्षक जोसेफ नटाल, विजय गुप्ता, कृष्ण कुमार श्रीवास्तव, क्रांति कांत, ऋषि प्रसाद, सीमा यादव अमृता कुमारी, पूजा साहु, मधु, सुधा सहित विद्यालय के अन्य शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

## बुंडू मेन रोड पिछले डेढ़ महीने से अंधेरे में है

बुंडू (आजाद सिपाही)। बुंडू मेन रोड पिछले डेढ़ महीने से अंधेरे में डूबा है, लोग बुंडू नगर पंचायत से इसकी शिकायत करते करते थक जा रहे हैं, लेकिन नगर पंचायत के कानों में जूं तक नहीं रेंगती है। लोगों का कहना है कि बुंडू नगर पंचायत को नया काम कराने में दिलचस्पी है और मरम्मति काम में दिलचस्पी नहीं दिखायी पड़ती है, इसलिए इस ओर उनका ध्यान नहीं हैं। इसका खामियाजा स्थानीय लोग भुगत रहे हैं। अंधेरे का लाभ उठाकर चोर लोगों के घरों और दुकानों में चोरी का प्रयास कर रहे हैं। इस संदर्भ में लोगों ने स्थानीय विधायक और उच्चाधिकारियों से हस्तक्षेप की मांग की है।

## मसीही विश्वासियों ने निकाली क्रिसमस उत्सव शोभायात्रा




खूंटी (आजाद सिपाही)। मसीही विश्वासियों द्वारा शनिवार को क्रिसमस उत्सव शोभायात्रा निकाली गयी। शोभायात्रा आरसी चर्च परिसर से शुरू होकर चर्च रोड, हिल चौक, कर्रा मोड़ होते हुए पेट्रोल पम्प तक गई। वहां से शोभायात्रा पुनः चर्च परिसर लौटकर समाप्त हो गयी। शोभायात्रा के दौरान केरौल गये गये। युवाओं की टोली मसीही भजन पर झूमते नजर आयी। शोभायात्रा के दौरान मेन रोड में क्रिसमस का केक काटा गया तथा शांति के प्रतीक कबूतर उड़ाये गये। शोभायात्रा में विधायक सुदीप गुड़िया भी शामिल हुए। उन्होंने लोगों को क्रिसमस की शुभकामनाएं दीं। विधायक ने शोभायात्रा में युवाओं संग खूब झूमे। शोभायात्रा में फादर रवि पॉल एक्का, सिस्टर प्रसिता गुड़िया, सिस्टर चंदरमुनी, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष रुबेन तोपनो आदि उपस्थित थे।

## केंद्रीय टीम ने किया बेड़ो प्रखंड का दौरा



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** केंद्र सरकार की 8 सदस्य टीम ने शनिवार को बेड़ो प्रखंड का दौरा कर विभिन्न योजनाओं की क्रियान्वयन और जमीनी सतह पर योजनाओं की गुणवत्ता की समीक्षा की। सर्वप्रथम प्रखंड सभागार में विभिन्न विभाग के पदाधिकारी एवं कर्मियों के साथ बैठक की। जिसमें मुख्य रूप से मनरेगा, पीएमजीवाई ग्रामीण, अबुआ आवास, कल्याण विभाग से संचालित योजनाएं, स्वास्थ्य एवं शिक्षा आदि योजनाओं के संबंध में जानकारी ली। बैठक का आगाज करते हुए जिला योजना पदाधिकारी संजीव कुमार सिंह ने उपस्थित कर्मी और पदाधिकारी का परिचय प्राप्त करते हुए प्रखंड स्तर पर संचालित योजनाओं के विषय में बताया। वहीं, सीओ प्रताप मिंज ने प्रखंड में चलाए जा रहे विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। बताया कि मनरेगा एवं आवास की 2256 योजनाएं प्रखंड में संचालित हैं। उन्होंने योजनाओं के लाभ दिए जाने के प्रावधान के संबंध में विस्तार से बताया। ग्राम सभा के महत्व के साथ ही सरकार की महत्वाकांक्षी योजना सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के संबंध में बताते हुए योजनाओं के चयन के संबंध में अहम जानकारी दी। बैठक के बाद ईंटा पंचायत अंतर्गत मनरेगा पार्क का केंद्रीय टीम ने भ्रमण किया। फील्ड निरीक्षण के क्रम में भारत सरकार की ओर आई इस टीम ने आम बागबानी, टीसीबी, डोभा, अबुवा आवास व सिंचाई समेत अन्य योजनाओं का निरीक्षण करते हुए इस संबंध में कई अहम जानकारियां ली। वहीं मौके पर मौजूद पूर्व मुखिया बुधराम बाड़ा ने पंचायत में चल रहे विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने किसानों की बदलती आर्थिक स्थिति के बारे में बताया। भ्रमण कर रही टीम ने ग्राउंड लेवल पर योजनाएं देखकर खुशी जाहिर किया। मौके पर केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के अनुभाग अधिकारी रोहित कुमार, गौरव भारद्वाज, पवन कुमार राम, पुष्पा एक्का, कावेरी शिवराम कृष्णन, श्रीदेवी श्रीधर, संजीव कुमार डीपीओ, बीपीओ संजय तिर्की, सहायक अभियंता पुरुषोत्तम भाई पटेल, राजेश नायक, फारूक नदीम, कनीया अभियंता अभय आशीष कोया, दुर्गा टाना भगत, उप मुखिया तंजीर हुसैन आदि मौजूद थे।

## हुंडरू फॉल पथ के डॉक्टर मोड़ पर पलटी स्कूली बच्चों से भरी बस, दो दर्जन स्कूली बच्चे घायल




**सिकिदीरी (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के सिकिदीरी हुंडरु फॉल मार्ग के डॉक्टर मोड़ पर शनिवार को स्कूली बच्चों से भरी एक बस अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में करीब 25 बच्चे घायल हो गये। सभी को ओरमांझी स्थित मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बतातें चलें कि कोडरमा के राईजिंग पब्लिक स्कूल चंदवारा की स्कूल बस में सवार होकर 60 बच्चे एवं शिक्षक एजुकेशन टूर पर हुंडरु फॉल घुमने जा रहे थे। बताया जा रहा है कि स्कूल बस एक बाइक सवार को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित हो गार्डवाल में टकरा कर पलट गई। इसके साथ ही बच्चों में चीख-पुकार व अफरा-तफरी मच गई। इसकी सूचना पाकर जेएलकेएम के केंद्रीय सचिव बालेश्वर बेदिया व स्थानीय पवन भोगता चंद्र मोहन भोगता, राजकिशोर प्रसाद, लक्ष्मण सोनी, एवं स्थानीय सिकिदीरी पुलिस मौके पर पहुंच गये। बस का शीशा तोड़कर काफी मशक्कत के बाद घायल बच्चों को  बाहर निकाला गया। इसके बाद गाड़ी की व्यवस्था कर बेहतर ईलाज के लिए ओरमांझी स्थित मेदांता अस्पताल भेजा गया। कुछ बच्चों के सिर में चोट लगी है, जबकि एक बच्चे का पैर टूट गया है।

## मधु राय के हत्यारों की जल्द हो गिरफ्तारी : आरती



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** भाजपा खिजरी मंडल का एक प्रतिनिधिमंडल राजा उलातू उनीडीह स्थित मृतक मधु राय के परिजनों से मिलकर उनके प्रति संवेदनाएं व्यक्त की। प्रतिनिधिमंडल ने परिजनों से पुलिस प्रशासन द्वारा अब तक की गई कार्रवाई की जानकारी ली। ज्ञात हो कि समाजसेवी मधु राय की 16 दिसंबर को दिनदहाड़े कवाली रिंग रोड पर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। अपराधियों के बढ़ते हौसले के कारण लोग डरे हुए हैं। हत्या के छह दिन बाद भी अपराधियों का कोई सुराग नहीं मिल पाया है। मृतक के परिजनों ने बताया कि पुलिस ने जल्द ही अपराधियों की गिरफ्तारी का आश्वासन दिया है। लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रही भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष आरती कुजूर ने झारखंड सरकार और जिला प्रशासन से मधु राय के हत्यारों को जल्द गिरफ्तार करने की मांग की। उन्होंने कहा कि यदि प्रशासन शीघ्र कार्रवाई नहीं करता है तो स्थानीय लोग आंदोलन करने को मजबूर होंगे। आरती कुजूर ने झारखंड में बढ़ते अपराध पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि हेमंत सरकार के सत्ता में आने के बाद अपराधियों के हौसले बुलंद हो गए है। उन्होंने सरकार से बेटियों और आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की अपील की। प्रतिनिधिमंडल में मंडल अध्यक्ष अशोक मुंडा, प्रदेश नेत्री अंजली लकड़ा, बिजेंदर राय, निर्मला सिंह, गोरखनाथ सिंह, पुष्पा चौधरी, तुलसी गोप, समीर राय, एतवा विश्वकर्मा आदि उपस्थित थे।

## रामटहल चौधरी महाविद्यालय में आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ समापन

**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** भारतीय खेल प्राधिकरण के सौजन्य से ओरमांझी स्थित राम टहल चौधरी महाविद्यालय ददडाग में आयोजित तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का समापन हो गया। समापन सत्र में रांची विश्वविद्यालय के पीजी अंग्रेज विभाग के फोरमर विभागाध्यक्ष डॉ विष्णु चरण महतो के अलावा आरटीसी बीएड कॉलेज के निदेशक डॉ रुद्रनारायण महतो, खेलो इंडिया बिहार-झारखंड के एडिशनल डायरेक्टर करण सधवानी शामिल हुए। इस दौरान 100 मीटर, 200मीटर एवं 1000 मीटर की दौड़, क्विज प्रतियोगिता, निबंध लेखन, योग प्रतियोगिता, पेंटिग प्रतियोगिता, खो-खो खेल, संगीत प्रतियोगिता आदि के विजय प्रतिभागियों को अतिथियों ने मेडल देकर सम्मानित किया। खेलकूद प्रतियोगिता में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ भीम महतो की अहम भूमिका रही। आइक्यूएसी के कोऑर्डिनेटर मीनू कुमारी, डॉ अनुराधा कुमारी, डॉ सुमन कुमार, मो इमरान अंसारी, प्रो रेणु चौधरी, प्रो राम कुमार महतो, प्रो योगेन्द्र ठाकुर, प्रो रेणु कुमारी, प्रो अमिता कुमारी, प्रो कृष्ण कुमार, प्रो भवेश कुमार, पुष्पा, टिकेश्वर चौधरी के अलावा संचालक मो गफ्फार अंसारी व प्रो मीनू कुमारी आदि उपस्थित थे।

# किशोर की संदिग्ध परिस्थिति में हुई मौत, क्षतिग्रस्त कुआं से शव बरामद

## चार दिनों से था लापता, सुराग बताने पर 10 हजार का था इनाम

आजाद सिपाही संवाददाता

**चान्हो।** थाना क्षेत्र के चटवल गांव के एक खेत में स्थित कुआं से शनिवार को 17 साल के एक किशोर का शव बरामद किया गया। उसकी पहचान मो रिजवान के रूप में हुई है। वह पिछले चार दिनों से लापता था। बताते चलें कि राजीवनगर निवासी व्यवसायी मुंतजिर आलम का पुत्र मो रिजवान 18 दिसंबर की शाम से ही लापता था। वह अपने घर से चान्हो चौक जाने की बात कह कर निकला था। उसके बाद से ही लापता है। काफी तलाश करने के बाद परिजनों ने थाने में लापता होने की शिकायत दर्ज करायी थी। पुलिस अपने स्तर से उसका पता लगाने की कोशिश कर रही थी। इससे नाराज होकर चान्हो चौक के दुकानदारों ने शनिवार को पूरे दिन अपनी दुकानें बंद भी रखा। पता चला है कि रिजवान की खोजबीन के लिए शुक्रवार को खोजी कुत्ता भी मंगाया गया था, पर कुछ पता नहीं चल पाया था। थाना प्रभारी चंदन कुमार गुप्ता ने रिजवान के विषय में किसी प्रकार की सूचना दिये जाने वाले को 10 हजार रुपये इनाम देने की भी घोषणा की थी। थाना प्रभारी चंदन कुमार गुप्ता ने बताया कि शनिवार को भी लापता रिजवान का पता लगाने के लिए उसके कॉल डिटेल एवं परिजनों से मिले इनपुट के आधार पर कई लोगों से पूछताछ की गयी थी। इसी बीच शाम को चटवल गांव के निकट स्थित एक धंसे कुएं से उसका शव बरामद हुआ। चटवल का ही एक किसान पटवन के लिए कुएं के निकट गया, तो उसमें तैरता हुआ शव देखा था। इसके निकाले जाने के बाद उसकी पहचान रिजवान के रूप में की गयी।



कुआं से निकाला जा रहा शव।

## कुरीतियों को दूर हटाने के प्रति संस्था कृत संकल्पित: विक्रम महतो

- लापुंग के लतरातू नवाटोली गांव में सेवा शिविर का आयोजन
- मारुति मंगल परिवार ने 1751 लोगों के बीच कंबल बांटे



आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो/लापुंग।** लापुंग प्रखंड के लतरातू नवाटोली गांव स्थित मारुति मंगल धाम परिसर में शनिवार को मारुति मंगल परिवार धार्मिक व सामाजिक संस्था के तत्वावधान में सेवा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें प्रखंड के 1751 सर्व समाज के जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया। साथ ही खिचड़ी खिलाया गया। शिविर में लोगों के बीच सामाजिक कुरूतियों व अंधविश्वासों को दूर करने संबंधी मुद्दों को लेकर चर्चा की गयी। संस्था के अध्यक्ष विक्रम महतो ने कहा कि संस्था के सदस्य निःस्वार्थ भाव से सेवा कर समाज को सुधारने में लगे हैं। समाज की कुरुतियों को दूर हटाने के प्रति संस्था कृत-संकल्पित है। कहा कि हमारी सामाजिक व सांस्कृतिक विरासत बहुत समृद्ध है। हम सभी का दायित्व बनता है कि अपनी भाषा, वेशभूषा, अपने पुरखों से मिली परंपरा संस्कृति और रीति रिवाज की धरोहर को संजोकर रखें। यह हमारी पहचान है। वहीं, मुकुंद महतो ने कहा कि हमारी संस्था का यही प्रमुख उद्देश्य है कि समाज से सभी कुरीतियां खत्म हों और सर्व समाज का कल्याण हो। जिप सदस्य हिंदिया टोप्पो ने कहा कि संस्था की ओर से किया जा रहा कार्य सराहनीय है। कहा कि समाज की सभी कुरूतियों का मूल कारण अशिक्षा है। अगर लोग शिक्षित होंगे तो समाज में स्वतः सुधार आएगा। संस्था के संगठन सचिव सुमेश महतो ने कहा कि संस्था के सदस्य विभिन्न गांवों में जाकर लोगों के बीच सामाजिक कुरूतियों, नशापान, जुआ, दहेज प्रथा, बाल विवाह व शिक्षा के महत्व सहित कई विषयों पर ग्रामीणों को जागरूक भी करते हैं। जिससे लोगों का आर्थिक और सामाजिक पतन ना हो। इस मौके पर ग्राम प्रधान मंचू महतो, मुखिया अलका तिर्की, मनोज उरांव, राजेंद्र राम व सुखदेव उरांव के अलावा मुनेंद्र लोहरा, मनोज मिस्त्री, एतवा उरांव, संदीप उरांव, आजाद उरांव, चिंतामणि उरांव, चिंतामणि सिंह, मनधीरण गोप, पीतांबर गोप, संदीप कुमार रुद्रा व भोला कोइरी आदि उपस्थित थे।

## दो बाइक की भिड़ंत में दो की मौत



**ठाकुरगांव (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के रातू-ठाकुरगांव मुख्य पथ में मंदनाटोली के पास शनिवार की देर शाम दो बाइको की सीधी टक्कर में दो युवकों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार बुढ़मू थाना क्षेत्र के बुढ़मू पाहनटोली निवासी मुकेश लोहरा अपनी बाइक से रातू से बुढ़मू की ओर जा रहा था। वहीं, विपरीत दिशा से आ रहे बुढ़मू थाना क्षेत्र के डडिया टेटरतोली निवासी प्रदीप यादव अपने मौसेरा भाई गिद्दी थाना क्षेत्र के कनकी निवासी सचिन यादव के साथ बाइक से इटहे की ओर जा रहा था। तभी दोनों बाइकों की आमने सामने टक्कर हो गयी, जिसमें प्रदीप यादव (23) और मुकेश लोहरा (25) की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं सचिन यादव घायल हो गया। उसका प्राथमिक उपचार स्पर्श अस्पताल में करने के बाद बेहतर इलाज के लिए रिम्स अस्पातल रेफर किया गया है। वहीं, पुलिस ने दोनों शवों के साथ ही बाइक जब्त कर लिया है।

## असंतुलित होकर नदी में गिरे व्यक्ति की मौत

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के पतराटोली स्थित जुमार नदी से शनिवार की सुबह एक व्यक्ति का शव बरामद हुआ। उसकी पहचान बरगांवा निवासी डब्ल्यू सिंह (48) के रूप में हुई। परिजनों के अनुसार डब्लू शुक्रवार की शाम से ही लापता था। बताया जा रहा कि वह घर के पास नदी किनारे असंतुलित होकर पानी में गिर गए थे। जिससे चोट लगने और ठंड के कारण मृत्यु हो गई। इसकी जानकारी पाकर नामकुम पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रांची रिम्स अस्पताल भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया। शनिवार देर शाम मृतक का अंतिम संस्कार नामकुम-डोरंडा रोड स्थित स्वर्णरेखा घाट पर कर दिया गया।

## ठगी और लूटपाट करनेवाले गिरोह के 4 सदस्य गिरफ्तार



काम दिलाने के नाम पर मजदूरों को बनाते थे शिकार

**इटकी (आजाद सिपाही)।** बेड़ो पुलिस उपाधीक्षक अशोक कुमार राम के नेतृत्व में टीम गठित कर क्षेत्र में हो की जा रही ठगी व लूट गिरोह से जुड़े सरगना को पुलिस ने गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया। पुलिस अदिकारी ने इस दिन संवाददाता सम्मेलन कर बताया कि भंडारा थाना क्षेत्र के रहने वाले बली महली ने विगत दिनों थाने में लिखित आवेदन देकर लूटपाट की शिकायत दर्ज कराई थी। जिसपर थाना प्रभारी अभिषेक कुमार ने संज्ञान लेते हुए जांच टीम गठित की गई। जिसमें पुलिस अवर निरीक्षक सुमित कुमार दास एवं विवेक कुमार दुबे ने जांच शुरू की। इस दौरान जांच टीम ने चान्हों थाना क्षेत्र स्थित तरंगा ग्राम के मल्टी बूढ़ा खुखरा से सरफराज आलम, जमशेद खान, आफताब खान और तरंगा ग्राम निवासी सूनील नायक को मांडर से गिरफ्तार कर लिया। आरोपितों के पास से सात मोबाइल फोन व दो बाइक बरामद किया गया हया। इनमें से एक बाइक के सभी पार्ट खुले हुए थे। जांच के दौरान पाया गया कि पकड़े गए आरोपित मजदूरों को काम दिलाने के नाम पर उनसे ठगी व लूटपाट की जाती थी। अधिकारी ने बताया कि पकड़े गये युवकों से पूछताछ कर इनके गिरोह से जुड़े अन्य सदस्यों के बारे में पता लगाने की कोशिश की जा रही है।

## खिजरी विधायक ने किया शिक्षा प्रेमी स्व. लालमोहन शाही की प्रतिमा का अनावरण

# हर घर में पेयजल उपलब्ध कराना मेरी प्राथमिकता में: राजेश कच्छप

आजाद सिपाही संवाददाता

**सिकिदिरी।** नवागढ़ पंचायत के शिक्षा प्रेमी मानकी लालमोहन शाही ने 103 साल पहले यानी वर्ष 1921 में जब देश गुलामी की दंश झेल रही थी, तब उन्होंने अपने क्षेत्र में शिक्षा के विकास के लिए अपनी जमीन दान कर दो कमरे से स्कूल की शुरूआत की थी। आज वही विद्यालय विधायक राजेश कच्छप के प्रयास से उच्च विद्यालय में परिणत हो गया है। आज उनके त्याग, तपस्या, सादगी और देश प्रेम की प्रेरणा लोगों को मिलता रहे इसके लिए उनके पोता विवेकानंद शाही एवं पोती फाल्गुनी शाही के नेतृत्व में राज्यकीय उच्च विद्यालय नवागढ़ के प्रांगण में खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने उनकी प्रतिमा का अनावरण किया। इस अवसर पर स्व शाही के पूरे वंशज मौजूद थे, जिन्हें स्कूल प्रबंधन की ओर से अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य हरेकृष्ण चौधरी ने विद्यालय की उन्नति व आवशयकताओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। जबकि विधायक राजेश कच्छप ने कहा कि  स्व लालमोहन शाही हमारे लिए प्रेरणा श्रोत हैं। आज हम इनकी प्रतिमा का अनावरण कर भावी पीढ़ी को एक संदेश पहुंचाने का प्रयास किये हैं, ताकि अपने देश व समाज के विकास के लिए हम भी यथा संभव सकारात्मक प्रयास कर सकें। उन्होंने कहा कि पंचायत के प्रत्येक परिवार में पेयजल के लिए कोई दिक्कत नहीं होगा। हर घर में पेयजल उपलब्ध कराना मेरी प्राथमिकता में है। कहा कि विधानसभा के प्रत्येक तीन पंचायत में एक प्लस-टू विद्यालय की स्थापना करने का हमारा प्रयास है। इस मौके पर अनगड़ा पूर्वी के जिला परिषद राजेंद्र शाही मुण्डा, प्रमुख दिपा उरांव, आजसू नेता सह टाटी मुखिया रामानन्द बेदिया, मानकी राजेन्द्र शाही, भाजपा एस्टी मोर्चा अध्यक्ष बुधराम बेदिया, पंसस नवागढ़ फाल्गुनी शाही, मुखिया भुवनेशवर बेदिया, जोन्हा मुखिया कृष्णा मुण्डा, मानकी कामख्या नरायण शाही, विवेकानंद शाही, राजेंद्र शाही, उदयशंकर शाही, रोहित शाही, खरवार विकास संघ के अध्यक्ष पंचम भोगता, संतोष बेदिया, सुरेश कुमार महतो, दिलीप मिर्धा, जयदेव पाण्डेय, भरत पाण्डेय, दीपक मुण्डा आदि उपस्थित थे।



## सिल्ली विधायक ने जोन्हा क्षेत्र में रखी विकास योजनाओं की आधारशिला



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** सिल्ली विधायक अमित महतो ने शुक्रवार को जोन्हा क्षेत्र में कई विकास योजनाओं की आधारशिला रखी। उन्होंने सबसे पहले मध्य विद्यालय जोन्हा में शौचालय निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। उसके बाद सुरसू पंचायत में मुख्यमंत्री ग्राम सेतू योजना के तहत स्वीकृत उच्चस्तरीय पुल निर्माण सहित अन्य योजनाओं की आधारशिला रखी। इस अवसर पर ग्रामीणों ने क्षेत्र की समस्याओं से विधायक को अवगत कराया। उन्होंने ग्रामीणों से हर समस्या का समाधान प्राथमिकता के आधार पर करने की बात कही। मौके पर दिनेश प्रजापति, योगेंद्र पातर, सीताराम पातर, जयराम महली, रिझुवा मुंडा, कृष्णा मुंडा, जगदीश मुंडा, सुरसु मुखिया आदि उपस्थित थे।

## मंत्री हफीजुल अंसारी से मिला विस्थापित परिवार समिति का प्रतिनिधिमंडल



**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** हटिया विस्थापित परिवार समिति का एक प्रतिनिधिमंडल शनिवार को राज्य के मंत्री हफिजुल अंसारी से मिलकर एचईसी क्षेत्र के विस्थापितों की समस्याओं को रखा। साथ ही एक मांग पत्र भी सौंपा। जिसके बाद मंत्री जी ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया एक उच्च स्तरीय बैठक कर विस्थापितों की समस्याओं का निराकरण जल्द कराया जाएगा। प्रतिनिधि मंडल में हटिया विस्थापित परिवार समिति के अध्यक्ष पंकज शाहदेव, महासचिव कलाम आजाद  समिति के सचिव महावीर मुंडा सह सचिव अनिल महतो, फिरोज अंसारी आदि थे।

## रांची सीआरसी और दिल्ली आरसीआइ की फैकल्टी डेवलपमेंट कार्यशाला का समापन

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** सीआरसी रांची और आरसीआई नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित पांच दिवसीय आवासीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम कार्यशाला का शनिवार को समापन हुआ। कार्यशाला में झारखंड के 53 शिक्षक शामिल हुए, जो दिव्यांगता के क्षेत्र में कार्यरत हैं। इस अवसर पर झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय के डॉ सुधांशु शेखर और आरसीआई के पदाधिकारी संजय झा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। सीआरसी रांची के निदेशक सूर्यमणि प्रसाद ने भी समापन समारोह में भाग लिया और कार्यशाला के उद्देश्यों और उसके प्रभाव पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि यह कार्यशाला दिव्यांगता के क्षेत्र में काम कर रहे शिक्षकों के लिए ज्ञान और कौशल बढ़ाने का एक महत्वपूर्ण अवसर थी। कहा कि इस तरह के कार्यक्रम समावेशी और सुलभ शिक्षा प्रणाली को मजबूत करने में मददगार होते हैं। आरसीआई के अधिकारी संजय झा ने इस पहल को शिक्षकों को और अधिक सक्षम बनाने की दिशा में एक सराहनीय प्रयास बताया। कार्यशाला के दौरान दिव्यांगता से संबंधित नीतियां, नियम, अधिनियम, अभिगम्यता, उच्च शिक्षा में समावेशन और अन्य समसामयिक विषयों पर सत्र आयोजित किए गए। सत्रों का संचालन झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय, सीआईपी रांची, ऐमिटी विश्वविद्यालय और अन्य प्रतिष्ठित संस्थानों के विशेषज्ञों द्वारा किया गया। इनमें डॉ सुचेता सेन चौधरी, डॉ प्रणय परासर, चांदनी मिश्रा, डॉ डॉली रंजन, डॉ रोशनी सिंह, प्रकृति सिन्हा और निलेश कुमार प्रमुख थे। डॉ प्रीति तिवारी और मुकेश कुमार सहायक प्राध्यापक सीआरसी रांची ने कार्यशाला का संचालन किया।

## कैंपिंग समारोह सह क्रिसमस गैदरिंग का आयोजन

**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** कुलप्रकाश नर्सिंग कॉलेज में शनिवार को लैंप लाईटिंग व कैंपिंग समारोह सह क्रिसमस गैदरिंग का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ डॉ आरके उपाध्याय सहित अन्य अतिथियों ने किया। इससे पहले आगंतुक अतिथियों का स्वागत पारंपरिक तरीके से किया गया। वहीं कॉलेज के निदेशक कुलदीप सिंह एवं पूजा सिंह ने सभी अतिथियों को अंगवस्त्र व पौधा भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर कुलदीप सिंह ने संस्थान की उपलब्धियों एवं आगे और बेहतर करने की प्रस्तावित योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। इस दौरान आयोजित क्रिसमस गैदरिंग में नर्सिंग के छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किया। इस अवसर पर डॉ उपाध्याय ने सभी को क्रिसमस की शुभकामनाएं दी। कहा कि यह त्योहार हमें आपस में प्रेम करना सिखाता है। कहा कि कुलप्रकाश संस्थान में झारखंड के सुदूर ग्रामीण इलाकों सहित अन्य प्रदेशों से आकर छात्र छात्राएं नर्सिंग की गुणवातापूर्ण शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। इस मौके पर पूर्व मुखिया मधुसूदन मुंडा, दुर्गा सोरेन विश्वविद्यालय के डीन डॉ फैजी मुजफ्फर, जीनियस एजुकेशन के निदेशक विनोद सर, नगड़ी हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर के निदेशक आरिफ हसन, आईवाईएनएस नर्सिंग कॉलेज के निदेशक अखिलेश सिंह, रामलखन, पीएन सिंह, युधिष्ठिर महतो, मो आलम, धर्मेन्द्र, विकास राज, अजय, विजय चौधरी, उदय प्रताप, केशव, विपिन चौहान, लखिया लकड़ा, सज्जाद अंसारी, ललित व शिशिर भगत आदि उपस्थित थे।

## जनकल्याण समर्पण संस्थान ने की खेल महोत्सव की समीक्षा, विभिन्न मुद्दों पर चर्चा

**रांची (आजाद सिपाही)।** गैर सरकारी संगठन जनकल्याण समर्पण संस्थान ने 24 नवंबर से 15 दिसंबर तक चले खेल महोत्सव 2024 को लेकर शनिवार को समीक्षा बैठक की। जिसकी अध्यक्षता संस्थान के अध्यक्ष सुजीत कुमार ने की। इसमें केंद्रीय कोर कमेटी के सदस्य शामिल हुए। संस्थान के अध्यक्ष सुजीत कुमार ने बताया की स्वर्ण रेखा जल विद्युत परियोजना सिकिदिरी फुटबॉल मैदान में 22 दिनों तक चले खेल के महाकुंभ में फुटबॉल, क्रिकेट, कबड्डी, रस्सा कस्सी, इंडोर गेम्स, तैराकी एथलेटिक्स आदि खेलों में हर वर्ग के बालक-बालिकाओं की कुल 187 स्पर्धाएं आयोजित हुई। अगले वर्ष संस्थान की ओर से खेल महोत्सव को भव्य बनाने के लिए खेल महोत्सव से पहले एक लाख लोगों से सुझाव लेगी। वक्ताओं ने कहा कि इस खेल महोत्सव में बहुत से प्रतिभावान खिलाड़ियों का चयन हुआ है जिसे संस्थान हर सुविधा उपलब्ध कराकर आगे बढ़ाने का प्रयास करेगी। संचालन कोषाध्यक्ष रमण कुमार ने किया। मौके पर खेल प्रभारी राष्ट्रीय तैराक अमन कुमार जायसवाल व पिंकी कुमारी, महासचिव सत्यपाल राउत, सचिव राजकुमार, मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार दीपू आदि उपस्थित थे।

# गरीबों की सेवा ईश्वर की सेवा के बराबर है: बबीता



कसमार (आजाद सिपाही)। कसमार प्रखंड के खैराचातर आनंद मार्ग आवासीय उच्च विद्यालय की ओर से सोमवार को कंबल वितरण समारोह आयोजित हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पेयजल स्वच्छता एवं मद्य निषेध विभाग के मंत्री योगेंद्र प्रसाद की प्रतिनिधि सह गोमिया की पूर्व विधायक बबीता देवी भी शामिल हुईं। उन्होंने 310 जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण किया। बबीता ने कहा कि जरूरतमंदों, निहायत गरीब, असहाय, लाचार, वृद्ध औरर दिव्यांग लोगों के बीच कड़ाके की ठंड व शीतलहरी को देखते हुए आनंद मार्ग के सदस्यों के सौजन्य से मानव सेवा के उदेश्य से कंबल का वितरण किया गया है। कहा कि गरीबों की सेवा से बढ़कर कोई पुण्य का काम नहीं है। गरीबों की सेवा ईश्वर की सेवा के बराबर है। उन्होंने कहा कि आज के समय में कई जरूरतमंद पैसों के अभाव के कारण इस कड़ाके व कनकनी की ठंड में तन ढकने के लिए गर्म वस्त्र नहीं खरीद पाते है। इन दिनों कड़ाके की ठंड पड़ रही है। जरूरतमंद लोगों को ठंड से कुछ राहत दिलाने का प्रयास किया जा रहा है, जो सराहनीय है। इस मौके पर आनंद मार्ग आवासीय उच्च विद्यालय के सचिव आचार्य देव प्रकाशानंद अवधूत, प्राचार्या रजनी रंजना, शिक्षाविद विगन प्रसाद जायसवाल, 20 सूत्री अध्यक्ष दिलीप हेम्ब्रम, नागेश्वर चौधरी, आनंद महतो, तुलसीदास जायसवाल, मनोज कुमार, आशिष जायसवाल, शिक्षक प्रतिनिधि कुमारी रेशमी, भोला साव, सुरेश महली, राजेन्द्र ठाकुर, सूरज पाण्डेय, दिलीप महतो, योगेश महतो, राहुल शर्मा, तपस्या, कुलदीप, रघु, ललिता, मोना, किरण, दीपिका के अलावे वीणा देवी, सुरेन्द्र नाथ महतो, लालदेव महतो, छत्रु महतो, हरजीवन महतो, मनोज सिंह, जितेन्द्र पाहन आदि मौजूद थे।

# राज्यपाल ने पहला कदम स्कूल के दिव्यांग बच्चों के हित में किये जा रहे प्रयासों की सराहना की



धनबाद (आजाद सिपाही)। नारायणी चेरिटेबल ट्रस्ट की ओर से संचालित जगजीवन नगर स्थित दिव्यांग बच्चों की विशेष स्कूल पहला कदम की टीम ने शनिवार को राज्यपाल संतोष गंगवार से औपचारिक मुलाकात की। इस अवसर पर पहला कदम की सचिव अनिता अग्रवाल, प्रतिक अग्रवाल और कौशल अग्रवाल ने मुलाकात कर स्कूल की ओर से दिव्यांगता के क्षेत्र में किये जाने वाले कार्यो को साझा किया। इस पर राज्यपाल ने पहला कदम स्कूल के दिव्यांग बच्चों के हित में किये जाने वाले प्रयासो की सराहनी की। राज्यपाल द्वारा की गई यह मुलाकात दिव्यांग बच्चों के सुनहरे भविष्य के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के क्षेत्र मे उत्कृष्ट कार्य करने के लिए बेहतर प्रयास करेगा। राज्यपाल ने पहला कदम स्कूल के दिव्यांग बच्चों के हित में साथ देने का आश्वासन भी दिया।

# विधायक राज सिन्हा ने मानव सेवा परिषद व युवा शक्ति के कंबल वितरण की सराहना की



धनबाद (आजाद सिपाही)। जिले में ठंड लगातार बढ़ रही है। ऐसे में असहाय जरूरतमंदों के बीच कंबल बांटकर उन्हें ठंड से राहत देने के लिए मानव सेवा परिषद व युवा संघर्ष मोर्चा (जनवादी) के संयुक्त तत्वाधान में शनिवार को धनबाद के पुराना बाजार स्थित बाबा शनि मंदिर के समीप एकत्रित हुए गरीब गुर्बो के बीच कंबल व नाश्ता का वितरण किया गया। उक्त कार्यक्रम में विधायक राज सिन्हा भी शामिल हुए। उन्होंने संस्था के इस प्रयास की सरहना करते हुए कहा कि वे अपने स्तर से भी कंबल वितरण एवं जगह-जगह अलाव की व्यवस्था करेंगे। ताकि लोगों को ठंड से राहत पहुंचाई जा सके। वहीं, समाजसेवी उदय प्रताप सिंह ने कहा कि उन्होंने इस ठंड में एक हजार कंबल बांटने का लक्ष्य रखा है। साथ ही डीसी से जिले में अविलंब अलाव की व्यवस्था कराने की मांग की है। युवा संघर्ष मोर्चा के संस्थापक दिलीप सिंह ने कहा कि युवा संघर्ष मोर्चा व मानव सेवा परिषद की ओर से जरूरतमंदों के बीच कंबल बांटे गए हैं। मानव सेवा परिषद ना सिर्फ कंबल वितरण कर रही, बल्कि गरीबों के बीच प्रत्येक शनिवार को भोजन वितरण भी कराती है। शीघ्र ही शहर एवं गांवों में जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल वितरण किया जाएगा। इस मौके पर उदय प्रताप सिंह, दिलीप सिंह, मानस प्रसून, श्रवण राय, नगेंद्र सिंह, रामानंद सिंह, मिथिलेश सिंह, सुमन झा, जीरखन सिंह, निर्भय सिन्हा, राजा तिवारी, परशुराम सिंह, रंजय सिंह, मनोज मालाकार आदि उपस्थित थे।

# अलग-अलग हादसों में दो की मौत

## दो अन्य की हालत गंभीर, वाहन छोड़ कर चालक फरार

आजाद सिपाही संवाददाता





हादसे के लिए जिम्मेदार कंटेनर और रेलवे ट्रैक पर पड़े वृद्ध के शव के पास खड़ी लोगों की भीड़।

झरिया/जोड़ापोखर/कतरास। धनबाद जिले के जोड़ापोखर और गोविंदपुर थाना क्षेत्रों में शनिवार को दो अलग-अलग हादसों में दो लोगों की मौत हो गयी। उनकी पहचान राज किशोर प्रसाद (63) और लक्ष्मण यादव (46) के रूप में हुई है। जबकि इसी हादसे में दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल भी हो गये। जानकारी के मुताबिक पहली घटना जोड़ापोखर थाना क्षेत्र के जोड़ापोखर एक नंबर रेलवे फाटक के पास घचित हुई। जहां आद्रा भागा सवारी गाड़ी (ट्रेन) की चपेट में आकर 65 वर्षीय राज किशोर प्रसाद की मौत हो गयी। पोल संख्या 322/जेबी 14 एवं 322/जेबी 14 के बीच उनका शव बरामद हुआ। इसकी सूचना पाकर आसपास के सैकड़ों लोग रेलवे ट्रैक पर पहुंच गये। बाद में जोड़ापोखर और जीआरपी पुलिस भी पहुंच गयी। पर दो घंटे बीत जाने के बाद भी किसी ने शव नहीं उठाया। स्थानीय लोगों ने बताया कि अपराह्न 3.15 बजे भागा स्टेशन से ट्रेन खुलने के बाद राज किशोर रेलवे फाटक के पास खड़े हो ट्रेन का इंतजार कर रहे थे। फाटक के पास कर्मी ने हटने के लिए भी बोल कहा। पर ज्यों ही भागा आद्रा सवारी गाड़ी पहुंची वृद्ध उसके सामने आ गया, जिससे मौके पर ही मौत हो गयी। वह आजद नगर का रहने वाला था। वहीं आद्रा भागा सवारी गाड़ी करीब 30 मिनट खड़ी रही। ट्रेन के ड्राइवर ने भागा जीआरपी को इसकी सूचना दी। जिसके बाद पुलिस हरकत में आई है। हादसे के दो घंटे बाद मृतक के पुत्र मुकेश प्रसाद ने शव की पहचान की। दूसरी ओर, गोविंदपुर थाना क्षेत्र के एनएच 19 जीटी रोड पर शनिवार की सुबह बाइक सवार लक्ष्मण साव अपनी मां पार्वती देवी और बहन चिंता देवी को लेकर कहां जा रहा था। अचानक अनियंत्रित होकर वहां से गुजर रही कंटेनर के नीचे आ गया। इस घटना में तीनों को गंभीर चोट आई। स्थानीय लोगों की मदद से तीनों को तुरंत धनबाद के एसएनएमएमसीएच ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने लक्ष्मण को मृत घोषित कर दिया। जबकि पार्वती व चिंता की हालत गंभीर बतायी जा रही है। तीनों कपुरिया ओपी क्षेत्र के बांसकपुरिया के रहने वाले हैं। उधर, घटना के बाद चालक कंटेनर को घटनास्थल पर ही छोड़कर भाग निकला। इधर, मृतक लक्ष्मण के भाई रामप्रसाद साव की लिखित शिकायत पर गोविंदपुर पुलिस ने कंटेनर चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गयी है। शिकायत में बताया कि लक्ष्मण बाइक पर मां और बहन को बिठा कर (पीलिया) का इलाज कराने गोविंदपुर जा रहा था। तभी गोविंदपुर में निर्मला अस्पताल के पास कट पार करने के क्रम में कंटेनर ने बाइक को अपनी चपेट में ले लिया।

# मानवीय उच्चता को स्थापित करने में हरदयाल बाबू की भूमिका अनुकरणीय: मुकेशकांत रजक



चंदनकियारी (आजाद सिपाही)। बौद्धिक और शैक्षणिक स्तर पर मानवीय उच्चता को स्थापित करने में हरदयाल बाबू की भूमिका हमेशा याद की जायेगी। उक्त बातें मुकेश कांत रजक ने कही। वे चंदनकियारी में आयोजित स्व हरदयाल शर्मा की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हरदयाल बाबू शिक्षा के प्रकाशपुंज थे। सत्यनिष्ठा और ईमानदार के प्रतिक थे। एक समतामूलक, विषमताविहिन सभ्य समाज बनाने में हरदयाल बाबू के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है। आज उनकी सोच एवं विचार को आत्मसात करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि हरदयाल बाबू के विचार और आदर्शों को अपनाना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उनके पदचिन्हों पर चलकर ही एक व्यापक समाजिक स्तर पर शैक्षणिक वातावरण का निर्माण किया जा सकता है। इससे पहले मुकेश कांत रजक ने चंदनकियारी बाईपास चौक स्थित स्व हरदयाल शर्मा की मूर्ति पर पुष्पांजलि देकर नमन किया।

# एसएसपी ने किया पौष पार्बन मेला का उद्घाटन



धनबाद (आजाद सिपाही)। लिंडसे क्लब एवं लाईब्रेरी प्रांगन में शुक्रवार से तीन दिवसीय पौष पार्बन मेला का अगाज हो चुका हे। रविवार तक आयोजित इस पौष मेला का शुभारंभ धनबाद के एसएसपी हृदीप पी जनार्दनन ने किया। जिसमें विशिष्ट अतिथि के रूप में एसएसएलएनटी महाविद्यालय के प्राचार्या सह डीन शिक्षा बीबीएमकेयू के डॉ शर्मिला राणी व लिंडसे क्लब एंड लाइब्रेरी के अध्यक्ष अमलेंदु सिन्हा, सचिव सलिल विश्वास, संस्कृतिक सचिव डॉक्टर देवयानी विश्वास आदि उपस्थित थे। मेले में आये धनबाद के आसपास के क्षेत्र से लोगों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का भरपूर आनंद लिया। जिसमें सदस्याओं ने बांग्ला गीत के बाद बच्चों ने नृत्य प्रस्तुत किया। मेले में बंगाल एवं धनबाद के अलग-अलग जगहों से तरह-तरह की मिठाई एवं फुड के लगभग 20 स्टॉल्स लगाये गये हैं। जिसमें पौषे हुल्लोर, पीठा घर, ऐपार बंगला, खाई खाई, सेनको, महुया बुटीक, माटीस फेशन, स्वादिष्ट बंगाली, तनिष्क, सर्फ साईट, स्पाशि वाइट खास है। प्रवक्ता ने बताया कि मेला 2019 से अब तक निरंतर चल रहा है। एसएसपी ने अपने भाषण में इस तरह का पारंपरिक मेला जारी रखने का आग्रह किया। मेले में शनिवार को बंगाल के बाउल और रविवार को बांग्ला बैंड का आयोजन होगा।

# झारखंड अभाविप के 25वें प्रदेश अधिवेशन का राज्यपाल करेंगे उद्घाटन

**भोजपुरी गायक-अभिनेता सह भाजपा सांसद मनोज तिवारी करेंगें अधिवेशन को संबोधित**

आजाद सिपाही संवाददाता

धनबाद। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) झारखंड का 25वां प्रदेश अधिवेशन 3, 4 व 5 जनवरी 2025 को धनबाद में आयोजित होने जा रहा है। इसका उद्घाटन राज्य के राज्यपाल संतोष गंगवार करेंगें। उक्त कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में भोजपुरी गायक-अभिनेता सह भाजपा सांसद मनोज तिवारी के अलावा विद्यार्थी परिषद की राष्ट्रीय मंत्री क्षमा शर्मा भी शामिल होंगीं। गौरतलब हो कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के तीन दिवसीय प्रदेश अधिवेशन में राज्य के प्रत्येक जिले एवं शैक्षणिक संस्थानों से 1000 छात्र-छात्राएं, शिक्षाविद एवं प्राध्यापक-कार्यकर्ता सहभागी होने धनबाद पहुंचेंगे। इस अधिवेशन के निमित्त गोविंदपुर में स्थित केके पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में एक अस्थायी नगर क्रांति सूर्य बिरसा मुंडा के नाम पर बसाया जाएगा। जहां पर उद्धघाटन समारोह के साथ ही संस्कृतिक कार्यक्रम, प्रस्ताव सत्र आदि कार्यक्रम आयोजित होंगें।

# झामुमो नेता के बड़े भाई का निधन

टुंडी (आजाद सिपाही)। झामुमो टुंडी प्रखंड उपाध्यक्ष तिलैयबेड़ा निवासी सुरेंद्र सोरेन के बड़े भाई साहेबराम टुडू के निधन की खबर पाकर विधायक मथुरा प्रसाद महतो के निजी सचिव बसंत महतो शनिवार उनके पैतृक निवास पहुंचे और परिजनों को दुःख की इस घड़ी में ढांढस बंधाया। मौके पर जिला परिषद प्रतिनिधि गुरूचरण बास्की, टुंडी उपमुखिया संतूलाल किस्कू और वीरू सिंह आदि उपस्थित थे।

# पलामू की खबरें


## स्वच्छ एवं अतिक्रमणमुक्त शहर के लिए सिविल सोसाइटी प्रशासन को करे सहयोग : दीपक



मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)। झामुमो के युवा नेता दीपक तिवारी ने पलामू के प्रमंडलीय मुख्यालय मेदिनीनगर को स्वच्छ, सुंदर, खूबसूरत व अतिक्रमणमुक्त बनाने की दिशा में सरकार एवं स्थानीय प्रशासन द्वारा किए जा रहे प्रयास की सराहना की। इस बेहतर कार्य को सफल बनाने में सिविल सोसाइटी को स्थानीय प्रशासन का सहयोग करने की अपील भी की है। कहा कि खूबसूरत शहर बनाने की दिशा में स्थानीय प्रशासन द्वारा किए जा रहे प्रयास सराहनीय हैं। शहर के व्यावसायिक वर्ग, बुद्धिजीवी, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों एवं सभी व्यक्तियों को आगे आकर प्रशासन का सहयोग करने की जरूरत है। यहां किसी तरह की राजनीति नहीं होनी चाहिए। बल्कि प्रशासन के ऐसे सकारात्मक सोच को आगे बढ़ाने में मदद करनी चाहिए। अच्छे कार्यों की सराहना हो। भोपाल, इंदौर व उज्जैन की तरह पलामू स्वच्छ व सुंदरता में अव्वल बने यह हम सभी पलामू वासियों की जिम्मेवारी बनती है। दीपक तिवारी ने कहा कि आबादी दिन प्रतिदिन बढ़ रही है। वाहनों की संख्या भी बढ़ी है। ऐसे में सड़कों पर भार अधिक बढ़ा है, जिससे जाम की समस्या बनी रहती है। गाड़ियां रेंगती है। बाजार क्षेत्र में पैदल आवाजाही करने वालों को भी जाम की समस्या से जूझना पड़ता है। ऐसे में शहर का विस्तार के साथ-साथ स्वच्छ एवं खूबसूरत शहर बनाने के दिशा में सकारात्मक प्रयास किये जा रहे हैं। इस प्रयास में सहयोगात्मक भूमिका निभाने की आवश्यकता है।

## खाद्य पदार्थ बेचने वाले दुकानों में छापामारी

आजाद सिपाही संवाददाता



मेदिनीनगर। खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी गुलाब लकड़ा ने शनिवार को शहर के पुलिस लाइन रोड स्थित विभिन्न खाद्य पदार्थ बेचने वाले दुकानों में छापामारी की। इस दौरान विभिन्न दुकानों में लोगों को परोसे जाने वाली खाद्य पदार्थों जैसे क्रीम रॉल, वेज पैटीज, पनीर पैटीज, समोसी आदि का नमून संग्रह किया। साथ ही कई दुकानों में एक्सपायरी तेल, चिप्स आदि की भी जांच की गयी। इस दौरान कई दुकानों पर लाइसेंस स्टॉल नहीं किया गया था। सभी को अपने-अपने प्रतिष्ठानों पर लाइसेंस की प्रति को लगाने का निर्देश दिया। वहीं, कुछ दूकानों पर डस्टबीन का कैप नहीं होने पर उन्हें कैप युक्त डस्टबीन का ही इस्तेमाल करने का निर्देश दिया गया। दुकानों के निरीक्षण के दौरान अधिकारी ने सभी दुकान संचालकों से भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण 2006 के सभी नियमों का पालन करने का निर्देश दिया है। वहीं, छापामारी को लेकर उन्होंने बताया कि खाद्य पदार्थ बेहद ही महत्वपूर्ण विषय है। खराब गुणवत्ता वाले खाद्य पदार्थ खाने से किसी भी व्यक्ति को कई तरह की समस्याओं से जूझना पड़ सकता है। उन्होंने बताया इसके पहले भी कई दुकानों का निरीक्षण किया जाता रहा है। आगे भी इस तरह की जांच की जाती रहेगी। खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने बताया कि आमजनों को खाद्य पदार्थ की गुणवत्ता से जुड़ी कोई शिकायत हो तो वे ब्राह्मण स्कूल के पीछे फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन बिल्डिंग स्थित फूड सेफ्टी कार्यालय में संपर्क कर शिकायत कर सकते हैं। इसके अलावे एमएमसीएच में अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी के कार्यालय में भी फूड सेफ्टी से जुड़ी शिकायत की जा सकती है। साथ ही सोशल मीडिया पर पीआरडी एवं पलामू डीसी के नाम से फेसबुक एवं एक्स पर भी शिकायत की जा सकती है।

## बाबा साहब पर गृहमंत्री अमित शाह की टिप्पणी निंदनीय: विश्वनाथ राम



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)। भारतीय संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर पर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की टिप्पणी काफी निंदनीय है। उक्त बातें शनिवार को पीपरा प्रखंड के झामुमो के प्रखंड उपाध्यक्ष विश्वनाथ राम ने कही। कहा कि डॉ भीमराव अंबेडकर पर टिप्पणी कर केंद्रीय गृह मंत्री ने देश के दलितों पिछड़ों को आहत किया है। इससे देश में सौहार्द बिगड़ सकती है। उन्होंने अमित शाह से देश से मांफी मांगने की मांग की है।**

## परीक्षा का मुख्य उद्देश्य भारतीय संस्कृति के प्रति जागरूकता है : कुशजी पांडेय



हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। जपला सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में शनिवार को अखिल भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा-2024-25 का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य भारतीय संस्कृति और परंपराओं के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। यह परीक्षा विद्या भारती संस्कृति शिक्षा संस्थान कुरुक्षेत्र की ओर से प्रतिवर्ष कक्षा तृतीय से 10वीं तक के विद्यार्थियों के लिए आयोजित की जाती है। जिसमें शामिल होने वाले विद्यालय के विद्यार्थियों की कुल संख्या 585 थी। प्रधानाचार्य कुशजी पांडेय ने परीक्षा के संबंध में बताया कि संस्कृति ज्ञान परीक्षा अपने विद्यालय में प्रतिवर्ष आयोजित तो होती ही है अपने नगर के अन्य विद्यालयों को भी इस परीक्षा से जोड़ने का लक्ष्य है। इसी लक्ष्य की प्राप्ति के लिए इसी महीने 26 दिसंबर को आयोजित परीक्षा में अपने विद्यालय के आचार्य-दीदियों के साथ ही नगर के अन्य विद्यालयों के छात्र-छात्राएं एवं अभिभावक भी शामिल होंगे। बताया कि भारत की धर्म कला साहित्य संस्कृति भारतीय इतिहास की महत्वपूर्ण घटनाएं महान पुरुष विभूतियां क्रांतिकारियों की जीवनी आदि को हर कक्षा के बच्चों के बौद्धिक क्षमता के अनुसार प्रश्न पत्र बनाकर परीक्षा आयोजित की जाती है। परीक्षा में सफल सभी परीक्षार्थियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किया जाएगा। इस परीक्षा के सफल संचालन में संस्कृति बोध परियोजना प्रमुख संजय सिन्हा, परीक्षा सह प्रमुख दीपक पांडेय, पर्यवेक्षक मृत्युंजय प्रसाद, अभिषेक पाठक, नीतिश मिश्रा, राजेश्वर सिंह यादव, रणजीत मिश्रा, छाया कुमारी, आरती कुमारी, सुनील गुप्ता, चंदन कांस्यकार, जयप्रकाश चौधरी आदि का योगदान सराहनीय रहा।

## समृद्धि की पाठशाला में बच्चों के बीच खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)। मिशन समृद्धि संस्था की ओर से संचालित समृद्धि की पाठशाला के कचरवा शाखा में खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित कर बच्चों का मनोबल को बढ़ाया। मेदिनीनगर के बहुत ही प्रतिष्ठित व्यक्ति ने इस संस्था के परिश्रम को देखते हुए पाठशाला के बच्चों के लिए उसके अच्छे नागरिक बनाने को अपना योगदान दिया है। पाठशाला की गतिविधियों को उनके सहयोग की बदौलत 2025 से बहुत कुछ निर्धारित किया जाएगा। वहीं, बच्चे इस प्रतियोगिता में भाग लेकर काफी खुश नजर आए। दौड़ रेस रस्सी कूद सूई धागा रेस ऊंची कूद और भी मनोरंजक ढंग से उनके बीच बहुत तरह के और भी खेल खेलाया गया। सभी बच्चे पहली बार इस तरह के प्रतियोगिता में भाग लिये।

## प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम के तहत लगा शिविर



विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)। विश्रामपुर प्रखंड के सिगासिगी व बाघमनवा पंचायत सचिवालय में प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम के तहत शनिवार को शिविर लगाया गया। बघमनवा में आयोजित शिविर का उद्घाटन मुखिया मंजू देवी व नोडल पदाधिकारी धनंजय कुमार ने किया। वहीं सिगसिगी में मुखिया किरण देवी, राजस्व कर्मचारी अरविंद मिश्रा व पंचयत सचिव मंजर अंसारी ने संयुक्त रूप से दिप प्रज्वलित कर किया। शिविर में वृद्धा पेंशन, अबुआ आवास, सिंचाई योजनाओं, मंईयां सम्मान योजना, प्रमाण पत्र संबंधित, जमीन संबंधित कई आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें ज्यादा आवेदन मंइयां सम्मान योजना के थे। वहीं, कई मामलों का मौके पर ही निष्पादन कर दिया गया। इसके अलावा अधिकारियों ने लोगों को सरकारी योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी। इस मौके पर पंचायत सचिव प्रदीप कुमार, रोजगार सेवक अरुण सिंह, वार्ड सदस्य गीता देवी, समाजसेवी मनीष कुमार, पिंटू चौधरी, राजेंद्र यादव, अजय यादव, रेखा कुमारी, बसंती देवी, संतोष कुमार और अजय कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

**कार्यालय-जिला पशुपालन पदाधिकारी, लोहरदगा**
वीर बुद्धू भवन, समाहरणालय परिसर, लोहरदगा
E-mail Id-lohardagadaho@gmail.com

**-: आम सूचना :-**


लोहरदगा जिलान्तर्गत सभी आमजनों को सूचित किया जाता है कि भारत सरकार पशुपालन एवं डेयरी विभाग के पत्राचार संख्या–T-11014/1/2022-AHS_DADF दिनांक– 17.10.2024 एवं पशुपालन निदेशालय, झारखण्ड, राँची के पत्रांक– 1624 नि0 दिनांक– 19.12.2024 के निदेशानुसार सम्पूर्ण झारखण्ड राज्य सहित जिला–लोहरदगा में दिनांक– 20.12.2024 से भारत सरकार के दिये गये निदेशों के आलोक में चिन्हित एवं प्रशिक्षित प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों द्वारा सभी प्रखण्डों एवं नगर परिषद क्षेत्र (सभी शहरी वार्ड) में 21वीं पशुधन गणना 2024 का कार्य प्रारम्भ किया जा रहा है।

अतः आप सभी आमजनों से अनुरोध है कि इस कार्य हेतु आपके घर–घर पहुँचने वाले प्रगणकों और पर्यवेक्षकों के द्वारा माँगे गए पशुधन गणना से संबंधित जानकारियों को साझा किया जाय। स्थानीय जन प्रतिनिधियों से आग्रह किया जाता है कि 21वीं पशुधन गणना 2024 में आवश्यक सहयोग करना चाहेंगे, ताकि इसे निदेशानुसार ससमय पूर्ण कराया जा सके।

निवेदक
(डा0 रमेश उराँव)
जिला पशुपालन पदाधिकारी, लोहरदगा

PR 342560 Lohardaga (24-25)_D

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 22 दिसंबर, 2024
www.azadsipahi.in
12




# ओड़िशा में बेमौसम बारिश से किसानों को भारी नुकसान

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** ओड़िशा में बेमौसम बारिश से किसानों को भारी नुकसान हुआ है। कम दबाव वाली बारिश ने पके हुए धान को नुकसान पहुंचाया है। कुछ जगहों पर पके हुए धान की कटाई कर उसे इकट्ठा करने के लिए खेतों में रख दिया गया था, जबकि अन्य जगहों पर लगातार बारिश के कारण खलिहान प्रभावित होने से धान भीग गया है। बारिश के कारण खेतों में पानी भर गया है। दो दिनों से लगातार हो रही बारिश से किसानों की चिंताएं बढ़ गयी हैं। ओड़िशा में बेमौसम बारिश से सब्जी की फसलों पर भी खतरा मंडरा रहा है। कालाहांडी से लेकर कोरापुट तक, जगतसिंहपुर से लेकर रायगड़ा तक, हालात एक जैसे हैं। रायगड़ा जिले में बेमौसम बारिश ने किसानों को अच्छी उपज से वंचित कर दिया है। लगातार बारिश के कारण खेतों में कटकर रखे गये धान को लेकर किसान चिंतित हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक इस साल रायगड़ा जिले में 41 हजार हेक्टेयर कृषि भूमि पर धान की खेती की गई है। हालांकि रायगड़ा जिले में 17 दिसंबर से मंडी खुल गई है, लेकिन मिल मालिक धान नहीं खरीद रहे हैं। लगातार हो रही बारिश किसानों के लिए चिंता का विषय बन गयी है, क्योंकि धान की कटाई का मौसम आ गया है। वहीं, जिन किसानों ने धान की कुछ फसल काट ली है,



वे फसल को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने में जुटे हैं। मौसम विभाग ने ओडिशा में और बारिश की भविष्यवाणी की है, जिससे किसान चिंतित हैं। आइएमडी के क्षेत्रीय केंद्र के अनुसार ओडिशा में अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। तेज हवा के साथ बारिश के कारण तापमान में गिरावट आ रही है। नतीजतन, ओडिशा में सर्दी का एहसास हो रहा है। भुवनेश्वर और कटक के साथ-साथ ओड़िशा के कई अन्य स्थानों पर लगातार बारिश हो रही है। ओडिशा में लगातार हो रही बारिश के कारण वाहनों की आवाजाही बाधित हुई है। बारिश के कारण दिन के तापमान में गिरावट दर्ज की गयी। भुवनेश्वर में तापमान 8.5 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया है।

## आज भी होगी बारिश, येलो वार्निंग अलर्ट

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। ओड़िशा में भारी बारिश रविवार तक जारी रहने की संभावना है। बारिश के कारण सर्दी बढ़ गयी है। नतीजतन सामान्य जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। बंगाल की खाड़ी में दबाव का क्षेत्र बना हुआ है। भुवनेश्वर क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र ने जानकारी दी है कि अगले रविवार तक बारिश जारी रहेगी। पिछले 24 घंटों में खुर्दा में सबसे अधिक बारिश दर्ज की गयी है। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार सबसे अधिक 75 मिमी बारिश दर्ज की गयी है। इसी तरह जगतसिंहपुर में 61.2 मिमी बारिश दर्ज की गयी, जबकि पारादीप में 61.1 मिमी, गोपालपुर में 58.6, कटक में 33.4, भुवनेश्वर में 51.6, पुरी में 40.5, परलाखेमुंडी में 53, छत्रपुर में 51.8 और भुवनेश्वर में 51.6 मिमी बारिश हुई। सबसे कम 1.6 मिमी बारिश सोनपुर में दर्ज की गई है। आंध्र प्रदेश के तट पर तूफान का असर शुरू हो गया है, जिसके चलते ओड़िशा में भारी बारिश की आशंका है। 5 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से आगे बढ़ रहा है। आनेवाले 24 घंटों में यह उत्तर-पूर्वी दिशा की ओर बढ़ेगा।**

**चार जिलों के लिए येलो वार्निंग अलर्ट : मौसम विभाग ने ओड़िशा के चार जिलों के लिए येलो वार्निंग अलर्ट जारी किया है। ओड़िशा के गजपति, गंजम, जगतसिंहपुर और केंद्रपाड़ा जिलों में भारी से भारी बारिश होने की संभावना है। तटीय ओड़िशा के अधिकांश स्थानों और मध्य ओड़िशा के कई स्थानों पर बारिश होने की संभावना है।**

## कंधमाल : यात्री बस में लगी आग

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** ओड़िशा के कंधमाल जिले में शनिवार एक यात्री बस में आग लग गयी। घटना बालीगुडा पुलिस स्टेशन के पास हुई। बस में उस समय आग लग गयी, जब वह खड़ी थी। कोटगढ़ से दारिंगबाड़ी जा रही बस का पिछले तीन महीने से काफी इस्तेमाल हो रहा था। बालीगुडा पुलिस स्टेशन के पास सड़क पर कृष्णा नाम की एक निजी बस खड़ी थी। इसी दौरान अचानक बस में आग लग गयी। इसकी सूचना तुरंत फायर ब्रिगेड को दी गयी। इस मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया। वाहन के मालिक तुकुना डाकुआ ने बताया कि बस कोटगढ़ से दरिंगबाड़ी जा रही थी।

मेगा महिला स्वास्थ्य कैंप और दृष्टि सुरक्षा अभियान का सफल आयोजन

# सबसे ज्यादा आंखों की बीमारियों से ग्रसित 313 मरीज कैंप में आये



मोतियाबिंद से ग्रसित बच्चे को देखतीं और सर्वाइकल इरोजन की मरीज का क्रायो उपचार करतीं डॉ भारती कश्यप और उनकी टीम।

**गर्भाशय ग्रीवा के क्षरण से ग्रसित 11 मरीज और सर्वाइकल प्री कैंसर से ग्रसित दो मरीजों का क्रायो उपचार करके नया जीवन दिया गया**

**8 छोटे बच्चों में जन्मजात मोतियाबिंद मिला 150 बुजुर्गों में भी मोतियाबिंद मिला**

**मेगा स्वास्थ्य अभियान से 2043 मरीज लाभान्वित हुए**

आजाद सिपाही संवाददाता

**टोंटो, वेस्ट सिंहभूम।** वीमेन डॉक्टर्स विंग आइएमए झारखंड एवं फोरेस्ट डिपार्टमेंट, चाईबासा वन प्रमंडल के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, टोंटो में सुबह 9 बजे से मेगा महिला स्वास्थ्य कैंप और दृष्टि सुरक्षा अभियान का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर के आयोजन में स्वास्थ्य विभाग और जिला प्रशासन, पश्चिमी सिंहभूम का विशेष योगदान रहा है। इस शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि उपयुक्त कुलदीप चौधरी द्वारा किया गया। इस समारोह में सिविल सर्जन चाईबासा डॉ सुशांतो मांझी और डीएफओ पोड़ाहाट वन प्रमंडल, डीडीसी, एसडीएम चक्रधरपुर उपस्थित थे। कोल्हान के दूर दराज के नक्सल प्रभावित इलाकों में पीवीटीजी (पार्टिकुलर वुलनरेबल ट्राइबल ग्रुप) पर केंद्रित आई कैंप और मेगा स्वास्थ्य मेगा महिला स्वास्थ्य अभियान कैंप लगाये जा रहे हैं। 1 जुलाई को गुआ में लगाया गया। 15 जुलाई को गोइलकेरा में लगाया गया और अब 21 दिसंबर को टोनटो में लगाया गया है। 4 जनवरी को पाकुड़ में और 5 जनवरी को साहिबगंज में लगाया जायेगा।

चाईबासा उपायुक्त कुलदीप चौधरी ने कहा कि 1 साल में वूमेन डॉक्टर स्विमिंग इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के साथ हम लोगों ने पश्चिमी सिंधु के तीनों अनुमंडल में तीन का लगाये हैं और इसका फायदा यहां के स्थानीय लोगों को मिला है।

सिविल सर्जन डॉक्टर सुशांतो माझी ने कहा कि गर्भाशय की ग्रीवा की सूजन के मरीज गांव में बहुत ज्यादा है और छोटे बच्चों में मोतियाबिंद और कई और तरह की दृष्टिहीनता भी है। इनको जागरूक करना बहुत जरूरी है।

डीडीसी संदीप मीणा ने कहा कि 1 साल में तीन कैंपों री इस इलाके के पीवीटीजी और पिछले तबक के स्थानीय लोगों को काफी फायदा हुआ है।

वीमेन डॉक्टर विंग झारखंड की अध्यक्ष डॉ भारती कश्यप ने बताया कि 33 वर्षों से 1991 से मेडिकल ग्रेजुएशन के तुरंत बाद से झारखंड में दृष्टि सुरक्षा अभियान चला रही हूं और 2014 से मेगा महिला स्वास्थ्य सुरक्षा अभियान भी झारखंड के दूर-दराज के इलाकों में चला रही हूं। खास करके कोल्हान, संथाल परगना, पलामू के सुदूरवर्ती इलाकों के स्थानीय लोग जो स्वास्थ्य सुविधा के क्षेत्र में उपेक्षित रहे हैं। ऐसे स्थानीय लोग, पार्टिकुलर वुलनरेबल ट्राइबल ग्रुप, महिलाओं एवं दृष्टि खो रहे बच्चों तक पहुंचना हमारी प्राथमिकता है।

डॉ भारती कश्यप ने बताया कि छोटे-छोटे बच्चे, जिनकी आंखों की मोतियाबिंद और कॉर्निया की बीमारियों की वजह से स्कूल की पढ़ाई छूट गयी है। इसी श्रृंखला में हमने आज गुआ और गोइलकेरा के बाद टोंटो में कैंप लगाया है।

## 5000 रुपये रिश्वत लेते जीएम गिरफ्तार

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। शनिवार को सुबरनपुर के जिला उद्योग केंद्र (डीआइसी) के महाप्रबंधक (जीएम) पर ओड़िशा सतर्कता विभाग ने छापा मारा है। जीएम की पहचान बिपिन कुमार देहुरी, ओआइएस-आइ के रूप में हुई है। सुबरनपुर में जिला उद्योग केंद्र (डीआइसी) के उक्त महाप्रबंधक (जीएम) को ओडिशा सतर्कता विभाग ने एक शिकायतकर्ता से ऋण आवेदन को संसाधित करने और स्वीकृत करने के लिए 5000 रुपये की रिश्वत मांगते और लेते हुए गिरफ्तार किया है। प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमइजीपी) के तहत उनके पक्ष में ऋण स्वीकृत किया गया था। आरोपी देहुरी के कब्जे से रिश्वत की पूरी रकम बरामद कर ली गई है। सफल ट्रैप के बाद, डीए एंगल से देहुरी के तीन स्थानों पर एक साथ तलाशी चल रही है। इस संबंध में, संबलपुर सतर्कता पीएस केस संख्या 32 दिनांक 20.12.2024 यू/एस 7 पीसी (संशोधन) अधिनियम, 2018 पंजीकृत किया गया है।**

# टीपीडब्ल्यूओडीएल ने ऊर्जा मेला का आयोजन किया

- **संबलपुर के 25 स्कूलों से 300 से अधिक छात्रों ने भाग लिया**


आजाद सिपाही संवाददाता



**बुर्ला।** टाटा पावर और ओड़िशा सरकार के संयुक्त उद्यम टीपी वेस्टर्न ओडिशा डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड (टीपीडब्ल्यूओडीएल) ने अपनी प्रमुख सीएसआर पहल क्लब एनर्जी के तहत ऊर्जा मेला 2024 का आयोजन किया। गुरु नानक पब्लिक स्कूल, संबलपुर में आयोजित कार्यक्रम में संबलपुर के 25 स्कूलों के 300 से अधिक छात्रों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। इस वार्षिक कार्यक्रम ने छात्रों और शिक्षकों को अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन करके स्थिरता और हरित नवाचार को बढ़ावा देने और ऊर्जा संरक्षण के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए एक साथ लाया। मेला का उद्घाटन डॉ एसएन, नंदा, क्षेत्रीय निदेशक, ओड़िशा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने किया। इस कार्यक्रम में ऊर्जा संरक्षण, प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन, जलवायु परिवर्तन जैसी विविध गतिविधियां शामिल थीं। इस कार्यक्रम में छात्रों ने विज्ञान प्रदर्शनी, क्विज, ड्राइंग, बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताओं के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

छात्रों के प्रदर्शन ने स्थिरता की संस्कृति को बढ़ावा दिया। आकर्षण का केंद्र बुर्ला के ब्लाइंड स्कूल के छात्रों की भागीदारी थी, जिन्होंने ऊर्जा संरक्षण पर एक शक्तिशाली नाटक प्रस्तुत किया। उन्हें और समर्थन देने के लिए, कंपनी ने उनकी अविश्वसनीय प्रतिभा और लचीलेपन का जश्न मनाते हुए नेत्रहीनों के लिए डिजाइन की गयी ब्रेल स्लेट, ऑडियो डिवाइस, लूडो टेबल और अन्य आवश्यक सहायताएं वितरित कीं। क्लब एनर्जी, टाटा पावर की एक प्रमुख सीएसआर पहल, स्थायी ऊर्जा संरक्षण पर जोर देते हुए छात्रों के बीच संसाधन संरक्षण क्लबों और जलवायु-लचीला जागरूकता को सक्रिय रूप से बढ़ावा देती है। ऊर्जा साथी स्वयंसेवकों के माध्यम से नियमित स्कूल सत्र ऊर्जा संरक्षण, प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन, जलवायु कार्यों और सतत विकास लक्ष्यों जैसे विषयों पर चर्चा करते हैं। ऊर्जा मेला, जो छात्रों को ऊर्जा संरक्षण के महत्व के बारे में बताने के लिए बनाया गया है। एक सराहनीय अवधारणा के रूप में कार्य करता है। जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए एक मंच के रूप में कार्य करते हुए यह कार्यक्रम जिम्मेदार ऊर्जा उपयोग प्रथाओं में मूल्यवान अंतर्दृष्टि प्रदान करता है, जो एक स्थायी भविष्य के लिए ऊर्जा संसाधनों के संरक्षण के महत्व पर जोर देता है। क्लब एनर्जी कार्यक्रम के तहत, टीपीडब्ल्यूओडीएल युवा पीढ़ी को स्थिरता पर शिक्षित और प्रबुद्ध करने के लिए पश्चिमी ओड़िशा के 9 जिलों में फैले 225 स्कूलों के 25,000 छात्रों तक पहुंच रहा है।




देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in







# जरूरतमंदों की सेवा सबसे बड़ा मानव धर्म : आलोक मजूमदार

- **समाजसेवियों ने स्लम एरिया के बच्चों के बीच बांटे कंबल और पठन-पाठन सामग्री**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** शहर के सामाजिक कार्यकर्ता तुषार कांति शीट ने विभिन्न सामाजिक संगठनों से जुड़े समाजसेवियों के सहयोग से हरमू हाउसिंग कॉलोनी (एचआइ/1-100) स्थित कल्याण और विकास समिति के प्रांगण में शनिवार को स्लम एरिया के स्कूली बच्चों के बीच कंबल व पठन-पाठन सामग्री का वितरण किया। इस अवसर पर समाजसेवी आलोक मजूमदार ने कहा कि गरीबों व जरूरतमंदों की सेवा से सुखद अनुभूति होती है। पीड़ित मानवता की सेवा सबसे बड़ा मानव धर्म है। उन्होंने अन्य सामाजिक संगठनों और समाजसेवियों से गरीबों के सेवा के प्रति आगे आने के अपील की। इस मौके पर गोपा बागची, तनय शीट, आनंद रंजन घोष, राजीव रंजन, श्रावंती घोष, सोहिनी मजुमदार, ललन कुमार मिश्र, नेहा कुमारी सहित अन्य मौजूद थे।

## आयरलैंड निवासी सुसि रोजैक का भी रहा सहयोग



**समाजसेवा के कार्यों में बढ़-चढ़ कर सहभागिता निभाने वाली राजधानी रांची की समाजसेवी सोहिनी मजुमदार की आयरलैंड निवासी मित्र सुसि रोजैक भी पीड़ित मानवता की सेवा में समर्पित रहती हैं। सुश्री मजुमदार ने बताया कि श्रीमती रोजैक आयरलैंड से पीड़ित मानवता की सेवा में सहयोग करती हैं। विदेश में रहकर भी भारत के प्रति उनके स्नेह और सहयोग के लिए समाजसेवियों ने उनका आभार व्यक्त किया।**







आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**